सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 21.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-194 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 05 जनवरी 2025
04 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



### 'मिशन मिल्कीपुर' में जुटे मुख्यमंत्री योगी ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

# जीत के लिए संपर्क व संवाद ही सबसे बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य : सीएम योगी

- **अपने-अपने बूथ पर भाजपा की जीत को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करें कार्यकर्ता: मुख्यमंत्री**

**लखनऊ।** 'मिशन मिल्कीपुर' की कमान संभाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं संग बैठक की।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया और कहा कि बूथ पर भाजपा को अधिक से अधिक वोट मिले, इसे लेकर कार्यकर्ताओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्यकर्ता अपना बूथ, ग्राम सभा व मंडल सर्वाधिक मतों से जिताने को लेकर आपस में प्रतिस्पर्धा करें। जीत के लिए संपर्क व संवाद ही सबसे बेहतर रास्ता है। इसके जरिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखें। भारतीय जनता पार्टी विकास की प्रतीक है। हमने अयोध्या को विकास का प्रतीक बनाया है। हम विकास और सनातन के प्रतीक राम को मानते हैं, जबकि सपा विध्वंस के प्रतीक बाबर को मानती है। समाजवादी पार्टी ने अयोध्या के विकास को रोका, राम भक्तों पर गोलियां चलवाई और प्रदेश को दंगे की आग में भी झोंका। समाजवादी पार्टी आज भी आतंकियों, दुराचारियों, अपराधियों के साथ खड़ी रहती है, जबकि भाजपा निरंतर देश-प्रदेश को विकास की ओर ले जा रही है। बिना भेदभाव सिर्फ पात्रता के आधार पर आवास, शौचालय, निशुल्क गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। प्रदेश को अराजकता तथा माफिया राज से मुक्त कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच में जाएं और विकास के बलबूते वोट की अपील करें। योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई भी की। उन्होंने कहा कि जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो दुनिया ने अयोध्यावासियों को सिर आंखों पर बिठाया। उन्होंने कहा कि कुंदरकी में 65 प्रतिशत मुस्लिम आबादी के बाद भी विकास के नाम पर भारतीय जनता पार्टी ने रिकार्ड मतों से उपचुनाव में जीत हासिल की। कार्यकर्ताओं की बदौलत ही उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में 9 में से 7 सीट जीतने में हमनें सफलता हासिल की।

# सेना का वाहन खाई में गिरा, चार जवान शहीद

- **छह घायल सैनिकों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया**



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सेना के एक वाहन के खाई में गिरने से 4 सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और 2 घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर जिले में एसके पायन के पास सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि छह घायल सैनिकों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से तीन को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, दो घायल सैनिकों को बेहतर उपचार के लिए श्रीनगर ले जाया गया है। सेना ने चार सैनिकों की मौत की पुष्टि की और कहा कि मौसम खराब होने और खराब दृश्यता के कारण वाहन फिसलकर खाई में गिर गया। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि घायल सैनिकों को कश्मीर के स्थानीय लोगों की सहायता से चिकित्सा देखभाल के लिए तुरंत निकाला गया, जिसके लिए उन्होंने तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुखद है कि दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में चार बहादुरों की जान चली गई। भारतीय सेना शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती है। गौरतलब है कि पिछले दो हफ्तों में जम्मू-कश्मीर में यह दूसरी दुखद दुर्घटना है, जिसमें सेना के जवान हताहत हुए हैं।

## न्यूज डायरी

### दरभंगा से 14 फ्लाइट कैंसिल

**दरभंगा।** शीतलहर में कोहरे का कहर जारी हो चुका है, जिस कारण विजिबिलिटी एकदम कम हो गया है, जिसका सीधा असर विमानों सेवाओं पर दिखने लगा है। बता दें कि ऐसे हालात में दरभंगा एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों को शनिवार के दिन काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दें कि दरभंगा से उड़ान भरने वाली स्पाइसजेट और इंडिगो की सभी 14 आने-जाने वाले विमानों को रद्द कर दिया गया है। ऐसे में दरभंगा एयरपोर्ट से आज के दिन यात्रा करने आए यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, जिस कारण यात्रियों ने काफी हंगामा किया है। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने उन्हें कम विजिलिटी होने का कारण बताकर विमानों को कैंसिल कर दिए जाने की बात कही है।




### पीएम मोदी के अजमेर दरगाह पर चादर भेजने से कोई फायदा नहीं: ओवैसी

**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अजमेर दरगाह पर चादर भेजे जाने से कोई फायदा नहीं है और सरकार को मौजूदा मस्जिदों या दरगाहों को लेकर अदालतों में दायर किए जा रहे दावों को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि चादर भेजने के पीछे संदेश यह है कि सरकार मस्जिदों में आस्था रखने वालों की फिक्र करती है, लेकिन भाजपा और संघ परिवार के लोग यह कहते हुए अदालतों में जा रहे हैं कि ख्वाजा अजमेर की दरगाह कोई दरगाह नहीं है, जैसा कि उनका कुछ मस्जिदों के मामले में तर्क है। ओवैसी ने कहा कि सरकार का असली काम ऐसे दावों को खत्म करना है। अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरण रीजीजू ने शनिवार को सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 'उर्स' पर अजमेर दरगाह पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भेजी गई चादर चढ़ाई। मोदी द्वारा 'चादर' भेजे जाने के बारे में पूछे जाने पर ओवैसी ने कहा कि भाजपा और संघ परिवार से जुड़े लोग इस दावे के साथ देश में कई स्थानों पर खुदाई की मांग करते हुए अदालतों का रुख कर रहे हैं कि मौजूदा मस्जिद या दरगाह कोई मस्जिद या दरगाह नहीं हैं।



# बंगलूरू की अदालत से पत्नी निकिता सास निशा सिंघानिया को जमानत





**बंगलूरू।** बीते साल 2024 का सबसे चर्चित आत्महत्या केस अतुल सुभाष मामले में बंगलूरू कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। दरअसल, बंगलूरू सिटी सिविल कोर्ट ने आरोपी सिंघानिया परिवार की याचिका स्वीकार करते हुए अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया और पत्नी के भाई अनुराग सिंघानिया को जमानत दे दी है। इससे पहले 20 दिसंबर 2024 को भी तीनों ने जमानत के लिए याचिका दायर की थी। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले अतुल सुभाष और यूपी के जौनपुर जिले की निवासी निकिता सिंघानिया की शादी साल 2019 में हुई थी। जिसके कुछ दिन बाद से ही दोनों के बीच कई मामलों लेकर अनबन थी। इसके बाद से दोनों ने तलाक के किए कोर्ट कचहरी के चक्कर भी लगाए थे। अतुल सुभाष ने फैमिली कोर्ट की जज रीता कौशिक और ससुरालीजनों की तरफ से बड़े पैमाने पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए नौ दिसंबर 2024 को आत्महत्या कर ली थी।

# नमो भारत ट्रेन का तोहफा देंगे मोदी

### दिल्ली में पीएम मोदी 12,200 करोड़ रुपये की योजनाओं का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल रविवार को साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक के लिए नमो भारत ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। वर्तमान में साहिबाबाद और मेरठ साउथ के बीच 9 स्टेशनों के साथ कॉरिडोर का 42 किलोमीटर लंबा हिस्सा परिचालित है। इस उद्घाटन के साथ, नमो भारत कॉरिडोर का परिचालित खंड 55 किलोमीटर तक विस्तारित हो जाएगा, जिसमें कुल 11 स्टेशन होंगे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को एनसीआर के प्रमुख शहरों से जोड़ने के लिए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



ऐसे में आरआरटीएस को दिल्ली के चारों और के शहरों से जोड़ा जाएगा। इससे न केवल लोगों के समय की बचत होगी बल्कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में भी राहत मिलेगी। एनसीआर से दिल्ली में रोजाना आवाजाही करने वाले लोगों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं होगा। मौजूदा समय में आरआरटीएस के फेज-1 में तीन कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। जिसमें से दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। शेष दो अन्य दिल्ली-अलवर और दिल्ली पानीपत कॉरिडोर पर भी जल्द काम शुरू होगा। वहीं फेज-दो में पांच कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। इस तरह से आरआरटीएस के आठ कॉरिडोर के तैयार हो जाने से दिल्ली-एनसीआर में मास ट्रांजिट सिस्टम दुनिया के अन्य शहरों से भी बड़ा हो जाएगा। दिल्ली के चारों ओर 100 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी प्रमुख शहर आरआरटीएस से जुड़ेंगे। दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर 82.15 किलोमीटर लंबा है। दिल्ली के हिस्से में 14 किलोमीटर तो यूपी के हिस्से में करीब 68 किलोमीटर है। फेज-1 में प्रस्तावित दो अन्य कॉरिडोर दिल्ली से पानीपत कॉरिडोर की लंबाई 103.02 किमी जबकि वहीं, राजस्थान के अलवर और सराय काले खां के बीच के कॉरिडोर की लंबाई 106 किमी है। दिल्ली से पानीपत और अलवर के कॉरिडोर के निर्माण हो जाने के बाद दिल्ली-एनसीआर में आरआरटीएस की सभी कॉरिडोर की कुल लंबाई 291 किमी से अधिक होगी। बताया जा रहा है कि इन दोनों कॉरिडोर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी तैयार की जा चुकी है। केंद्र सरकार की हरी झंडी के बाद इस पर काम शुरू किया जाएगा।

# केजरीवाल का ऐलान : सत्ता में लौटी आप तो माफ कर दिये जायेंगे पानी के बिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इन्हीं तैयारियों के बीच अरविंद केजरीवाल ने बड़ी घोषणा कर दी है, उन्होंने कहा कि लोगों को बढ़े हुये और गलत आये पानी के बिल के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि आम आदमी पार्टी की एक बार फिर सरकार बनती है तो दिल्लीवासियों के पानी का बिल माफ कर दिया जायेगा। जिस पर दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने तीखा हमला बोला है।



वीरेंद्र सचदेवा ने अपने बयान में कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर झूठ बोला है, वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में पानी की स्थिति बहुत खराब है। यहां पर पानी आता नहीं यदि आ गया तो गंदा पानी ही मिलेगा। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली में सरकार अरविंद केजरीवाल की, जल बोर्ड भी उनका ही है। ऐसे में दूसरी बार सरकार बनने का इंतजार क्यों, आज ही बिल माफ कर दें। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड उन विभागों में शामिल हैं, जो पूरी तरह 'आप' सरकार के अधीन है, फिर गलत बिलों को आज ठीक करने में क्या दिक्कत है, गलत बिल उनके जलबोर्ड ने भेजे हैं, इसे वह स्वीकार करें। उन्होंने कहा कि केजरीवाल छलावा बंद करें, जल बोर्ड को गलत बिल माफ नहीं करने, बल्कि ठीक करने हैं, इसे वह आज और अभी करें। जिससे आम लोगों को फायदा हो, उन्हें इंतजार क्यों करना पड़े। अभी तो चुनाव आचार संहिता भी लागू नहीं हुई है। गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब मैं जेल गया तो इन लोगों (भाजपा वालों) ने पीछे से कुछ तो गड़बड़ की है कि लोगों के हजारों रुपये पानी के बिल आने लगे। दिल्ली के लोग दुखी हों, ये हम स्वीकार नहीं कर सकते।

### केजरीवाल के खिलाफ लड़ेंगे प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के चुनाव के लिए 29 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की, जिसमें नयी दिल्ली सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी ने कालकाजी से एक और पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को उम्मीदवार बनाया है, जहां मुख्यमंत्री और आप की उम्मीदवार आतिशी मैदान में हैं। पार्टी ने अपने राष्ट्रीय पदाधिकारियों- दुष्यंत कुमार गौतम और आशीष सूद को क्रमशः करोल बाग और जनकपुरी से, अरविंदर सिंह लवली को गांधी नगर से और आप के पूर्व नेता कैलाश गहलोत को बिजवासन से टिकट दिया है।

# अब दिखा ठंड का प्रचंड रूप

- **ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन**
- **आज घने कोहरे का यलो अलर्ट, फिर बरसेंगे बदरा**

**नई दिल्ली।** राजधानी में पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाओं ने ठंड के साथ घने कोहरे का प्रकोप बढ़ा दिया है। शनिवार को दोपहर में धूप खिलने के बाद भी कोहरे से राहत नहीं मिली। लेकिन, धूप ने कोहरे की हल्की परत को हटा दिया। ऐसे में सुबह नौ बजे तक अलग-अलग इलाकों में दृश्यता शून्य दर्ज की गई। मौसम विभाग की माने तो पालम एयरपोर्ट में नौ घंटे तक दृश्यता शून्य रही। ऐसे में यह इस सीजन का सबसे घना कोहरा रहा। सफदरजंग में सुबह नौ बजे के करीब दृश्यता 100 मीटर दर्ज की गई। जबकि, पालम केंद्र में इस दौरान दृश्यता 50 मीटर दर्ज की गई। इससे वाहन चालकों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि रविवार को घने से घना कोहरा छाया रहेगा। कुछ स्थानों पर सुबह स्मॉग, हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा व धुंध रहने की संभावना है। शाम व रात में स्मॉग-धुंध का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में नया पश्चिम विक्षोभ सक्रीय होने से सोमवार को बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान आसमान में गरज के साथ बादल छाए रहेंगे। इसके बाद हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है। हालांकि, इससे तापमान में कोई बड़ी गिरावट नहीं आएगी। ऐसे में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आस-पास पहुंच सकता है। शनिवार को जब लोग सुबह सोकर उठे तो घने कोहरे ने उनका स्वागत किया। आलम यह था कि थोड़ी दूरी का भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। ऐसे में लोगों की दिनचर्या भी देर से शुरू हुई। हालांकि, सासाहिक अवकाश होने के लोगों को कोहरे में बाहर जाने से राहत मिली।

# जनता के पैसों से बनवा लिया शीशमहल: शाह

- **केजरीवाल पर खूब बरसे अमित शाह**
- **दिल्लीवासियों की 45 करोड़ रुपये की 50 हजार गज जमीन पर अपने लिए शीशे का महल बना लिया**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि उन्होंने दिल्लीवासियों के पैसे से शीश महल बनाया और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को हिसाब देने की जरूरत है। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कुछ बच्चे मुझसे मिलने मेरे घर आये। मैंने उनसे पूछा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लिए क्या किया है। एक बच्चे ने बताया कि उसने अपने लिए एक बड़ा शीश महल बनवाया है। अमित शाह ने आगे कहा कि जब अरविंद केजरीवाल राजनीति में आए, तो कहा करते थे कि वह सरकारी गाड़ी या सरकारी बंगला नहीं लेंगे आज उन्होंने दिल्लीवासियों के पैसे से शीश महल बनवाया। केजरीवाल जी, आपको दिल्ली की जनता को हिसाब देना होगा। शाह ने कहा, जब वह राजनीति में आए थे तो कहा करते थे कि वह सरकारी गाड़ी या सरकारी बंगला नहीं लेंगे। आज उन्होंने दिल्लीवासियों की 45 करोड़ रुपये की 50 हजार गज जमीन पर अपने लिए शीशे का महल बना लिया। केजरीवाल जी, आपको दिल्ली की जनता को जवाब देना होगा। नए कामकाजी महिला छात्रावास ब्लॉक सुषमा भवन का आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्घाटन किया। छात्रावास का नाम पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वाराज के नाम पर रखा गया है। वहीं, दिल्ली की मुख्यमंत्री भी रही थी। उद्घाटन कार्यक्रम को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुषमा जी को पार्टी की महान नेताओं में से एक के रूप में सदैव याद किया जाएगा। भारत के राजनीतिक इतिहास में - वह उन नेताओं में से एक हैं जो एनडीए 1 और एनडीए 2 के दौरान मंत्री थीं और वह भी महत्वपूर्ण विभागों में; लेकिन उन्हें केवल एक मंत्री के रूप में नहीं बल्कि विपक्ष के नेता के रूप में याद किया जाएगा। शाह ने साफ तौर पर कहा कि वो सुषमा जी ही थीं जिन्होंने संसद में कांग्रेस के भ्रष्टाचार को उजागर किया था। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष को सलाह भी दी है। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि विपक्ष के सभी नेताओं को उनके काम का अध्ययन करना चाहिए और जो उन्होंने किया उसका अनुसरण करने का प्रयास करना चाहिए। शाह ने कहा कि देश का लोकतांत्रिक इतिहास सुषमा स्वराज जी को एक संघर्षशील और प्रभावशाली विपक्षी नेता के रूप में याद रखेगा। विपक्ष के नेता के पद की महत्ता का उदाहरण जब दिया जाएगा, तो सुषमा जी का नाम अवश्य लिया जाएगा।



## एलजी ने वक्फ बोर्ड के सीईओ की नियुक्ति को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने अतिरिक्त शुल्क के अधीन दिल्ली वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में अजीमुल हक की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। यह कदम 28 नवंबर, 2024 के बाद से महत्वपूर्ण रिक्तियों को भरने में आप सरकार की कथित लापरवाही पर एलजी की तीखी आलोचना के मद्देनजर उठाया गया है। सीईओ की नियुक्ति में देरी के कारण वक्फ बोर्ड के महत्वपूर्ण कार्यों को निलंबित कर दिया गया, जिसमें इमामों और मुतवल्लियों को वेतन का वितरण भी शामिल था। एलजी सक्सेना ने आप सरकार पर इस मुद्दे को संवेदनहीन और लापरवाहीपूर्ण तरीके से व्यवहार करने और दिल्ली वक्फ अधिनियम, 1995 के तहत कानूनी प्रावधानों का पालन करने में विफल रहने का आरोप लगाया। एक बयान में, एलजी ने इमामों और मुतवल्लियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला, जिनमें से कई विलंबित वेतन के कारण आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे हैं। सक्सेना ने कहा, ÷इन व्यक्तियों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, मैं प्रस्ताव को मंजूरी दे रहा हूं।



# नांदेड़ ब्लास्ट मामले में कोर्ट ने सभी 9 आरोपियों को किया बरी

**नांदेड़।** नांदेड़ की एक अदालत ने शनिवार को 2006 के नांदेड़ विस्फोट मामले में सभी जीवित आरोपियों को बरी कर दिया। इस मामले के कुल 12 आरोपियों में से दो की विस्फोट में मौत हो गई थी, जबकि एक की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सी वी मराठे ने बाकी नौ आरोपियों को बरी कर दिया।

2006 में 4 और 5 अप्रैल की मध्यरात्रि को नांदेड़ में लक्ष्मण राजकोंडवार, जो कथित तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता थे। जांचकर्ताओं ने दावा किया कि कथित तौर पर विस्फोटक उपकरण को असेंबल करते समय राजकोंडवार के बेटे नरेश राजकोंडवार और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता हिमांशु पांसे की हत्या कर दी गई थी। मामले की जांच शुरू में महाराष्ट्र आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा की गई थी और बाद में केंद्रीय जांच ब्यूरो को स्थानांतरित कर दी गई थी।

बचाव पक्ष के वकील नितिन रुनवाल के अनुसार, मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष के 49 गवाहों से पूछताछ की गई। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) शुरू में मामले की जांच कर रहा था और बाद में इसे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दिया गया था। बचाव पक्ष के वकील नितिन रुनवाल ने कहा कि विस्फोट मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के 49 गवाहों से पूछताछ की गई। हालांकि, अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि घटना एक बम विस्फोट थी।



# श्री गुरू गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पुरब पर निकाला महान नगर कीर्तन

## सहारनपुर। श्री गुरू सिंह सभा के तत्वावधान व श्री गुरु ग्रंथ साहेब की सरपरस्ती तथा पंच प्यारों की अगुवाई में श्री गुरू गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पुरब के उपलक्ष में महान नगर कीर्तन निकाला गया



*अवधनामा संवाददाता*

फोटो 4-

नगर कीर्तन गौशाला रोड स्थित पंजाबी गुरुद्वारा से प्रारम्भ होकर मोर गंज, शहीद गंज, नेहरू मारकीट, भगत सिंह मार्ग, घंटा घर, अम्बाला रोड से होता हुआ गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा पर सम्पन हुआ। नगर कीर्तन में सबसे आगे जीप पर रखा नगारा नगर कीर्तन के आने का पैगाम दे रहा था। इसके बाद पंजाब से आया बैगपाईपर बैंड अपने कौशल से संगतो को हैरतअंगेज कर रहा था। छोटे बच्चे पारम्परिक वेश भूषा में थे। पंच प्यारे साहिब जत्थेदार प्रीतम सिंह, नेहर सिंह मनिन्द्रपाल सिंह मनमीत सिंह, एवं गगनदीप सिंह के बाद बाद सुंदर सजी पालकी साहेब में श्री गुरु ग्रंथ साहेब की स्वारी सुशोभित थी जिसकी सेवा भाई अमरपाल सिंह कर रहे थे। इसके बाद स्त्री सत्संगं का जत्था गुरबानी के शब्द गायन कर रहा था। प्रभात फेरी श्री गुरू सिंघ सभा का शब्दी जत्था गुरबानी के शब्द गायन कर रहे थे, तीनो स्कूलों के बच्चे गुरबानी कीर्तन एवं अन्य प्रोग्रामों से संगत को निहाल कर रहे थे। प्रभातफेरी संत भागमल प्रभात फेरी गुरुद्वारा नुमाइश कैंप, प्रभातफेरी पंजाबी गुरुद्वारा के जत्थे शब्द गायन करते हुये नगर कीर्तन की शान बढ़ा रहे थे।

रण्जीत अखाडा के नवयुवक पारंपरिक वेश भूषा में शस्त्र चलाने के कौशल दिखा रहे थे। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा पंहुचने पर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। प्रधान स.बलबीर सिंह धीर ने बताया कि मुख्य आयोजन 06 जनवरी को गुरुद्वारा साहिब गुरूद्वारा रोड पर होगा। जिसमें बाहर से आये हुए रागी जत्थे एवं कथा वाचक कथा कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करेंगे। नगर कीर्तन का संचालन प्रधान स.बलबीर सिंह धीर, सीनीयर मीत प्रधान दलजीत सिंह कोचर, महासचिव गुरविन्द्र सिंह कालडा, कोषाध्यक्ष सुजसबीर सिंह, स.मनप्रीत सिंह, अमनदीप सिंह दुआ, एमपी सिंह चावला, नरेन्द्रपाल सिंह, सोनू, गुरप्रीत सिंह बतरा, प्रभजोत सिंह, डा.स्वर्णजीत सिंह, सुरेन्द्रपाल सिंह, तरनजीत सिंह बग्गा, छवप्रीत सिंह, प्रीतम सिंघ, रनदीप सिंघ बतरा, रनजीव सिंघ हरजी, परमिन्दर सिंह कोहली, इन्द्रपाल सिंघ, जसविन्द्र सिंह बग्गा प्रीतपाल जुनेजा, रूपिन्द्रपाल सिघ रनजीव सिंघ प्रेमी, जसवंत सिंह बतरा, कंवरजीत सिंह चावला, डा.चरनजीत सिंह आन्नद, परमवीर सिंघ, आशूदीप सिंह, हरप्रीत सिह, ईन्द्रजीत सिंह खालसा, गुरप्रीत सिंह बग्गा, अरविन्द्रपाल सिंह चावला, अमरजीत सिंह टीटा, पुनीत सिंह धीर, रमनजोत सिंह कालरा, पुरूषोतम सिंह दुआ, गुरमीत सिंह खरबंदा, गुरमीत सिंह शंटी, दीदार सिंह सेठी आदि मौजूद रहे।

### नकली घी बनाने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस व खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नकली घी बनाकर बेचने वाले दो अभियुक्तों को दबोचकर उनके कब्जे से आठ किलो नकली घी व घी बनाने का सामान बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना मिर्जापुर प्रभारी बीनू सिंह ने बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह की तहरीर पर आरोपी बिलाल पुत्र महमूद निवासी ग्राम पाडली ग्रान्ट थाना मिर्जापुर व मौसीन पुत्र मुकीम निवासी ग्राम नवाजपुर थाना नकुड के खिलाफ मिलावटी घी बनाने व बेचने के सम्बन्ध में थाना मिर्जापुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक भूपेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव नवाजपुर से दोनो नामद आरोपियों बिलाल व मौसीन को गिरफ्तार कर लिया तथा आरोपियों के कब्जे से नकली घी बनाने का सामान व आठ किलो नकली घी बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

# अस्थायी रैन बसेरे में भी बिछाये गए फोल्डिंग

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महापौर व नगरायुक्त के निर्देश पर कंपकंपाती ठंड को देखते हुए जहां शहर में अलाव की संख्या बढ़ा दी गयी हैं वहीं अस्थायी रैन बसेरे में जमीन पर गद्दों के स्थान पर फोल्डिंग बैड लगाये गए हैं। उधर गौशाला में गौवंश को भी सर्दी से बचाने के लिए सभी शेड को तिरपाल से कवर करते हुए काऊ कोट और काऊ मैट की व्यवस्था की गयी है।



नगरायुक्त संजय चौहान ने तीन दिन पहले रैन बसेरों का निरीक्षण करते हुए जनमंच के पीछे सुमन हाल में बनाये गए अस्थायी रैन बसेरे में रात्रि विश्राम के लिए लोगों की क्षमता बढ़ाने और जमीन पर लगाये गए गद्दों के स्थान पर फोल्डिंग पलंग लगाने के निर्देश दिए थे। अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने बताया कि नगरायुक्त के निर्देशों के अनुपालन में अस्थायी रैन बसेरे वाले पूरे हाल में फोल्डिंग पलंग लगवा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर महानगर में अलाव की संख्या भी 180 से बढ़ाकर 210 से ज्यादा कर दी गयी है और सभी अलाव स्थल पर लकड़ी समय से पहुंचे इसे भी सुनिश्चित किया गया है। उधर महापौर व नगरायुक्त के निर्देश पर नवादा रोड पर नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला में गौवंश को सर्दी से बचाने के लिए अनेक ऐहतियाती और ठोस कदम उठाए गए हैं। निगम के पशु कल्याण एवं चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि गौवंश के रहने के लिए बनाये सभी शेड को पूरी तरह तिरपाल से कवर किया गया है तथा कंबल के रुप में प्रत्येक गाय के लिए काऊ कोट एवं नीचे काऊ मैट की व्यवस्था की गयी है। उस पर भी पुराली बिछायी गयी है। गौशाला में दस स्थानों पर अलाव भी जलवाये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त गौवंश को ताजा पानी पिलाने के अलावा मिनरल मिक्सचर के साथ हरा चारा एवं भूसा तथा गुड़ भी पर्याप्त मात्रा में खिलाया जा रहा है।

# नकबजनी की घटना में शामिल दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने दो शातिर चोंरो को दबोचकर नकबजनी की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के तीन डमी मोबाइल व घटना में प्रयुक्त हथौड़ा व छैनी बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

कोतवाली सदर बाजार प्रभारी सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज वादी वादी सागर वर्मा पुत्र चन्द्रप्रकाश वर्मा निवासी शास्त्री नगर थाना सदर बाजार की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ रात्रि में वादी की मोबाइल की दुकान से 03 डमी मोबाइल चोरी करने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होने बताया कि उनके व उपनिरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मल्हीपुर बाईपास से दो आरोपियों रोहित पुत्र विनोद कुमार व विकास पुत्र श्रवण सैनी निवासीगण अभिषेक नगर थाना सदर बाजार को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया।

# विभिन्न खेल प्रतियोगिता में नेत्रहीन बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नेत्रहीन एवं विकलांग कल्याण शिक्षण संस्थान में ब्रेल पद्धति के अविष्कारक डा.लुईस ब्रेल के जन्म दिवस पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में नेत्रहीन बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया।

चन्द्र विहार कॉलोनी स्थित नेत्रहीन एवं विकलांग कल्याण शिक्षण संस्थान में आयोजित खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर डॉक्टर अजय सिंह, उत्तराखंड राजकीय कर्मचारी सहकारी आवास समिति देहरादून के अध्यक्ष रणवीर सिंह चौहान, मानवाधिकार जागृति संगठन के अशोक पुंडीर, कुलदीप सिंह, अश्वनी राठौर, एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष गौरव गाबा, सुरेन्द्र गाबा, नरेंद्र गाबा ने संयुक्त रूप से डॉक्टर लुईस ब्रेल के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम में विद्यालय संस्थापक संजय शर्मा, श्रीमती सुषमा शर्मा,



मोहिनी, संदीप रावत, कमल श्रीवास्तव, हिमांशु मोहिनी शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में नेत्रहीन छात्रों अनुज, मनीष शौर्य, किट्टू सैनी, आशीष सैनी, शिवम आदि ने कविताएं गीत प्रस्तुत किया तथा ब्रेल प्रतियोगिता में पवन शौर्य, रितेश अनुज ने बाजी मारी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ.अजय सिंह ने कहा कि ब्रेल लिपि एक स्पर्शी लेखन पद्धती है। इससे नेत्रहीनों को शिक्षा रोजगार और समाज में समान रूप से भाग लेने का अवसर प्रदान किया है। रणवीर सिंह चौहान ने कहा कि ब्रेल लिपि का व्यापक प्रसार हो और नेत्रहीन व्यक्तियों को समझ में अपनी पूर्ण क्षमता के साथ योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इस दौरान शिवम, सन्नी यादव, राजेंद्र, अश्वनी राठौर, उपमा सिंह, कमल श्रीवास्तव, संजय, अजय ठाकुर, विजयपाल आदि मौजूद रहे।

### चीनी के कट्टे चोरी करने की घटना का खुलासा, दो चोर दबोचे

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने चीनी के कट्टे चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चीनी के 20 कट्टे व घटना में प्रयुक्त टैम्पो बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया है।

गौरतलब है कि 03 जनवरी को वादी जमीर खान पुत्र गुल सनव्वर निवासी मानकमऊ थाना कुतुबशेर की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ उसके ट्रक से चीनी के 20 कट्टे चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कुतुबशेर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना कुतुबशेर के अतिरिक्त निरीक्षक कंवरपाल सिंह व उपनिरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 शातिर चोरों मौहम्मद आमिर पुत्र अल्लादिया निवासी गाडों वाली मस्जिद मानकमऊ थाना कुतुबशेर व सलमान पुत्र सलीम निवासी विल्सन वाला बाग मानकमऊ थाना कुतुबशेर को ईदगाह मानकमऊ के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## आगरा-जयपुर हाईवे पर कोहरे के कारण सड़क हादसे में कई लोग घायल, एक की मौत



**आगरा।** आगरा-जयपुर हाइवे पर शनिवार देर रात महुअर पुल के पास घने कोहरे के चलते बड़ा हादसा हो गया। घने कोहरे में कई वाहन आपस मे टकरा गए। यात्रियों से भरी हुई बस ट्रैलर में घुसी गई, वहीं पीछे से मैक्स गाड़ी ने भी जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में तीन दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं एक की एक की मौत हो गई है। हादसे के बाद सभी घायलों को तत्काल सीएचसी अछनेरा, किरावली, बिचपुरी व एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा रैफर किया गया है।

पूरा मामला थाना किरावली के महुअर पुल के पास का है। रात करीब 1 बजे घने कोहरे के चलते यह भीषण हादसा हुआ है। हादसे में घायल लोगों की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। इसके अलावा मैक्स गाड़ी में बैठे दो लोग और बस में बैठे चार लोगों की स्थिति ज्यादा खराब है। बता दें कि हादसे के बाद मौके पर चीख़ पुकार मच गई थी।

मिली जानकारी के अनुसार 6 लोगों को बस की बॉडी काटकर बाहर निकाला गया है। पुलिस ने वाहनों को क्रेन से अलग हटवाया है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि आगे चल रहे ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लिया। जिसके चलते पीछे चल रही बस ट्रेलर में भिड़ गई। वहीं पीछे आ रही मैक्स भी उसमें टकरा गई। हादसा ट्रेलर चालक की गलती से हुआ।

## दूरबीन विधि से प्रोस्टेट की सर्जरी शुरू करने वाले डॉ बीडी शर्मा का 97 वर्ष की आयु में निधन



**आगरा।** उत्तर प्रदेश में सबसे पहले दूरबीन विधि से प्रोस्टेट का ऑपरेशन करने वाले एसएन मेडिकल कॉलेज की सर्जरी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. बीडी शर्मा का आज 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही चिकित्सा जगत में शोक की लहर फैल गई।

सर्जरी के क्षेत्र में देश भर में प्रख्यात सर्जन डॉ. शर्मा ने इग्लैंड से दूरबीन विधि से सर्जरी का प्रशिक्षण लेने के बाद यूपी में सबसे पहले एसएन मेडिकल कॉलेज में वर्ष 1968 में अत्याधुनिक दूरबीन विधि से सर्जरी शुरू की थी, उस समय ओपन सर्जरी हुआ करती थी।

दूरबीन विधि से छोटे से चीरा से सर्जरी होने के कारण देशभर से तमाम राजनेता और ब्यूरोक्रेट्स, जज आदि एसएन में डॉ. शर्मा से ऑपरेशन कराने आते थे। डॉ. शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी, पूर्व राज्यपाल प्रकाश नारायण मल्होत्रा, देश के पूर्व चीफ जस्टिस सहित तमाम नामी-गिरामी लोगों की सर्जरी की थी। डॉ. शर्मा वर्ष में 1971 से लेकर 1989 तक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष रहे।

डॉ. शर्मा इन दिनों बाग फ़रज़ाना में अपनी पत्नी एमजे शर्मा के साथ रह रहे थे। उनके बड़े बेटे डॉ. सुनील दत्त शर्मा इग्लैंड में यूरोलाजिस्ट हैं, जबकि छोटा बेटा डॉ. अजीत दत्त शर्मा अमेरिका में रहते हैं। उनकी बेटी अंजलि भी अमेरिका में रह रहीं हैं। डॉ. शर्मा का दाह संस्कार कल रविवार को किया जाएगा। उनके दोनों बेटे और बेटी के देर रात तक आगरा पहुंचने की उम्मीद है। उनके आने के बाद ही अंतिम संस्कार होगा।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री के खिलाफ दर्ज मुकदमें का कांग्रेसियों ने किया विरोध




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला एवं महानगर कांग्रेस के बैनर तले कांग्रेसजनों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के खिलाफ प्रदेश सरकार द्वारा लगाए गए झूठे मुकदमों के विरोध में जिला मुख्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर दर्ज किए गए मुकदमें को वापिस लिए जाने की मांग की।

कांग्रेस कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में एकत्र हुए तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के खिलाफ दर्ज किए गए झूठे मुकदमो के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा व प्रदेश सचिव अशोक सैनी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य पर झूठे आरोप लगाते हुए दर्ज किय गया मुकदमा प्रदेश सरकार की दमनकारी नीति है। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन पीड़ित मूंगफली किसानों की आवाज उठाने झांसी की कलेक्ट्रेट में पहुंचे तो एक होमगार्ड के अनर्गल आरोप की आड़ में प्रदेश सरकार ने पूर्व सांसद पर झूठा मुकदमा दायर कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व प्रदेश की जनता ऐसी किसान विरोधी और हिटलर शाही मानसिकता वाली सरकार को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। पीसीसी सदस्य नरेंद्र शर्मा व जिला उपाध्यक्ष नितिन शर्मा ने प्रदीप जैन आदित्य पर दायर झूठे मुकदमों को तुरंत वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार से इस संपूर्ण प्रकरण में सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। प्रदर्शनकारियों में जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, धर्मपाल जोशी, जिला उपाध्यक्ष चंद्रजीत सिंह निक्कू, प्रभजीत सिंह, सेवा दल के जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, मुनीश सहगल, नीरज कपिल, नगर महासचिव संगठन प्रभारी सौरभ भारद्वाज, मधु सहगल, योगी बीरसैन सैन उपाध्याय, नसीब खान, गुलफाम अंसारी, मयंक शर्मा, श्याम बिहारी शर्मा, प्रभजीत सिंह, शर्मिष्ठा सिंह, इम्तियाज अहमद, सतीश रामसर, डंबर सिंह, सतपाल बर्मन, मयंक शर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लंदन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ अभिषेक डेनियल का नाम मानवीय कार्यों के चलते मिला पुरस्कार

*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** आइये परिचय करवाते हैं एक ऐसी शख्सियत से जिसने अपना जीवन मानवीय कार्यों को समर्पित कर दिया है जिस उम्र में युवा अपने शौक पूरे करते हैं उसी उम्र में अभिषेक डेनियल ने समाज सेवा को ही अपना करियर बना लिया। मानवता के क्षेत्र में जगमगाता यह सितारा आज इतना प्रखर हो गया कि उस सितारे की रोशनी विदेश तक जा पहुंची।शहीदों की नगरी जनपद शाहजहांपुर की तहसील पुवायां (गुटैया) मे जन्मे अभिषेक डेनियल वर्षों से निरंतर सामाजिक एवं मानवीय कार्यों में सक्रिय हैं। इनके द्वारा सोशल मीडिया पर निरंतर असहयों लाचारों और जरूरतमंदों के प्रति अक्सर अपील की जाती रही है। इनकी हर अपील में निस्वार्थ भाव और पारदर्शिता झलकती है। जिसके चलते जनपद से तमाम निस्वार्थ सेवाभावी लोगों का वर्ग इनके द्वारा की गई हर अपील पर कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हो जाता है। अभिषेक द्वारा पहल फूड बैंक की स्थापना की गई है जिसका मकसद कोई भी भूखा ना रहे इसके अंतर्गत बेसहारों के लिए निरंतर प्रतिदिन निशुल्क भोजन की व्यवस्था कराई जा रही है यही नहीं अभी तक 69 गंभीर रूप से बीमार मरीजों के इलाज के लिए सोशल मीडिया पर अपील कर डायरेक्ट उनके खातों में लगभग 29 लाख रुपए की रकम भेज कर मदद की जा चुकी है। 26 गरीब कन्याओं का विवाह करवाया जा चुका है।

जरूरतमंदों तक नए एवं पुराने कपड़ों का वितरण गरीब परिवारों के बच्चों के लिए घर-घर से किताबें एकत्रित कर बच्चों को दी जाती है। निस्वार्थ भाव से निरंतर वर्षों से किए जा रहे मानवीय कार्यों के लिए आज अभिषेक का नाम लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सुनहरे शब्दों में दर्ज किया गया बता दें कि इससे पूर्व यह सम्मान फिल्म कलाकार मनोज कुमार को मिल चुका है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन व आदित्य पर फर्जी मुकदमा वापस लिमा जाये: रजनीश गुप्ता

*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता व महानगर



अध्यक्ष पवन सिंह के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेसजन ने एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य पर दर्ज फर्जी मुकद्दमा वापस लिए जाने की मांग की गई।इस से पूर्व तमाम पदाधिकारी पार्टी कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एकत्रित हुए यहां हुई एक बैठक में रजनीश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने पूरी तरह से किसान विरोधी रवैया अख्तियार कर रखा है झांसी के किसान कई दिन से अपनी मांगो को उठा रहे थे लेकिन झांसी प्रशासन आंख मूंद कर बैठा था सोए हुए झांसी प्रशासन को झांसी के पूर्व सांसद केंद्रीय मंत्री रहे प्रदीप जैन आदित्य ने विगत 26 दिसंबर को एक प्रतिनिधिमंडल के साथ एडीएम अमित त्रिपाठी से मिलकर किसानों की मांग उनके समक्ष रखी जिसको प्रशासन ने जायज मानते हुए कार्यवाही का आश्वासन दिया लेकिन एक होमगार्ड की तहरीर पर उनके सहित 60 अन्य किसानों पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

ये कहा तक जायज है।हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं और दर्ज मुकद्दमा वापस लिए जाने की मांग करते है। आज के प्रदर्शन में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष पवन सिंह,प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, सुरेश शुक्ला, कृष्ण विनोद मिश्रा, तकवीम हसन खान,फैजान अली खान,रामजी अवस्थी, पूनम पांडेय, अर्चना वाल्मीकि, अरुणोद मिश्रा, संजय सक्सेना, सुशील शर्मा, गौरव त्रिपाठी, सईद अंसारी, फरमान खान, परवेज अहमद, शाहनवाज खान, उमंग त्रिवेदी, अनुभव कटारिया, इकबाल अंसारी, अखिलेश पाल सहित तमाम कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान के घर पर बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**सहारनपुर।** नकुड़ कोतवाली क्षेत्रांतर्गत गांव घाटमपुर में बीती देर रात अज्ञात हमलावरों द्वारा ग्राम प्रधान उस्मान के घर पर कई राउंड फायरिंग करने से ग्रामीणों में सनसनी फैल गयी। पीड़ित ग्राम प्रधान ने पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपकर अपने परिजनों की सुरक्षा की गुहार लगायी है।

मिली जानकारी के अनुसार नकुड़ कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम घाटमपुर में अज्ञात हमलावरों ने ग्राम प्रधान उस्मान के घर पर कई राउण्ड फायरिंग की। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्राम प्रधान के परिजन छत पर चढ़ गये, जिन्हें देखकर हमलावर फरार हो गए। आज सुबह ग्राम प्रधान उस्मान ने गांव में पहुंची पुलिस को घर के बाहर पड़े खोखे उठाकर दिये और घर के बाहर गोलियों के निशान भी दिखाये।

# श्री गुरू गोविन्द सिंह जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर नगर कीर्तन के आयोजन पर यातायात डायवर्जन

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** सरबंस दानी दशम पिता गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व से पूर्व आज रविवार को आगरा में विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। जिसके चलते पुलिस कमिश्नरेट आगरा द्वारा यातायात डायवर्जन किया गया है।

पुलिस कमिश्नरेट आगरा के अनुसार आज नगर क्षेत्र आगरा में श्री गोविन्द साहिब जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर विशाल नगर कीर्तन (जुलूस) के आयोजन के अवसर पर शहर क्षेत्र में आवागमन करने वाले वाहनों के लिये डायवर्जन प्लान दिनांक 05.01.2025 को समय प्रातः 10:00 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक निम्नवत् किया जाता है:-

1. यमुना किनारा मार्ग से बालूगंज पुलिस चौकी चौराहा होकर करिय्यपा चौराहा की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन विक्टोरिया पार्क तिराहा से पुरानी मण्डी चौराहा व फूल सैय्यद चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

2. करिय्यपा चौराहा से बालूगंज पुलिस चौकी चौराहा होकर बिजलीघर या हाथीघाट की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन करिय्यपा चौराहा से फूल सैय्यद चौराहा से पुरानी मण्डी चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

3. सुभाष चंद्र बोस मूर्ति चौराहा से बालूगंज पुलिस चौकी की ओर किसी भी प्रकार के वाहन का आवागमन प्रतिबंधित है।

4. सदर या क्लब की ओर से आने वाले यातायात को तारघर चौराहा से मेहर टॉकीज की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। सभी प्रकार के वाहन करियप्पा फूलसैय्यद चौराहा होकर अपने गंतव्य तक जा सकते हैं।

5. बालूगंज पेट्रोल पंप तिराहा से सभी प्रकार के वाहनों को तारघर चौराहा की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

6. बिजलीघर चौराहा से आने वाले सभी प्रकार के वाहन चीलघर चौराहा से बालूगंज चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे। ये वाहन चीलघर चौराहा से अमर सिंह गेट, विक्टोरिया पार्क तिराहा होते हुए पुरानी मंडी चौराहा के मार्ग से अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

7. ताजव्यू कॉलोनी (आर्मी बेस तिराहा) से किसी भी प्रकार के वाहन को बालूगंज पुलिस चौकी की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी।

8. धूलियागंज चौराहा से किसी भी प्रकार के वाहन को घटिया चौराहा की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी।

9. रावतपाड़ा तिराहा से फुब्बारा चौक की ओर आने वाले यातायात को रावतपाड़ा तिराहा से दरेसी नंबर-1 की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

10. पीपल गेट तिराहा से कोतवाली की ओर आने वाले समस्त प्रकार के वाहनों को एम.एम. गेट की ओर डायवर्ट किया जायेगा।

11. हींग की मण्डी तिराहा से किसी भी प्रकार के वाहनों को कोतवाली की ओर नहीं जाने दिया जायेगा।

12. सेन्ट पीटर्स तिराहा से घटिया की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहनों को सेन्ट पीटर्स तिराहा से डायवर्ट किया जायेगा।

13. विजय नगर तिराहा/पालीवाल पार्क विश्वविद्यालय से सभी प्रकार के वाहनों को घटिया की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी।

14. रघुनाथ टाकीज से सभी प्रकार के वाहनों को घटिया चौराहा की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी।

# पटना और आजमगढ़ के बीच होगा उद्घाटन मैच

## यूएनपीजी कॉलेज के खेल मैदान में होगी कृष्णा साहा व विमलेश मल्ल स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के यूनएनपीजी कॉलेज के खेल मैदान में पडरौना क्रिकेट क्लब की ओर से स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 17वें वर्ष ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को भव्य कार्यक्रमों के बीच शुभारंभ किया जाएगा। शहर में खिलाड़ियों द्वारा सुबह नौ बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके बाद खेल मैदान पर उद्घाटन मैच का शुभारंभ किया जाएगा। उद्घाटन मैच पटना और आजमगढ़ के बीच खेला जाएगा। खेल मैदान सजकर तैयार हो चुका है। दोनों टीमों के लिए पवेलियन छोर बनाए गए हैं। उदित नारायण पीजी कॉलेज के छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा साहा व छात्र नेता विमलेश मल्ल की याद में प्रति वर्ष पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 17वें साल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार से किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी हो चुकीं हैं। आयोजन समिति के सदस्य सतीश साहा ने बताया कि सुबह नौ बजे से खेल मैदान से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसमें खिलाड़ी व शहर के लोग शामिल होंगे। खेल मैदान से तिलक चौक तक प्रभात फेरी निकालकर स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद वापस खेल मैदान पर आकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। मीडिया प्रभारी प्रिंस तिवारी ने बताया कि उद्घाटन मैच पटना और आजमगढ़ के बीच खेला जाएगा। ग्रुप ए में पटना, आजमगढ़, सीवान व जोधपुर वारियर्स की टीमें शामिल हैं। जबकि ग्रुप बी में मुजफ्फरपुर, पडरौना, कानपुर व बनारस की टीमें शामिल की गई हैं।

# उन्नाव विधायक की शिकायत पर आयुक्त ने गठित की जांच कमेटी

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** बाढ़ कार्यों में हुए कथित भ्रष्टाचार और अधोमानक कार्यों को लेकर उन्नाव के सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा की गई शिकायत पर मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने तत्काल कार्यवाही करते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है।

उन्नाव विधायक पंकज गुप्ता ने मण्डलायुक्त को दिये अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गण्डक बाढ़ मंडल बस्ती के अधीक्षण अभियंता सुरेन्द्र मोहन वर्मा ने ठेकेदारों से मिलीभगत करके बाढ़ के अधोमानक कार्य करवाए, जिसके कारण सरकारी धन की भारी बर्बादी हुई। विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि अभियंता ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ठेकेदारों से अनुचित तरीके से कमीशन लेकर राजकीय धन का गबन किया तथा अपने अधीनस्थ खण्डों में कर्मचारियों से साथ गांठ करके मासिक वेतन में घपला करके धन का बंदरबांट किया है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि विक्रमजोत ब्लॉक के अंतर्गत विक्रमजोत तटबंध की सुरक्षा हेतु बनाए गए स्पर और लॉन्चिंग एप्रन में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे कई जगहों पर यह कार्य क्षतिग्रस्त हो चुका है। विधायक द्वारा आरोप लगाया गया है कि अधीक्षण अभियंता ने एग्रीमेंट करते समय संबंधित ठेकेदार से मोटी रकम वसूली है अभियंता इस ठेकेदार के साथ मिलकर पार्टनरशिप में ठेकेदारी करते हैं जिस ठेकेदार ने बाढ़ जैसे संवेदनशील कार्य को घटिया क्वालिटी का कराकर सरकारी धन की वृहद स्तर पर लूट की है।

अधीक्षण अभियंता ने अपने संवैधानिक पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी धन की बंदरबाट की है

- भ्रष्टाचार के आरोपो की जांच के लिए आयुक्त में गठित की जांच कमेटी

जनप्रतिनिधि की शिकायत पर मंडलायुक्त द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी में संयुक्त विकास आयुक्त देवीपाटन मंडल, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमंडल देवीपाटन मंडल, प्राविधिक परीक्षक प्राविधिक संपरीक्षा प्रकोष्ठ देवीपाटन मंडल को सदस्य नामित किया गया है। समिति सूक्ष्म और गहन जांच कर 15 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। शिकायत में सुरेन्द्र मोहन वर्मा के पास कई बंगलों और महंगी गाड़ियों के मालिक होने का भी आरोप लगाया गया है, जो कथित रूप से भ्रष्टाचार के माध्यम से अर्जित की गई संपत्ति बताई गई है। इस प्रकरण की भी गहन जांच कराए जाने की मांग की गई है।

## माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लालाराम और महामंत्री नरेंद्र का सम्मान समारोह




**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** प्रधानाचार्य परिषद फर्रुखाबाद के पदाधिकारी एवं भारती पाठशाला इंटर कॉलेज कि संगठन इकाई ने माध्यमिक शिक्षक संघ के निर्वाचित अध्यक्ष जो 23 बार अध्यक्ष पद पर आसीन हुए हैं। नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी 22 में बार महामंत्री निर्वाचित हुए हैं उनके प्रति जनपद के सभी विद्यालयों के शिक्षक अपनी निष्ठा रखते हैं आप लोग निरंतर शिक्षक हितों के लिए संघर्ष करते आए हैं कार्यक्रम में दिनेश चंद्र वर्मा अध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद प्रेमपाल सिंह सोमवंशी महामंत्री प्रधानाचार्य परिषद डॉक्टर ओमपाल सिंह रघुवंशी संरक्षक कड़वेंद्र सिंह चौहान कोषाध्यक्ष शिवम दुबे कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती रजनी वर्मा श्रीमती इंदु मिश्रा श्रीमती एस्ट् र रोज दयाल धर्मेंद्र सिंह विनीत चौहान राजेश राम शास्त्री श्री राम विलास श्रीपाल रेखा राठौड़ गीता भदोरिया सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे हैं।

## संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ




**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में ऑफीसर्स क्लब फतेहगढ़ में तहसील सदर के सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 35, पुलिस की 18, विकास विभाग की 6, विद्युत विभाग की 6 व अन्य विभागों की 8, कुल 73 शिकायते प्राप्त हुई जिनमे से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संर्वधित अधिकारियो को दिये गए। इस अवसर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अबिनेंद्र कुमार, डीएफओ, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी सदर व संर्वधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तमकुही व हाटा में ग्राम न्यायालय की मिली मंजूरी, न्यायधीश की हुई नियुक्ति

अवधनामा ब्यूरो




**कुशीनगर।** तमकुहीराज में ग्राम न्यायालय स्थापना की मंजूरी मिलने के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एडीशनल सिविल जज कसया अंशुमान को ग्राम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। वहीं हाटा में ग्राम न्यायालय के लिए सुनंदन गोयल सिविल न्यायधीश जूनियर डिविजन कुशीनगर को नियुक्त किया गया है।

ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर अधिवक्ताओं और क्षेत्रीय जनता ने लंबे समय से मांग थी। काबिले जिक्र है कि ग्राम न्यायालय न सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे नागरिकों को आसानी से न्याय उपलब्ध कराने में सहायक होगा, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में सुधारों के परिणामस्वरूप न्याय तंत्र पर दबाव को कम करने सहायक सिद्ध होगा। ग्राम न्यायालय' की मूल भावना ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों को आसानी से उनके घर के नज़दीक और निःशुल्क न्याय प्रदान करना है। ऐसे में ग्राम न्यायालय आम जनता तक न्याय की पहुंच बढ़ाने के साथ ही समय और धन की बचत कर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा। देश के आम नागरिकों तक न्याय व्यवस्था की पहुंच को बढ़ाने और प्रत्येक नागरिक को देश के न्यायिक तंत्र से जोड़ने के लिए 'ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008' के तहत 'ग्राम न्यायालयों' की स्थापना की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत राज्यों को ग्राम पंचायत स्तर पर 'ग्राम न्यायलयों' की स्थापना करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे पंचायत स्तर पर दीवानी या फौजदारी के सामान्य मामलों (जिसकी अधिकतम सजा 2 वर्ष) में सुनवाई कर नागरिकों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सके। इस व्यवस्था को लागू करने का मुख्य उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे नागरिकों को स्थानीय स्तर पर संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से न्याय उपलब्ध कराना था।

# परिवहन अधिकारियों की मौजूदगी में चालक परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** परिवहन अधिकारियों व समाजसेवियों के सहयोग से वाहन चालकों परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित परिवहन के लिए टिप्स दिए गए। सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश के अनुपालन में आचार्य नरेन्द्र देव इण्टर कॉलेज उरई में चालकों/परिचालकों के स्वास्थ्य, नेत्र एवम् मधुमेह (सुगर) परीक्षण की जाँच हेतु सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शिविर लगाया गया। उक्त शिविर में ऑटो/टैम्पो/ई-रिक्शा व आस-पास के विद्यालय वाहन चालकों/ परिचालक शामिल हुए। उपस्थित समस्त चालकों/ परिचालकों के स्वास्थ्य, नेत्र एवम् मधुमेह (सुगर) की जाँच डॉ0 श्रवण कुमार-चिकित्सक, रोहित सोनी-ऑप्टोमैट्रिस्ट, कृष्ण कन्हैया-लैब टैक्नीशियन, श्रीमती श्वेता सिंह-स्टाफ नर्स द्वारा किया गया। राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, जनपद-जालौन, बीर बहादुर सिंह, यातायात प्रभारी, गुड सेमेरिटन से सम्मानित समाज सेवी अब्दुल अलीम खान (अलीम सर), प्रधानाचार्य पुनीत कुमार भारती, शिक्षा विद् बाबू रामाधीन, रेड क्रास सोसाइटी से युद्धवीर सिंह कंथारिया, अंजू चौधरी एडवोकेट, टैम्पो/टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष सुधीर कुमार पाण्डेय, ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष श्री रवि वर्मा की अहम भूमिका रही। गुड सेमेरिटन से सम्मानित समाज सेवी अब्दुल अलीम खान द्वारा रोड सेफ्टी व सड़क दुघर्टना में रोड किनारे पड़े घायलों की सहायता करने हेतु अपील की गई जिससे घायल व्यक्तियों के जीवन को बचाया जा सके। बीर बहादुर सिंह (यातायात प्रभारी) द्वारा सड़क पर लगे सांकेतिक चिन्हों व चैराहों पर लगे सिग्नलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी व डॉ0 श्रवण कुमार द्वारा सुगर, ब्लड प्रेशर व शरीर के विभिन्न अंगो पर होने वाले प्रभाव के बारें में विस्तृत जानकारी दी गयी। राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, जनपद-जालौन द्वारा शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं व समस्त लोगों को सुरक्षित परिवहन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया तथा सभी से अपील की गयी कि वह वाहन चलाते समय हेलमेट/सीटेबेल्ट का प्रयोग करें

## जबरन ट्रैप की कारवाई के विरोध में दिया धरना

**गोण्डा अवधनामा संवाददाता।** जिले से है जहां उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने समाधान दिवस का बहिष्कार एक दिवसीय धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौपा जिसमें जबरिया ट्रैप की कार्रवाई पर रोक लगाने की माग की ।ज्ञापन में कई मामलों को जिक किया गया है जिसमें लेखपाल को फर्जी फसाने की बात कही गयी है। धरना स्थल पर तहसील मंत्री आत्माराम वर्मा ने कहा कि लेखपाल का कार्य क्षेत्र का है जहां पर जमीन विवादों की पैमाइश करनी होती है जिससे लोग रंजिश के चलते लेखपाल को फसाने का कार्य किया जा रहा है। इससे लेखपाल अपने को असहज महसूस कर रहा है। एंटी करप्सन, विजिलेंस टीम को लोग मैनेज कर रंजिशन लेखपाल को फंसा रहे है जो व्यवहारिक नहीं है। इससे लेखपालों का मनोबल गिर रहा है। जिला महाजगंज, लखनउ की घटनाओं का उल्लेख किया धरने की अध्यक्षता जय प्रकाश वर्मा ने किया। इस मौके पर दर्जनों लेखपाल उपस्थित रहे, इसी तरह कर्नलगंज, मनकापुर, तरबगंज तहसील में लेखपाल सघ ने धरना दिया।

## जजों ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व माननीय जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलीगढ संजीव कुमार के निर्देशानुसार जिला कारागार अलीगढ़ की बैरक संख्या 32, जिसमें वृद्ध विचाराधीनध्दोषसिद्ध बंदी रहते है में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन एवं किशोर बैरक तथा महिला बैरक का निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीगढ़ के सचिव नितिन श्रीवास्तव, अपर जिला जज द्वारा किया गया। जिला कारागार में विधिक साक्षरता शिविर एवं निरीक्षण के दौरान जेलर कमलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जिला कारागार अलीगढ़ में कुल स्वीकृत क्षमता 1100 पुरूष बंदी 72 महिला बंदी व 30 अल्पव्यस्क बंदी के सापेक्ष आज की तिथि में जिला कारागार अलीगढ़ में जिला न्यायालय अलीगढ़ के1774 बंदी निरुद्ध है जिसमें से 1272विचाराधीन बंदी 478सिद्धदोष बंदी व 03 विदेशी बंदी है इनमें से 1685 पुरूष एवं 65 महिलादोषसिद्ध/विचाराधीन बंदी तथा 21 अल्पव्यस्क विचाराधीन बंदी है।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 01 जनवरी से 31 जनवरी तक चलने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) ने बैठक का संचालन करते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु में विगत वर्ष से 50 प्रतिशत कमी लाना है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनाने के उपरांत 06 जनवरी से 10 जनवरी तक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और 11 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए स्थानीय स्तर पर कार्ययोजना के अनुसार सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रालियों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जा रहे हैं। एडीएम प्रशासन ने अभियान की सफलता के लिए परिवहन एवं पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि वह ट्रक, ट्रैक्टर समेत अन्य वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाना सुनिश्चत करें। हेलमेट, सीटबेल्ट, मोबाइल फोन का प्रयोग, ड्रंकेन ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोड एवं गलत दिशा में वाहन चलाने एवं गलत तरीके से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जाये।

## खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा आयोजित दस दिवसीय प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा गोमतीनगर रिवरफ्रंट निकट चटोरीगली में आयोजित दस दिवसीय आंचलिक स्तरीय खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन डीजीएम बैंक ऑफ बड़ौदा के डीजीएम मोहम्मद, डा. नीतीश धवन स्टेट डायरेक्टर केवीआईसी, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी खादी एवं ग्रामोद्योग उमेश कुमार के करकमलों द्वारा हुआ। 4 जनवरी से 13 जनवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में भिन्न भिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों द्वारा 75 स्टाल लगाए गए हैं। जैसे कुमकुम ग्रामोद्योग समूह, जानकी देवी ग्रामोद्योग सेवा संस्था लखीमपुर खीरी, डी के लेदर प्रोडक्ट, हरदोई, ताज दरी उद्योग सीतापुर, सपना ग्रामोद्योग समिति, लखनऊ, प्रकाश ग्रामोद्योग संस्थान, कानपुर नगर, प्रिंस भुजिया पापड़ बड़ी उद्योग, बीकानेर, राजस्थान, खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, कुशीनगर, शमा हैंडलूम, बिजनौर, देव भूमि ग्रामोद्योग, हरिद्वार, ग्राम सेवा संस्थान, राधा राधा ग्रामोद्योग, कन्नौज, भारतीय खादी ग्राम सेवा संस्थान फिरोजाबाद इत्यादि। डा. नीतीश धवन स्टेट डायरेक्टर केवीआईसी ने खास मौके पर कहा कि देश के करीबन सात राज्यों से आए से प्रतिनिधि पीएमईजीपी और खादी ग्रामोद्योग में अपने अपने स्टाल लगाए हैं इस बार हम प्रदर्शनी में सफल उद्यमी सम्मेलन का भी आयोजन करेंगे साथ ही प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन कर रहे हैं।

## ईंटों की भरी ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर युवक की मौत

**उरई (जालौन)।** ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्राली के नीचे कुचल कर युवक की मृत्यु हो गई है। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम गुढ़ा के पास ईंटे भरकर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर सोनू पुत्र बृजबिहारी राजपूत लगभग उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम महटौली थाना रामपुरा की मृत्यु हो गई। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम महटौली निवासी अर्पित पुत्र शिवकांत उर्फ गुड्डू तिवारी अपने महिंद्रा ट्रैक्टर से अजीतमल औरैया ईंटे भरने गया था दोस्ती यारी का वास्ता देकर वह अपने साथ सोनू पुत्र बृजबिहारी राजपूत निवासी महटौली को भी साथ ले गया। शुक्रवार की शाम समय लगभग 7 बजे जब वह ईंट भरकर ट्रैक्टर से अपने घर वापस आ रहे थे उस समय अर्पित तिवारी ट्रैक्टर चला रहा था व सोनू पास में बोनट पर बैठा था उसी समय ग्राम गुढ़ा के पास ट्रैक्टर के बोनट से सोनू फिसल का नीचे गिर गया और ईंटों से लदी ट्राली के पहिए के नीचे आ गया जिससे उसके पेट एवं जननांग बुरी तरह से कुचल गए। गंभीर अवस्था में घायल सोनू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा लाया गया जहां डॉक्टर सचिन आर्या ने गंभीर हालत देखते हुए उसे उरई के लिए तत्काल रेफर कर दिया

# मुख्यमंत्री ने जुलाई, 2024 से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा की



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जुलाई, 2024 से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में व्यापक जनजागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र न्याय की अवधारणा वाला है। भारतीय मूल्यों के दृष्टिगत लागू किए गए नए कानून हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली को जनोन्मुखी बना रहे हैं। मुख्यमंत्री जी आज यहां अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में जुलाई, 2024 से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी पुलिसकर्मियों को नए आपराधिक कानूनों से अच्छी तरह से परिचित कराने के लिए यथासम्भव शीघ्रता से उनका प्रशिक्षण पूर्ण कराया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रयागराज में होने वाले महाकुम्भ-2025 में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आएंगे। नये कानूनों के प्रचार-प्रसार के लिए यह अच्छा अवसर हो सकता है। छोटे-छोटे वीडियो भी आम जनता को नये कानूनों की खूबियों से परिचित कराने में सहायक हो सकते हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि तीन नये कानूनों के अनुपालन में फॉरेंसिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके दृष्टिगत रेंज स्तर पर स्थापित सभी फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रदेश के सभी जनपदों में फॉरेंसिक मोबाइल वैन संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के क्रियान्वयन में फॉरेंसिक विशेषज्ञों की भूमिका को देखते हुए इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जाए।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी को जो भी शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त होते हैं उनको स्वयं पढ़ते हुए उनका ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सकें।

शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस, आईजीआरएस एवं जनता दर्शन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से लेते हुए ससमय उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने तहसील नजीबाबाद के भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर जन सामान्य की शिकायतों की सुनवाई करना सुनिश्चित करें तथा उनका पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को अपनी विभागीय शिकायत पंजिका को मेंटेन रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतें ऐसी होती हैं जो जिला स्तर से संबंधित न होकर मंडल स्तर तथा मुख्यालय स्तर से संबंधित होती हैं जिस कारण उसका समयबद्धता के साथ निस्तारण न होने पर उक्त शिकायतें डिफॉल्टर श्रेणी में चली जाती है जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित होती है।

## छह माह की सजा

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** एनआई एक्ट के एक आरोपी को दोषी करार देते हुए छह माह की सजा और ढाई लाख का जुर्माना अदा करने का आदेश अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट ने दिया है। अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट के जज मोहित निर्वाल की अदालत ने एनआई एक्ट के दोषी को छह माह की सजा सुनाई है साथ ही ढाई लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

**सूचना**

मुझ सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री साधुराम नि. ग्राम खैरशाल पो. जानखेडा थाना गंगोह जि. सहारनपुर का पुत्र विनिश नागर उर्फ विन्नी नागर नि.ग्राम खैरशाल थाना गंगोह जि.स. पुर शरारती ओर गलत आचरण का लड़का है। विनिश मुझ से व मेरे परिवार से अक्सर झगड़ा करता है विवश हो कर मैने उसे अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे सभी संबंध विच्छेद कर दिए हैं अपने किसी भी कार्य हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगा।

# सूरज की रोशनी से चमका मेहरौना विद्यालय, डीएम ने निभाया अपना वादा, छात्रों ने जताया आभार

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया जिले के मेहरौना स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्र अब बिजली कटौती की समस्या से मुक्त होकर निर्बाध पढ़ाई कर सकते हैं। इसकी वजह बनी जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की विशेष पहल, जिसके चलते विद्यालय परिसर में 25 केवीए की क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो सका। इसी के साथ डीएम ने छात्रों से किया अपना वादा पूरा किया। गत वर्ष अगस्त माह में जब जिलाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण किया था, तो छात्रों ने असमय बिजली कटौती से पढ़ाई बाधित होने की शिकायत की। इस पर डीएम ने तुरंत समस्या की गंभीरता को समझा और समाधान का वादा किया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने इस समस्या के समाधान के लिए निजी स्तर पर पहल करते हुए एचडीएफसी बैंक से संपर्क किया। बैंक ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विद्यालय परिसर में 25 केवीए का सोलर प्लांट लगाने के लिए 40 लाख रुपये का योगदान दिया। इस प्लांट में कुल 45 सोलर पैनल लगे हैं, जो विद्यालय को लगातार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। सोलर पैनल की स्थापना से अब छात्रों को गर्मी के दिनों में बिजली की अनवरत आपूर्ति के साथ बेहतर अध्ययन का अवसर मिलेगा। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने इस प्रयास में सहयोग देने वाले राजस्व विभाग, एचडीएफसी बैंक और विद्यालय प्रशासन के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा से संबंधित उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। अब छात्र बिना किसी विघ्न के अपनी पढ़ाई में जुट सकेंगे। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस सुविधा का लाभ उठाकर वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि अब छात्रों का यह दायित्व है कि वे अच्छे अंक प्राप्त कर हमें गर्व महसूस कराएं। छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सोलर प्लांट चालू होने के बाद, छात्रों ने जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के एक छात्र ने कहा, कि अब हमें पढ़ाई के दौरान बिजली कटने की चिंता नहीं होती। डीएम मैम ने हमारे लिए जो किया है, उसके लिए हम हमेशा उनके आभारी रहेंगे।

# जीत के लिए संपर्क व संवाद ही सबसे बेहतर रास्ता हैः सीएम योगी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिशन मिल्कीपुर की कमान संभाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं संग बैठक की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया और कहा कि बूथ पर भाजपा को अधिक से अधिक वोट मिले, इसे लेकर कार्यकर्ताओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए।

सीएम योगी ने कार्यकर्ताओं को दिया संपर्क व संवाद का मंत्र

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्यकर्ता अपना बूथ, ग्राम सभा व मंडल सर्वाधिक मतों से जिताने को लेकर आपस में प्रतिस्पर्धा करें। जीत के लिए संपर्क व संवाद ही सबसे बेहतर रास्ता है। इसके जरिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखें।

**भाजपा ने अयोध्या को बनाया विकास का प्रतीक**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास की प्रतीक है। हमने अयोध्या को विकास का प्रतीक बनाया है। हम विकास और सनातन के प्रतीक राम को मानते हैं, जबकि सपा विध्वंस के प्रतीक बाबर को मानती है। समाजवादी पार्टी ने अयोध्या को विकास को रोका, राम भक्तों पर गोलियां चलवाईं और प्रदेश को दंगे की आग में भी झोंका। समाजवादी पार्टी आज भी आतंकियों, दुराचारियों, अपराधियों के साथ खड़ी रहती है, जबकि भाजपा निरंतर देश-प्रदेश को विकास की ओर ले जा रही है। बिना भेदभाव सिर्फ पात्रता के आधार पर आवास, शौचालय, निशुल्क गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। प्रदेश को अराजकता तथा माफिया राज से मुक्त कराया गया है। सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच में जाएं और विकास के बलबूते वोट की अपील करें।

**कुंदरकी जीता, मिल्कीपुर भी जीतेंगे**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं की हौसलाअफजाई भी की। उन्होंने कहा कि जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो दुनिया ने अयोध्यावासियों को सिर आंखों पर बिठाया। उन्होंने कहा कि कुंदरकी में 65 प्रतिशत मुस्लिम आबादी के बाद भी विकास के नाम पर भारतीय जनता पार्टी ने रिकार्ड मतों से उपचुनाव में जीत हासिल की। कार्यकर्ताओं की बदौलत ही उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में 9 में से 7 सीट जीतने में हमनें सफलता हासिल हुई। कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ मिल्कीपुर उपचुनाव को रिकार्ड मतों से जीतने का लक्ष्य लेकर कार्य करें।

संचालन विधान परिषद सदस्य इंजी. अवनीश सिंह पटेल ने किया। बैठक में प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री जेपीएस राठौर, गिरीश चंद्र यादव, दयाशंकर मिश्र %दयालु%, मयंकेश्वर शरण सिंह, सतीश शर्मा, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पांडेय बादल, कमला शंकर पांडेय, अभिषेक मिश्र, रामू प्रियदर्शी, बाबा गोरखनाथ, आलोक सिंह रोहित, राघवेंद्र पांडेय, शैलेंद्र कोरी समेत मिल्कीपुर विधान सभा के सभी मंडल अध्यक्ष, प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, जिला पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग महिलाओं को स्वावलंबन की राह दिखाता एनटीपीसी टांडा

**अयोध्या।** एनटीपीसी टांडा न केवल ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में भी यह एक मिसाल कायम करता है। टांडा परियोजना अपने आसपास के ग्रामवासियों के साथ गहरे और आत्मीय संबंध बनाए रखती है। युवा कौशल विकास से लेकर महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने तक, एनटीपीसी टांडा हर पहलू में समाज के उत्थान के लिए प्रयासरत है।इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, एनटीपीसी टांडा ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व (छ्स्क्र) और गरिमा महिला मंडल के संयुक्त प्रयास से ह्स्नह्ष्ठत्रष्ट में दिव्यांग महिलाओं के स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। इस अनोखी पहल में शैम्पू, साबुन, और सुगंधित मोमबत्तियाँ बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।कार्यशाला में बड़ी संख्या में दिव्यांग महिलाओं ने भाग लिया और विभिन्न उत्पाद निर्माण के बारीक पहलुओं को आत्मसात किया।

# अयोध्या महोत्सवः पुलिस-डे पर जवानों ने दिखाया अपनी प्रतिभा का जलवा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या महोत्सव में पुलिस डे के आयोजन के दौरान सिविल पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने अपनी बहादुरी और समर्पण का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में एसपी पांडे और सर्वेश चतुर्वेदी ने देशभक्ति पर गीत प्रस्तुत किए, जबकि चंद्रशेखर भारद्वाज ने माता रानी पर गीत गाया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के जवानों ने %जलवा तेरा जलवा पर अपनी प्रस्तुति दी जिससे दर्शक मन्त्रमुग्ध हो गए।

न्यास के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा, यह पुलिस डे का आयोजन हमारे पुलिस जवानों की बहादुरी और समर्पण को सलाम करने के लिए आयोजित किया गया है। हमें अपने पुलिस जवानों पर गर्व होना चाहिए जो हमारे समाज की सुरक्षा के लिए अपनी जान की परवाह नहीं करते हैं। उक्त कार्यक्रम का संयोजन महासचिव संगठन अरुण कुमार द्विवेदी ने किया जबकि कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक नाहिद कैफ, महासचिव ऋचा उपाध्याय, जनार्दन पांडे उर्फ बब्लू, स्वाति सिंह, सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी पवन कुमार उपाध्याय व स्वतंत्र कुमार शुक्ला इंस्पेक्टर रंजीत व शाकिर खान सहित सैकड़ों जवान उपस्थित रहे।

## नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत प्रकरण में किन्नर समाज किया विरोध प्रदर्शन



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के जयराजपुर में एक नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत प्रकरण में किन्नर समाज विरोध प्रदर्शन पर उतर आया है। अयोध्या की गद्दीनशीन पिंकी मिश्रा किन्नर के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं व पुरुषों ने शुक्रवार देर शाम कुचेरा बाजार में कुचेरा डीह से सेवरा मोड़ तक कैंडल मार्च निकाला। बीते 29 दिसंबर को जिले के खण्डासा थाना क्षेत्र के जयराजपुर गांव में नव विवाहिता वैशाली का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता हुआ मिला था। वैशाली का मायका कुचेरा बाजार में है। उसकी शादी 17 फरवरी 2024 को खण्डासा थाना क्षेत्र के जयराजपुर गांव निवासी श्रवण कुमार के साथ हुई थी। नव विवाहिता वैशाली मौर्य की मौत के मामले में पुलिस ने पति, सास, ससुर समेत पांच लोगों पर केस दर्ज किया है, पुलिस ने पति, सास व ससुर को गिरफ्तार भी कर लिया। शुक्रवार की देर शाम किन्नर समाज की गद्दी नशीन पिंकी मिश्रा ने मृतका की मां धर्मराजी व सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों के साथ दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के लिए सेवरा मोड़ तक कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च का नेतृत्व कर रही अयोध्या की गद्दीनशीन पिंकी मिश्रा किन्नर ने कहा कि जब तक दोषियों को सजा नहीं दी जाएगी तब तक किन्नर समाज बैठने वाला नहीं है। कैंडल मार्च में मृतका की मां धर्मराजी, पिता राम कलप, भाई राजेश कुमार, अनिल मौर्या, जगजीवन, साहब प्रसाद, देवीदीन, भगौती दीन, देवी प्रसाद कौशल, अनुज कौशल, ओमप्रकाश तिवारी, अरविन्द मौर्या, संजय पाण्डेय, हंसराज मौर्या सहित सैकड़ों महिलाएं और पुरुष शामिल रहे।

# पूर्व मंत्री प्रदीप व कई किसानों पर मुकदमा दर्ज होने से कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कांग्रेस के पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य पर जनपद झांसी के नवाबाद थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे को लेकर शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो मोहसिन के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुँचकर प्रदेश राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन अति0 जिला मजिस्ट्रेट श्री विवेकशील यादव को सौपा। ज्ञापन के माध्यम से श्री मोहसिन ने बताया कि जिस तरह केंद्र व प्रदेश की सरकार अपनी नाकामी को छुपाने और बे गुनाह किसानों पर अत्याचार करके किसानों और पार्टी के नेताओ पर फर्जी मुकदमे कर रही है इसे कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने इस मामले में प्रदेश के राज्यपाल संज्ञान में लेकर हस्तक्षेप करते हुये पूर्व केन्द्रीय मंत्री, टैक्टर चालक सहित 50 अज्ञात लोगो के खिलाफ दर्ज कराये गये झूठे मुकदमे को वापस लिये जाने के लिये



झांसी जनपद के जिला/पुलिस प्रशासन को निर्देश दे। जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के महामहिम को प्रेषित ज्ञापन मे कांग्रेसजनो ने लिखा है कि उत्तर प्रदेश के जनपद झांसी में मूंगफली के किसान काफी दिनो से अपनी मूंगफली ट्रैक्टर-ट्राली पर लाद कर सरकारी खरीद केन्द्र भोजला मंडी पर खडे थे लेकिन खरीद केन्द्र पर तौलाई के लिये 1400 से 1600 रूपये की वसूली से किसान आक्रोशित थे जिसके कारण वो अपनी-अपनी मूंगफली से लदी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर अपनी पीडा जिलाधिकारी को बताने के लिये कलेक्ट्रेट के लिये चल दिये जहां एक ट्रैक्टर-ट्राली कलेक्ट्रेट के अन्दर चली गयी ओर बाकी गेट के बाहर खडी रही। मूंगफली के किसान अपनी पीडा शान्तिपूर्वक ढंग से एडीएम अरूण कुमार को बता रहे थे इसी बीच पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य किसानो की समस्याओ को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे और उन्होने किसानो की समस्याओ को जिलाधिकारी अविनाश कुमार के चैम्बर में जाकर बतायी जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को मूंगफली किसानो की खरीद के लिये किसानो के साथ भोजला मंडी भेजा औरशान्तिपूर्वक माहौल में सम्पन्न हुयी कही कोई अराजकता नही हुयी लेकिन स्थानीय पुलिस ने कलेक्ट्रेट में तैनात होमगार्ड हर प्रसाद की तहरीर पर एक झूठा मुकद्मा प्रदीप जैन आदित्य, टैक्टर चालक रामपाल सिंह सहित 50 अज्ञात लोगो के खिलाफ थाना नवाबाद में 26 दिसम्बर 2024 को दर्ज करा दिया गया है जो पूरी तरह गलत है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, प्रवक्ता सरजू शर्मा, शबनम वारिस, तस्लीमन खान, दिलशाद वारसी, सुरेन्द्र मिश्रा, श्रीकान्त मिश्रा, मो0 तौकीर, फरहान किद्वाई संजीव मिश्रा, नरेन्द्र वर्मा, सहित दर्जनो की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## अवैध प्लाटिंगः एडीए के अधिकारियों पर लगा मिलीभगत का गंभीर आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या को एक वैश्विक नगरी बनाने का सपना साकार करने के प्रयास दिन-रात जारी हैं। लेकिन दूसरी ओर, अयोध्या विकास प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारियों पर सीएम की योजनाओं के विपरीत कार्य करने और अवैध प्लाटिंग को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। यह आरोप शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी और अधिवक्ता प्रवीण दुबे ने लगाए हैं। उन्होंने एडीए के उपाध्यक्ष को एक शिकायती पत्र भेजकर दावा किया कि अधिकारियों की निष्क्रियता और मिलीभगत से सरकार की छवि खराब हो रही है।प्रवीण दुबे का कहना है कि उन्होंने 21 मार्च 2024 को ग्राम बनवीरपुर, अब्बूसराय और आसपास के इलाकों में हो रही एक दर्जन से अधिक अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। उनका आरोप है कि वीसी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन 9 महीने बीतने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह स्थिति प्राधिकरण के अधिकारियों की अवैध प्लाटिंग कर्ताओं के साथ मिलीभगत को उजागर करती है।अब्बूसराय महाराणा प्रताप वार्ड के गाटा संख्या 778 व 779 सहित अन्य स्थानों पर अवैध प्लाटिंग तेजी से हो रही है। इन गतिविधियों के चलते क्षेत्र में अनियोजित विकास हो रहा है, जो अयोध्या के सुनियोजित विकास के लिए बड़ी बाधा बन रहा है।अवैध प्लाटिंग के बढ़ते मामलों ने अयोध्या के नियोजित विकास को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। दुबे का कहना है कि यदि इन गतिविधियों पर तुरंत रोक नहीं लगाई गई, तो अयोध्या में भविष्य में बुनियादी सुविधाओं का अभाव होगा, जिससे सीएम के विजन को आघात पहुंचेगा। समाजसेवी प्रवीण दुबे ने इस मामले में मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है।

# फरियादियों की समस्याओं का किया जाए गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण : सत्येंद्र कुमार



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शनिवार को तहसील सिरौलीगौसपुर के पारिजात सभागार में जिलाधिकारी बाराबंकी,सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र लेकर आने वाले फरियादियों की विभिन्न समस्याओं को जिलाधिकारी, सत्येंद्र कुमार ने सुना और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि त्रुटिपूर्ण विद्युत बिलों को बिजली विभाग के अधिकारी अविलंब दुरुस्त कराये। जल निकासी के लिये नाली व भूमि सम्बन्धी विवादों का निस्तारण यथाशीघ्र कराया जाए। इसके अलावा अन्य सभी जनसमस्याओं को समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित किया जाए। जिलाधिकारी ने जनसमस्याओं की सुनवाई के दौरान सम्बंधित अधिकारियों से यह भी कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ताओं को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 62 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। राजस्व विभाग से संबंधित कुल 21 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, पुलिस विभाग से संबंधित 05 प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से संबंधित 19 प्रार्थना पत्र, पूर्ति विभाग से 08 प्रार्थना पत्र, विद्युत विभाग से 06 प्रार्थना पत्र, एलडीएम विभाग से 01प्रार्थना पत्र, पशु चिकित्सा विभाग से 01 प्रार्थना पत्र, नगर विभाग से 01 प्रार्थना पत्र हुए। जिसमें से राजस्व विभाग के 03 और पूर्ति विभाग से 04 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद लेकर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनने के साथ ही साथ उन्हें शीतलहर से बचाव के लिये जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर तहसील प्रशासन द्वारा कंबल वितरित किया गया।

## जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में कार्यशाला का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शनिवार को जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन डेमो एंड इट्स स्कोप पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन के विशेषज्ञ अनुज श्रीवास्तव मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों और विद्यार्थियों को रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन के मूल सिद्धांतो और इसके उपयोग अनुप्रयोग तथा उद्योगों में इसके इस्तेमाल की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ



अकादमिक हेड डॉ ऐ के मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ प्रदान करते हुए किया गया तथा उन्होंने कहा कि रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन डिजिटल युग में व्यापार प्रक्रियाओं को सरल और कुशल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्य वक्ता अनुज श्रीवास्तव ने रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन के सिद्धांतो और उसके व्यावहारिक उपयोग को समझाते हुए बताया कि आर पी ए एक सॉफ्टवेयर तकनीक है जिसमे डिजिटल सिस्टम और सॉफ्टवेयर के साथ इंटरैक्ट करते हुए इंसानो की गतिविधियों की कॉपी करने वाले रोबोट को बनाना तैयार करना और प्रतिबंधित करना आसान बनाता है। कार्यशाला के समापन कंप्यूटर साइंस एंड इलेक्ट्रॉनिक विभाग के हेड मो सादिक़ अंसारी ने मुख्य अतिथि व सभी उपस्थित शिक्षकगण एवं विधार्थियो का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की स्क्रीनिंग भी जरूरीः सीएमओ

*अवधनामा संवाददाता*

चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों का एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**महराजगंज।** सीएमओ कार्यालय सभागार में शनिवार को एनसीडी रोगों के इलाज और बचाव विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला ने कहा कि गैर संचारी रोगों का इलाज और बचाव जरूरी है। इस रोग की पहचान के लिए 30 वर्ष से अधिक उम्र के अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग जरूरी है।

एसीएमओ डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि गैर संचारी रोगों के इलाज और बचाव पर कार्यशाला का आयोजन महत्वपूर्ण कदम है। गैर संचारी रोग जैसे मधुमेह, हृदय रोग, और कैंसर मौत का प्रमुख कारण है। इन रोगों का इलाज और बचाव करने के लिए जागरूकता और शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य गैर संचारी रोगों के बारे में जागरूक करना और इलाज के लिए प्रेरित करना है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी



डॉ.राकेश कुमार ने कहा कि 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में संचारी रोगों का जोखिम अधिक होता है। आज एनसीडी रोग गंभीर स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभर रहे हैं। इनके प्रभाव इतने गहरे होते हैं कि अगर समय से इलाज न शुरू किया जाय तो ये जानलेवा साबित हो सकते हैं। ऐसे में एनसीडी के गंभीर रोगियों को उचित इलाज की राह दिखाना और उसे जागरूक करना बहुत जरूरी है।

डिप्टी सीएमओ डॉ वीर विक्रम सिंह ने कहा कैंसर, मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग, अल्जाइमर जैसी बीमारियां इस श्रेणी में आती है। जो धीरे-धीरे व्यक्ति के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। इन बीमारियों से निपटने के लिए ऐसे रोगियों की नियमित जांच एवं दवाइयां उपलब्ध कराना चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों का दायित्व है। डिप्टी सीएमओ डॉ अखिलेश यादव ने कहा कि एनसीडी रोगियों के इलाज के साथ साथ लोगों को इन रोगों से बचाव और नियंत्रण के लिए जागरूक करना भी बहुत जरूरी है। समय समय पर जांच और सही इलाज ही सबसे प्रभावी उपाय है।

कार्यशाला में डॉ आरके सिंह,डॉ अधिदेव,डॉ खालिद,डॉ दुर्विजय,डॉ निरंजन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीरज सिंह सिंह सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट एवं डीईओ आदि प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

# 8 दशक पुराने नगर पंचायत गोसाईगंज के सीमा विस्तार की उठी मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज-अयोध्या।** आजमगढ़ लखनऊ राजमार्ग पर अयोध्या मंडल की सबसे पुरानी बाजार पूर्वांचल सीमांत स्थित राज्य की लगभग 8 दशक पुरानी गोसाईगंज नगर पंचायत के सीमा का विस्तार किए जाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है।गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीता राम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्रीमती आरती जायसवाल ने मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री के साथ साथ मंडलायुक्त एवं डीएम को पत्र भेज कर जल्द से जल्द गोसाईगंज नगर पंचायत से सटे दर्जनों गांवो को नगर पंचायत की सीमा में मिलकर इसका विस्तार किए जाने की मांग की है।भेजे गए पत्र में सभासद श्रीमती जायसवाल ने दर्शाया है कि योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अपने पिछले कार्य काल में प्रदेश में विकास हेतु कई ग्रामों को मिलाकर दर्जनों से अधिक नई नगर पंचायतो का गठन किया।परंतु राज्य की सबसे पुरानी नगर पंचायत गोसाईगंज का सीमा विस्तार आज तक नहीं किया गया। गौर तलब हो कि नगर के विकास एवं सीमा विस्तार हेतु पिछले बोर्ड के कार्यकाल में सभासद ध्रुव भोजवाल द्वारा भी सीमा विस्तार का मांग जहां उठाई जा चुकी हैं वहीं इस बार भी नगर पंचायत के बोर्ड बैठक में सभी सदस्यों ने एक स्वर से प्रस्ताव पास कर सीमा विस्तार किए जाने पर अपनी मुहर लगा दी है। मजेदार बात यह है कि बीते डेढ़ दशक से कई पार्टी संगठनों एवं क्षेत्रीय जनता ने भी सांसद से लेकर विधायक तक मांग पत्र भेजकर तथा समय-समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से सीमा विस्तार के लिए शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया, लेकिन कोई राजनैतिक पकड़ न होने के कारण उनकी यह मांग नक्कार खाने में तू ती की आवाज बन कर रह गई।

## लेखपालों ने एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई के खिलाफ दिया धरना

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने शनिवार को सदर तहसील परिसर में एंटी करप्शन टीम की कथित अनुचित कार्यवाही के खिलाफ धरना दिया। संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि टीम द्वारा लेखपालों पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना किसी ठोस साक्ष्य के लेखपालों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं, जो न केवल अन्यायपूर्ण है बल्कि उनके सम्मान और कार्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। त्रिपाठी ने मांग की कि ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

धरने में बड़ी संख्या में लेखपालों ने भाग लिया और अपनी एकजुटता दिखाई। संघ ने प्रशासन से अपील की कि एंटी करप्शन टीम की कार्यशैली की समीक्षा की जाए और भविष्य में इस तरह की अनुचित कार्रवाई से बचा जाए।

## अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बुजुर्ग घायल



**महराजगंज ( मिठौरा)।** चौक थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा दरहटा के पास एक ट्रक स्टीयरिंग फेल होने से अनियंत्रित हो गया। जिसके चपेट में आने से एक 69 वर्षीय व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार महराजगंज की तरफ से एक ट्रक चौक रोड की तरफ आ रहा था। रास्ते में दरहटा निवासी 69 वर्षीय पूर्णवासी किसी काम से साईकिल से झंझनपुर चौराहे की तरफ जा रहे थे। अभी वह रास्ते में आंगनबाड़ी केंद्र के पास पहुंचा ही था कि ट्रक अनियंत्रित हो गया जिसके चपेट में आने से पूर्णवासी गंभीररूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को इलाज के लिए भेज दिया और ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में इस संबंध में थानाध्यक्ष चौक रामचरन सरोज ने बताया कि ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है अभी परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद मामले की जांचकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यकर्ता ही मेरी असली ताक़त हैंः सुशील टिबड़ेवाल

*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** समाजवादी पार्टी ने शनिवार को कस्बे के शगुन मैरिज हाल में सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें कड़ाके की ठंड में सैकड़ो की संख्या सिसवा विधानसभा के समस्त कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष का कार्यकर्ता सहभोज कार्यक्रम में पहुंचे। सिसवा विधानसभा में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सुशील कुमार टिबड़ेवाल ने कार्यक्रम में कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता ही मेरी असली ताक़त हैं, अपने जीते जी किसी भी कार्यकर्ता पर कोई आंच नहीं आने दूँगा, सरकार के नीति के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम सभी का संकल्प होना चाहिए कि जनता से जुड़े मुद्दों पर का हम समाधान करायें और इसके लिए सड़कों पर उतर कर जन आंदोलन करें। कार्यक्रम का संचालन सपा ज़िलाध्यक्ष विद्यासागर यादव ने करते हुए कहा कि यहाँ पर कड़ाके की ठंड के बावजूद



जुटी भारी भीड़ ने यह साबित कर दिया है कि 2027 में यहाँ की जनता सुशील कुमार टिबड़ेवाल को अपना विधायक चुनने जा रही है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार सिंह ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि अब वह वक्त आने जा रहा है जब इस सिसवा विधानसभा से अपने बीच के बेटे सुशील कुमार टिबड़ेवाल को उत्तर प्रदेश की विधानसभा में भेजना है ताकि इस क्षेत्र का समग्र विकास हो सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से सपा के वरिष्ठ नेता और महराजगंज नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिनिधि निर्मेश मंगल, सपा के पूर्व ज़िलाध्यक्ष राजेश यादव, जिला उपाध्यक्ष महातम यादव, पारसनाथ यादव, अमरनाथ उर्फ़ लल्ला यादव, तैयब अंसारी, राजू दूबे, प्रणय गौतम कन्नौजिया, राधेश्याम मौर्य, शत्रुघ्न कन्नौजिया, जिला महासचिव शमसुद्दीन अली, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेन्द्र प्रताप उर्फ़ बब्बू शाही, संतोष कृष्ण त्रिपाठी, विधानसभा अध्यक्ष कैलाश प्रजापति, विक्रम यादव, अर्जुन यादव, बैजू यादव, राकेश सिंह रिंकू, भोला यादव, राकेश गुप्ता, यज्ञदत्त पासवान, जिला पंचायत सदस्य राम आशीष यादव, बहुआर के ग्राम प्रधान श्यामसुंदर गुप्ता, बोनी शेख, घनश्याम मौर्य, जाफ़र अली, संजय यादव, विमलेश पटेल, राजकुमार पटेल, शैलेश अग्रवाल, ईश्वर यादव, अयूब सिद्दीकी, विजय यादव, गुड्डू पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ई-रिक्शे से आठ बैटरी चोरी पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

निहाल चौधरी

**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा थाना क्षेत्र में चोरी घटनाएं बढ़ गई हैं। इन दिनों चोर घर के सामने खड़े ई रिक्शे की बैटरी पर हाथ साफ कर रहे हैं। दो चौराहे से दो ई रिक्शा से 8 बैटरी चोरी हुई। बिना बैटरी खड़े हो गए ई रिक्शे के पहिए। पीड़ित का कहना है रिक्शा चलाकर




उठाते थे घर का खर्च। एक ई रिक्शे में चार बैटरी का कैसे करें इंतजाम। चोरी की घटना से अन्य ई रिक्शा चालकों व ग्रामीणों में दहशत। घटना की जांच पड़ताल में जुटी मुकामी पुलिस। आस पास के सीसीटीवी के सहारे घटना का पर्दाफ़ाश करने के प्रयास में पुलिस जुटी बताई गई है। इटवा चौराहे के पास पहली घटना हुई। यहां के रहने वाले सूरज अग्रहरि पुत्र धर्मराज घर के सामने ई

### इटवा में ठंड में बढ़ी चोरी की घटनाएं

रिक्शा यूपी 55 टी 0373 खड़ी करके घर के अंदर सोने चले गए। सुबह उठे तो देखा कि 4 बैटरी, चार्जर, रिंच गायब है। पास के सीसीटीवी से चेक किया तो पता चला रात करीब 3 बजे 3 लोग आए और रिक्शे को थोड़ा आगे ले गए और सुनसान जगह पर उसे खड़ी करके बैटरी व अन्य उपकरण चोरी कर रिक्शा वही छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित द्वारा सूचना थाने पर दी गई। एसएचओ ने कहा खोजबीन के दौरान थोड़ी दूरी पर रिक्शा मिला, जिसकी बैटरी गायब थी। चोरी की घटना से संबंधित सूचना पुलिस को दी गई। इटवा थाने के एसएचओ श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि घटना संज्ञान में है। मौके पर पुलिस भेजी गई है। आसपास के सीसीटीवी के जरिए जांच पड़ताल की जा रही है।

### पिपरा गोसाई में भी हुई घटना

इटवा थाना के ही पिपरा गोसाई में इसी तरह की चोरी की घटना हुई। यहां शमशेर पुत्र हबीबुल्लाह के घर के सामने खड़े ई रिक्शा को अज्ञात चोर घर से करीब 200 मीटर दूर ले गए और फिर उसमें से 4 बैटरी चोरी करके रिक्शा वही छोड़ कर भाग खड़े हुए। सुबह में घर वाले उठे तो देखा ई रिक्शा नहीं है।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में 76 मामले 10 का हुआ निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** तहसील शोहरतगढ़ मे शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। तहसील शोहरतगढ़ में जिलाधिकारी डा राजागणपति आर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा अभिषेक महाजन की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

तहसील शोहरतगढ़ में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी डा राजागणपति आर, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ चन्द्रभान सिंह तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डा अभिषेक महाजन द्वारा किया गया। जिलाधिकारी डा राजागणपति आर द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछ्ले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का



अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस शोहरतगढ़ में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 94 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-76, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-05, विकास-05 तथा अन्य-08 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। राजस्व के 10 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्र्देशित किया गया।

सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा रजत कुमार चौरसिया, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीएसओ देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जीवनलाल, तहसीलदार शोहरतगढ़, तहसील शोहरतगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एएनएम उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं पर दे ध्यान : डॉ. शैलेंद्र मणि

## भनवापुर के नेबुआ व फत्तेपुर में आयोजित टीकाकरण शिविर में 27 बच्चों व 15 महिलाओं का हुआ जांच

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक अंतर्गत सीएचसी सिरसिया अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र मणि ओझा ने शनिवार को रमवापुर उर्फ नेबुआ में आयोजित टीकाकरण शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएनएम उर्मिला, आशा शिवकुमारी तथा आंगनबाड़ी आरती उपस्थित मिली। टीकाकरण शिविर में 14 बच्चों समेत 9 गर्भवती को सेवा दी जानी थी।

अधीक्षक ने एएनएम को उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं पर ध्यान देने की बात की। एएनएम तथा आशा बहू को 100 दिवसीय टीबी अभियान में पात्र व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करने के लिए निर्देशित किया तथा कहा की एएनएम गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण व



प्रसव पूर्व जांच करें तथा संस्थागत प्रसव करवाया जाए जिसे जच्चा और बच्चा को सुरक्षित किया जा सके। अधीक्षक ने कहा कि आशा बहू के गांव में सभी गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत दी जाने वाली निःशुल्क अल्ट्रासाउंड एवं अन्य सुविधाएं के लिए आम जनमन को जागरूक करे।

डॉ ओझा ने एएनएम तथा आशा बहू को टीकाकरण के एक दिन पूर्व डियू लिस्ट तैयार करते हुए बुलावा पर्ची का वितरण करने के लिए निर्देशित किया।

इसी क्रम में फत्तेपुर में आयोजित शिविर में एएनएम रेश्मा शर्मा के द्वारा 13 बच्चों का टीकाकरण करते हुए छ गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच व टीकाकरण किया। इस दौरान राजीव कुमार त्रिपाठी, शैल कुमारी, आशा देवी, शालू,अनुपमा आदि उपस्थित रहे।

# खांसी को न करें नजरंदाज कराएं बलगम की जांच



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के पेंड़ारी मुस्तहकम गांव में शनिवार को क्षय रोग उन्मूलन अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।अधीक्षक सीएचसी सिरसिया डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा के उपस्थित में गांव के 113 लोगों का जांच किया गया,जिसमे क्षय रोग के संभावित 75 लोगों को बलगम नमूना के लिए डिब्बी वितरित किया गया। इस दौरान डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि एक सप्ताह से अधिक दिनों तक आने वाले खांसी को नजरंदाज न करें,तत्काल नजदीकी पीएचसी, सीएचसी के साथ ही आरोग्य मंदिर में बलगम की जांच अवश्य कराएं। धूमपान, शराब का सेवन करने वाले,क्षय रोगियों के साथ रहने वाले, लोगो को भी जांच कराना जरूरी है। क्षय रोग के मरीजों को निश्चय पोषण योजना के तहत एक हजार रूपए प्रति माह खान पान के लिए दिया जाएगा। इस दौरान शत्रुघ्न निषाद, मैराज अहमद, दीपक मधुकर, शकुंतला, शिवनाथ, नंदलाल, राम सुहाग यादव, केशव राम आदि उपस्थित रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नी का डीएम ने किया निरीक्षण, कार्यों में सुधार हेतु दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बढ़नी का निरीक्षण किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी द्वारा पीएचसी के टाइलिंग, छत मरम्मत और अन्य कार्यों का जायजा लिया गया। जेई ने जानकारी दी कि भवन की छत का मरम्मत कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि पीएचसी के सभी लंबित कार्यों का स्टीमेट तैयार कर एक महीने के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराया जाए। साथ ही, छत के मरम्मत कार्य में 5 साल की गारंटी सुनिश्चित की जाए और यह भी ध्यान दिया जाए कि छत से पानी न टपके। इसके बाद जिलाधिकारी ने पीएचसी के वार रूम का निरीक्षण किया। यहां 2 स्टाफ नर्स



और 1 डाटा एंट्री ऑपरेटर ड्यूटी पर उपस्थित मिले। उन्होंने एचआरपी (हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी) महिलाओं, विशेषकर हाई ब्लडप्रेशर और हीमोग्लोबिन की कमी से ग्रस्त महिलाओं की डाटा एंट्री के बारे में जानकारी ली।

स्टाफ नर्सों द्वारा संतोषजनक जानकारी न देने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और प्रभारी एमओआईसी डॉ.अविनाश चौधरी को निर्देश दिया कि स्टाफ नर्स सरिता, सौम्या और डाटा एंट्री ऑपरेटर विजय को चेतावनी पत्र जारी किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पीएचसी के सभी कर्मचारियों के कार्यों की प्रगति प्रतिदिन सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ चंद्रभान सिंह, खंड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह, जेई और अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### अखिलेश मिश्रा को फार्मासिस्ट उपाध्यक्ष मनोनीत होने लोगों ने दी बधाई

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला द्वारा फार्मासिस्ट अखिलेश मिश्रा को डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया संगठन के लोगों ने बधाई दिया। बधाई देने वालों में लोटन अधीक्षक अमित कुमार चौधरी, प्रभात शुक्ला, गोविंद ओझा, योगेन्द्र यादव, सत्य प्रकाश चौधरी, सुभाष उपाध्याय, राजेश पाण्डेय, रविशंकर त्रिपाठी, डीबी राय, रामलालित चौधरी, ब्रजेश पाण्डेय, संतोष मिश्रा ने बाधाई दी कहा की मिश्रा जी को संगठन में आने से संगठन को मजबूती मिलेगी। अखिलेश मिश्रा ने कहा की आप लोगों द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाकर हमारे उपर बडी जिम्मेदारी सौपी है। हमारा प्रयास रहेगा की संगठन के किसी भी व्यक्ति को कोई भी समस्या होती है तो हम उनके साथ खडा रहेंगे।



### आमने-सामने की टक्कर में छात्रा घायल

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के लोटन - सोहास रोड़ पर लोटन थाने के सामने दो बाईक के आमने सामने की टक्कर में ग्राम सिंगरहा निवासी गुड़िया जायसवाल पुत्री दिनेश जायसवाल उम्र 14 वर्ष बुरी तरह घायल हो गयी। घटना सुबह दस बजे की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश का लड़का अपने बाईक से सिंगरहा से छात्रा गुड़िया को कल्पनाथ सिंह कन्या इंटर कालेज छोड़ने जा रहा था कि सोहास के तरफ से अपने बाईक से आ रहे नितिन तिवारी पुत्र अवधेश तिवारी कानपुर देहात,हाल मुकाम नौगढ़ गुटका व अन्य समान सप्लाई करने लोटन कस्बे मे रहा था कि तेज रफ़्तार रहने के कारण सीधा टक्कर हो गई। जिसमे गुड़िया बुरी तरह घायल हो गयी।आनन फानन में सी एच सी लोटन लाया गया जहां लड़की की प्राथमिक उपचार के बाद हालत के गम्भीरता देखते हुए डाक्टरो ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। गाड़ी चला रहे लड़की के भाई को हल्की चोट लगने के कारण दवा देकर घर भेज दिया गया। पुलिस ने दोनों बाईक को अपने कब्जे में रखकर कार्यवाही में जुटी है।

### राजस्व निरीक्षक व लेखपाल संघ ने सौपा ज्ञापन



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ व राजस्व निरीक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर साजिशन / झूठा फंसाये जाने की नीयत से साधारण शिकायत के आधार पर एन्टी करप्सन / विजिलेंस टीम द्वारा जबरन ट्रैप की कार्यवाही पर रोक लगाए जाने तथा प्रदेश के विभिन्न तहसीलों यथा अभी हाल में ही जनपद गाजीपुर की तहसील कासिमाबाद में लेखपाल को एन्टी करप्शन टीम द्वारा जबरदस्ती पैसा जेब मे डालकर गिरफ्तार किए जाने की घटना के विरोध में प्रदेश के सभी तहसीलों में राजस्व निरीक्षक व लेखपाल संघ द्वारा संयुक्त रूप से सुबह 10 बजे से 2 बजे तक धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया तथा माननीय मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन लेखपाल संघ द्वारा उपजिलाधिकारी महोदय डुमरियागंज को दिया गया।

### 70 मरीजो का जांच कर दवा मुहैया कराया गया

**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में शनिवार को शांती कमल हेल्थ केयर पांउडेशन द्वारा स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 70 मरीजो का जांच कर दवा मुहैया कराया गया। स्वास्थ्य शिविर कैम्प का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे, डा शशि व डा वेद प्रकाश पांडेय ने फीता काट कर किया।

### कांग्रेसियों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**बस्ती।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर 26 दिसम्बर को झांसी में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर सरकारी खरीद केंद्र पर किसानों की मूँगफली खरीदे जाने व कमीशनखोरों पर कार्यवाही की मांग करने वाले दर्जनों कांग्रेसियों तथा मूंगफली किसानों पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की गई। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' के नेतृत्व में कांग्रेसी शास्त्री चौक पर इकट्ठा हुये। यहां से प्रदर्शन करते हुये कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां स्थानीय प्रशासन को राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेता ने कहा झांसी में मूंगफली किसानों से खरीद कराने के नाम पर 1400 से 1600 रुपए की वसूली की जा रही है। आक्रोशित किसान भोजला मण्डी से अपनी मूँगफली से लदी ट्रेक्टर ट्रालियां लेकर जिलाधिकारी को अपनी पीड़ा सुनाने पहुंचे थे।

# गड़बड़ी मिलने पर सीडीओ ने लगाई फटकार

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी आनंद शुक्ला ने जलालपुर विकासखंड के सुल्तानपुर खुर्द में चौपाल लगाई। पशु आश्रय स्थल पटोहा गानेपुर में हरा चारा, पशु आहार और साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिया है कि तत्काल व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। इसके अलावा चौपाल के दौरान पेंशन न बनने की शिकायत मिलने पर समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया। जल जीवन मिशन के तहत कम कनेक्शन मिलने पर नाराजगी जताई। मुख्य विकास अधिकारी सबसे पहले गोवंश आश्रय स्थल पटोहा गाने पहुंचे। यहां पर पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था नहीं की मिली। पशु आहार भी नहीं था। जिस पर उन्होंने गहरा रोष व्यक्त किया। सुल्तानपुर खुर्द में जनता की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने बताया कि पेंशन नहीं मिल रही है। जिस पर सीडीओ ने समाज कल्याण अधिकारी को वृद्धावस्था पेंशन, विधवा, विकलांग पेंशन कैंप लगाकर जारी करने के निर्देश दिए। सांसद, विधायक निधि के तहत ग्राम पंचायत गौसपुर ककरहिया में एवं मघीपुर जीवट में इंटरलॉकिंग और सीसी रोड निर्माण का निरीक्षण करते हुए मॉडल ग्राम के रूप में चयनित ग्राम पंचायत सुल्तानपुर खुर्द में निर्मित पांच सोकपिट निर्माण का निरीक्षण किया।जल जीवन मिशन के तहत सुल्तानपुर खुर्द में 422 घरों के सापेक्ष अब तक केवल 97 घरों में पानी का कनेक्शन कराया गया है। पानी की सप्लाई भी अभी शुरू नहीं हुई, जबकि सोलर पैनल लगा मिला। मुख्य विकास अधिकारी ने जल निगम के अवर अभियंता को निर्माण के दौरान टूटी सड़कों को ठीक कराने और शत प्रतिशत पानी का कनेक्शन करने का निर्देश दिया। सीडीओ ने खंड विकास कार्यालय जलालपुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जीर्ण शौचालय को तीन दिवस के भीतर मरम्मत कराकर फोटो भेजने का निर्देश दिया। बाबा जगदेव धाम बांदीपुर के विकास कार्यों का भी उन्होंने निरीक्षण किया और प्लिंथ प्रोटेक्शन के कार्य के चारों तरफ दरार मिलने और एक तरफ गिराने पर नाराजगी जताते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि इसे तत्काल ठीक कराया जाए। ग्राम पंचायत गौसपुर काकरहिया में निर्माणाधीन बारात घर कम सिलाई केंद्र का निर्माण का धीमा होने पर रोष व्यक्त करते हुए अविलंब कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# दिव्यांग महिलाओ को स्वालम्बन के मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित करता है टांडा एनटीपीसी

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा न केवल ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में भी यह एक मिसाल कायम करता है। टांडा परियोजना अपने आसपास के ग्रामवासियों के साथ गहरे और आत्मीय संबंध बनाए रखती है। युवा कौशल विकास से लेकर महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने तक, एनटीपीसी टांडा हर पहलू में समाज के उत्थान के लिए प्रयासरत है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, एनटीपीसी टांडा ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व और गरिमा महिला मंडल के संयुक्त प्रयास से NFNDRC में दिव्यांग महिलाओं के स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। इस अनोखी पहल में शैम्पू, साबुन, और सुगंधित मोमबत्तियाँ बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में दिव्यांग महिलाओं ने भाग लिया और विभिन्न उत्पाद निर्माण के बारीक पहलुओं को आत्मसात किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि



दिव्यांग महिलाओं को न केवल स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाए, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी मजबूती दी जाए। यह प्रशिक्षण न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को भी बढ़ावा देगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा ने अपनी प्रेरणादायक उपस्थिति से इस आयोजन को गौरवान्वित किया। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, यह कार्यशाला दिव्यांग महिलाओं के लिए एक नई शुरुआत है। यह उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का साहस और अपने सपनों को पूरा करने का मार्ग प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि एनटीपीसी टांडा इन महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय के लिए बाजार उपलब्ध कराने में हर संभव सहायता करेगा। इस कार्यशाला का कुशल संचालन सुश्री निष्ठा सिंह, अधिकारी ने किया। गरिमा महिला मंडल और CSR टीम के सामूहिक प्रयासों ने इस कार्यक्रम को एक प्रेरणादायक पहल बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर श्रीमती संघमित्रा परिदा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं और भविष्य में इस तरह की और भी गतिविधियों के आयोजन का वादा किया। एनटीपीसी टांडा का यह प्रयास एक मिसाल है कि किस तरह समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाया जा सकता है। यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं के जीवन में बदलाव लाएगा, बल्कि उनके परिवारों और समुदायों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

### जनता की समस्याओं का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरिः डीएम

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** जनता की समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण संभव हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन विधायक हरैया अजय सिंह एवं जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में तहसील हरैया के सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने समस्याओं को बहुत ही गंभीरता के साथ सुनने के उपरांत मौके पर ही उनका निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है, इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि भूमि विवाद सम्बंधित जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। जिन शिकायतों का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है, संबंधित विभाग के अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

### महिला प्रधान से अभद्रता, केस दर्ज

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के मधवापुर गांव में तीन दिन पूर्व गांव में ही जमीन विवाद के मामले में फैसला करने के लिए गई महिला प्रधान से कुछ लोगों ने अभद्रता की। प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद समेत चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर किया है।मधवापुर निवासी व गांव की प्रधान इंद्रावती देवी के मुताबिक बुधवार शाम गांव के ही संजय अपनी भूमि पर निर्माण कर रहे थे। निर्माण को लेकर कुछ विवाद हुआ था। मामले के निस्तारण के लिए उन्हें बुलाया गया था। मामले में किसी बात को लेकर बात बिगड़ गई। आरोप है कि मयंक सिंह व अज्ञात चार लोगों प्रधान से अभद्रता की। 112 नंबर को फोन किया गया तो मामला शांत हो गया। उसी दिन शाम को वह बाजार गई थी। इस दौरान एक बार फिर युवकों ने उनके साथ अभद्रता की। प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### गोविन्द साहब मेले मे घटने लगी श्रद्धालुओं की भीड़

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पूर्वांचल के ऐतिहासिक महात्मा गोविंद साहब मेले में मनोरंजक संसाधनों पर रोक लगाए जाने के चलते श्रद्धालुओं की संख्या घटने लगी है।14 जनवरी से पहले ही मेले में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार घटने से दुकानदारों के चेहरों पर मायूसी साफ तौर पर देखने को मिल रही है। बताया जाता है कि गत दिनों 31 दिसंबर को शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मनोरंजक संसाधनों पर रोक लगाने का निर्देश दिया था। गेहूं के साथ घुन पिसने की कहावत चरितार्थ हुई और एक वैरायटी शो और थिएटर संचालक की गलती का खामियाजा अन्य लोगों को भी भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों एवं मनोरंजक संसाधनों के संचालकों का कहना है कि उनके समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों ने मामले की जांच कराकर मनोरंजक संसाधनो को शुरू करनें की अनुमति दिए जाने की मांग किया है।

### घटिया निर्माण सामग्री से हो रहा आंगनबाड़ी भवन का निर्माण

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नौनिहालों के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार जहां प्रयत्नशील है वहीं सरकारी कर्मचारी और ठेकेदार आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण में अनियमितता कर उनकी ज़िन्दगी से खिलवाड़ कर रहे है। ब्लॉक में बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों में से कई केंद्रों पर मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। अकबरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत पीरपुर स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में ग्रामीणों ने अनियमितता का आरोप लगाया है।ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में दोयम दर्जे की ईंट और मानक के विपरीत सीमेंट-बालू के मिश्रण का उपयोग किया जा रहा है। आंगनबाड़ी के निर्माणधीन भवन की गुणवत्ता को प्रभावित करेगा। इस छत के नीचे छोटे-छोटे बच्चों को बैठना है। गुणवत्ताहीन कार्य से भवन कमजोर रहेगा। ठेकेदार ग्रामीणों के सीधेपन का लाभ उठाकर घटिया काम करा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाये तब भी उसी प्रकार कार्य होता रहता है बल्कि शिकायत के बाद और तेजी से घटिया सामग्री का प्रयोग कर निर्माण करवा दिया जाता है। अब देखना यह है कि क्या जिले के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेकर क्या कदम उठते हैं यह अपने आप में यक्ष प्रश्न है।

### लेखपाल संघ ने तहसील दिवस का बहिष्कार किया

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** लेखपाल संघ ने तहसील दिवस का बहिष्कार करते हुए एंटी करप्शन के द्वारा फर्जी हो रहे कार्रवाई को लेकर आज उप जिलाधिकारी पवन जायसवाल ,तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव को ज्ञापन दिया। जलालपुर तहसील दिवस के अवसर पर लेखपाल संघ ने तहसील दिवस का बहिष्कार किया। जलालपुर तहसील अध्यक्ष जयकरन ने बताया कि लेखपाल राजस्व विभाग का फील्ड का कर्मचारी होता है और दो पक्षों के विवाद के निस्तारण संबंधित की गई कार्रवाई से एक पक्ष असंतुष्ट होना स्वाभाविक होता हैं। असंतुष्ट व्यक्ति लेखपालों के खिलाफ साजिश करके एंटी करप्शन टीम के संयंत्र बनाकर फर्जी मुकदमे में फंसा देती है। महाराजगंज, सरोजिनी नगर और कासिमाबाद में लेखपालों को एंटी करप्शन टीम के द्वारा फर्जी फसाया जाता है। इस मौके पर सुभाष चंद्र मिश्रीलाल राज कपूर राजस्व निरीक्षक ने भी इस बहिष्कार का समर्थन किया है इस मौके पर गुलनाज बानों , घनश्याम वर्मा, रविकांत त्रिपाठी, संतोष कुमार, एजाज़ हुसेन, सुमित, राम पुजारी लेखपाल संघ मौजूद रहें।

## यह उथल-पुथल का साल!

प्रधानमंत्री मोदी ने नए साल पर अमन-चैन, भाईचारे और आस्था की शुरुआत की है। उन्होंने अजमेर शरीफ के ख्वाजा के दर पर आस्था की चादर भिजवाई है। यह प्रधानमंत्री की 11वीं चादर है, जिसे लेकर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और कुछ सचिव स्तर के बड़े अधिकारी लेकर अजमेर गए हैं। अजमेर से पहले रिजिजू ने दिल्ली में निज़ामुद्दीन औलिया की पाक दरगाह पर चादर चढ़ाई। प्रधानमंत्री मोदी ने यह कोशिश तब की है, जब कुछ हिंदूवादी संगठनों ने अजमेर की पाक दरगाह के नीचे शिव मंदिर होने का दावा किया है। उस शिवालय को ध्वस्त करके मुगलों ने अजमेर की मस्जिद और दरगाह बनाई थी। हालांकि अजमेर शरीफ में मुसलमानों से ज्यादा हिंदू इबादत करने, चादर चढ़ाने जाते रहे हैं। इस रवायत को नजरअंदाज कर केस अदालत में भी दर्ज कर दिया गया है। प्रधानमंत्री की आस्था की चादर से हिंदू-मुस्लिम पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। कुछ हिंदूवादी चेहरे प्रधानमंत्री से नाराज भी बताए जा रहे हैं और वे अजमेर-संभल समेत कुछ इलाकों की मस्जिदों के नीचे मंदिर ढूंढने पर आमादा हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत के आदेश का उल्लंघन करते हुए खुदाई के काम जारी हैं। क्या सर्वोच्च अदालत संज्ञान लेकर अवमानना की कार्रवाई करेगी? क्या भाजपा वाले सरसंघचालक मोहन भागवत की अपील का भी विरोध कर सकते हैं? क्या उनमें ऐसा दुस्साहस है? सरसंघचालक चाहते हैं कि अब अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद हरेक मस्जिद के नीचे शिवालय, महादेव का मंदिर ढूंढना बंद किया जाए। इन गतिविधियों से कोई भी व्यक्ति 'हिंदुओं का नेता' बनने का भ्रम न पाले।

बहरहाल यदि शीर्ष अदालत के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है, तो संभव है कि नए साल में, देश में, संविधान का संकट भी उभर सकता है! कुछ तत्त्व न तो प्रधानमंत्री की सुन रहे हैं, न संसद की बात मानना चाहते हैं और न ही सर्वोच्च अदालत का फैसला उन्हें स्वीकार्य है, नतीजतन क्या होगा? यदि देश में संविधान का संकट सामने आता है, तो हमारे लोकतंत्र की तमाम व्यवस्थाएं सवालिया हो सकती हैं! यानी गणतंत्र ही दांव पर लगाया जा सकता है! इसी साल वक्फ बोर्ड और 'एक देश, एक चुनाव' सरीखे विवादित बिल भी संसद में पारित किए जाने हैं। इन बिलों पर देश की राजनीति बिलकुल विभाजित है और सांप्रदायिक तनाव और हिंसा के हालात भी स्पष्ट हैं। सवाल है कि क्या 2025 सांप्रदायिक, वैचारिक आधार पर उथल-पुथल का साल साबित होगा? इसी साल दिल्ली, बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं, लिहाजा दिल्ली के उपराज्यपाल के दफ्तर ने धार्मिक स्थलों को तोड़ने के संदर्भ में जो रहस्योद्घाटन किया है, उससे भी राजनीति बेहद गरमाएगी। उपराज्यपाल सचिवालय ने खुलासा किया है कि 8 फरवरी, 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने 9 मंदिरों को गिराने की सिफारिश की थी। ऐसी ही सिफारिशें दिल्ली के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और गृहमंत्री सत्येन्द्र जैन ने भी की थीं। 2016-23 के दौरान तत्कालीन 'आप' सरकार ने 24 मंदिरों और धार्मिक स्थलों को तोडने की सिफारिशें की थीं। इन धार्मिक स्थलों में एक भी मस्जिद का संदर्भ नहीं है। हालांकि उपराज्यपाल ने वे तमाम सिफारिशें खारिज कर दी थीं। ये सांप्रदायिक विभाजन, तनाव और टकराव के उद्धरण हैं, जो देश के हालात में उथल-पुथल बो सकते हैं। इन्हीं स्थितियों में प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को करीब 4500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन किए। दिल्ली में वीर सावरकर के नाम पर कालेज बनाया गया है। केजरीवाल ने सरसंघचालक भागवत को हाल ही में जो चिट्ठी लिखी थी, उसमें भी वोट काटने और खरीदने के मुद्दों का जिक्र था। इसके अलावा, पंजाब और बिहार में बंद, अनशन, चक्का जाम, रेल रोको आदि के जो आंदोलन चलाए जा रहे हैं, वे भी देश की शांति, स्थिरता को डांवाडोल कर सकते हैं।

## निराशा त्यागे सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े

निराशा और चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक हैं। निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है अतः सकारात्मक सोच के साथ नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हो हों। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया


संजीव ठाकुर

तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके। कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है। जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ीसफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए । यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है। और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है। भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है। ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत, ज्ञानेश्वर तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी, नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**इस बार आप और बीजेपी उन सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं जहां उन्हें पहले भारी समर्थन मिला था। साथ ही, वे उन सीटों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही हैं जहां जीत का अंतर कम था। पिछले चुनाव में 15 ऐसी सीटें थीं जहां जीत का अंतर 10,000 से कम था। 2015 में ऐसी केवल 6 सीटें थीं। 26 सीटों पर जीत का अंतर 10,001 से 20,000 वोटों के बीच था, जबकि 14 सीटों पर यह अंतर 20,001 से 30,000 वोटों के बीच था। 15 सीटों पर जीतने वाले उम्मीदवार को अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 30,000 से अधिक वोट मिले, और ये सभी सीटें आप ने जीतीं।**

# दिल्ली में इस बार होगा त्रिकोणीय मुकाबला

दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनावों में आप, बीजेपी और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला होने वाला है। चुनाव एक महीने बाद होने की संभावना है। आप पिछले दो चुनावों में जीत हासिल कर चुकी है, जबकि बीजेपी अपनी स्थिति सुधारने की कोशिश में है। दिल्ली में अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को वापस पाने के लिए कांग्रेस पूरा दमखम लगा रही है। मजबूत प्रत्याशियों को चुनावी रण में उतारने के साथ ही कांग्रेस नेता आम आदमी पार्टी की घेराबंदी में जुटे हैं। आप नेतृत्व को लेकर तीखी बयानबाजी कर रहे हैं। कांग्रेस के रणनीतिकार किसी तरह से चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के प्रयास में हैं। इससे आम आदमी पार्टी की बेचैनी बढ़ रही है। उसे त्रिकोणीय मुकाबला होने पर भाजपा विरोधी मतों के विभाजन का डर सता रहा है। यही कारण है कि आप नेता कांग्रेस पर भाजपा को मदद पहुंचाने का आरोप लगा रहे हैं। तीनों पार्टियां चुनाव प्रचार में पूरी ताकत लगा रही हैं और कम वोटों के अंतर वाले सीटों पर विशेष ध्यान दे रही हैं।


रोहित माहेश्वरी

आम आदमी पार्टी ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन किया है। 2015 में, आप ने 70 में से 67 सीटें जीतीं और 54.6 फीसदी वोट हासिल किए। 2020 में, पार्टी को 62 सीटें मिलीं और वोट शेयर थोड़ा कम होकर 53.6 फीसदी रह गया। भारतीय जनता पार्टी 2013 में 32 सीटें जीतकर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। हालांकि, 2015 में उसकी सीटें घटकर केवल तीन रह गई, जबकि 2020 में वह 8 सीटें जीतने में कामयाब रही। कांग्रेस का प्रदर्शन पिछले कुछ चुनावों में लगातार खराब रहा है। 2008 में 43 सीटें जीतने वाली कांग्रेस 2013 में 24.6 फीसदी वोट शेयर के साथ 8 सीटों पर सिमट गई। 2015 और 2020 में पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई। इस बार आप और बीजेपी उन सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं जहां उन्हें पहले भारी समर्थन मिला था। साथ ही, वे उन सीटों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही हैं जहां जीत का अंतर कम था। पिछले चुनाव में 15 ऐसी सीटें थीं जहां जीत का अंतर 10,000 से कम था। 2015 में ऐसी केवल 6 सीटें थीं। 26 सीटों पर जीत का अंतर 10,001 से 20,000 वोटों के बीच था, जबकि 14 सीटों पर यह अंतर 20,001 से 30,000 वोटों के बीच था। 15 सीटों पर जीतने वाले उम्मीदवार को अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 30,000 से अधिक वोट मिले, और ये सभी सीटें आप ने जीतीं। आप की रणनीति यह है कि पिछले चुनाव में जिन सीटों पर जीत का अंतर 10,000 से कम था, वहां किसी भी पार्टी की जीत हो सकती है। इसलिए पार्टी नेतृत्व



बूथ स्तर पर हमारे कार्यकर्ताओं के साथ लगातार संपर्क में है ताकि हमारे उम्मीदवारों को अधिकतम वोट मिलें। आप ने दूसरे राज्यों से अपने सबसे अच्छे चुनाव प्रबंधकों को दिल्ली में कार्यकर्ताओं की मदद के लिए बुलाया है।

वहीं बीजेपी की रणनीति यह है कि कई सीटों पर मुकाबला कड़ा होगा, खासकर जहां जीत का अंतर कम था। कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद के साथ, बीजेपी पदाधिकारियों ने कहा कि उनके पास उन सीटों पर भी नतीजे बदलने का अच्छा मौका है जहां आप पिछले चुनाव में बड़े अंतर से जीती थी। असल में कांग्रेस और आप का वोट बैंक एक ही है, इसलिए कांग्रेस के वोट शेयर में सुधार से बीजेपी की जीत की संभावनाएं सीधे तौर पर बढ़ेंगी। 2020 के चुनावों में, कांग्रेस ने 66 सीटों पर चुनाव लड़ा था। उसके 3 उम्मीदवारों को 20,000 से अधिक वोट मिले। जबकि 5 को 10,001 से 20,000 के बीच वोट मिले। 20 उम्मीदवारों को 5,001 से 10,000 वोट मिले, जबकि 38 उम्मीदवार 5,000 से कम वोटों पर सिमट गए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस केवल कुछ सीटों पर नतीजों को प्रभावित ही नहीं करेगी हो सकता है कुछ सीट वो जीत भी जाए। तमाम आंकड़ों और विश्लेषण के अलावा भाजपा और कांग्रेस आम आदमी पार्टी पर लगातार कड़ी बयानबाजी कर रही हैं। आप भी पलटवार से चूक नहीं रही। यानी शब्द बाणों से भी एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। कांग्रेस नेता एवं पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को 'देशद्रोही' और 'फर्जीवाल' करार दिया है और उनकी राजनीति से सचेत रहने को आगाह किया है। पलटवार में केजरीवाल ने कांग्रेस को अल्टीमेटम का जो वक्त दिया था, वह समाप्त हो चुका है। केजरीवाल ने अपनी धमकी के मुताबिक न तो 'इंडिया' गठबंधन को कांग्रेस को निकाल बाहर करने का आग्रह किया है और न ही ऐसा आग्रह स्वीकार करना संभव है।

कांग्रेस ने अपने नेता के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की है। बल्कि कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने केजरीवाल के खिलाफ जो शिकायतनामा उपराज्यपाल विनय सक्सेना को दिया था, उस पर पुलिसिया जांच के आदेश दे दिए गए हैं। परोक्ष रूप से लगता है कि दिल्ली के चुनाव में भाजपा-कांग्रेस साथ-साथ हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी यही आरोप लगाया था कि चुनावों के मद्देनजर भाजपा-कांग्रेस में सांठगांठ है। यह कुछ सच भी लग रहा है। भाजपा-कांग्रेस की एक साथ राजनीति बेहद चौंकाती है, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर वे राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के बजाय 'नफरती दुश्मन' अधिक हैं। आज से छह माह पूर्व, जून-2024 के आम चुनाव तक, कांग्रेस और 'आप' सहोदरी गठबंधन में थे और मिल कर लोकसभा चुनाव लड़ा था। यह दीगर है कि दिल्ली में भाजपा ने इस गठबंधन को सातों संसदीय सीटों पर चित कर दिया था। उसके बाद कांग्रेस-आप का गठबंधन जिस तरह दोफाड़ हुआ है, उससे सवाल उठते हैं कि क्या 'इंडिया' का अस्तित्व अब भी जिंदा है? क्या 'इंडिया' एकजुट, लामबंद होकर प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा को चुनौती देने की स्थिति में है? क्या 'इंडिया' धीरे-धीरे अलग-थलग होकर बिखरने के कगार तक पहुंच गया है? कांग्रेस के अन्य घटक दलों के साथ भी संबंध सामान्य नहीं हैं। कांग्रेस-भाजपा बनाम केजरीवाल की राजनीति का विश्लेषण करना अनिवार्य है, क्योंकि कई संवैधानिक सवाल पैदा होते जा रहे हैं। उपराज्यपाल की जांच भी संदिग्ध है। पंजाब से पैसा दिल्ली भेजा जा रहा है, इसका बुनियादी साक्ष्य क्या है? दूसरी तरफ 'आप' के कार्यकर्ताओं ने तीन दिन में ही 'महिला सम्मान योजना' के तहत करीब 22 लाख महिलाओं का पंजीकरण कर लिया है। 'संजीवनी योजना' के तहत 2 लाख से अधिक बुजुर्गों का पंजीकरण कर लिया गया है। इन लाखों लोगों का निजी डाटा जुटाया गया है। क्या यह कानूनन अपराध है? यदि यह अपराध जांच के काबिल है, तो चुनाव से पहले ऐसी तमाम घोषणाओं के लिए लोगों के पंजीकरण भी अपराध हैं। ऐसी कवायद केंद्र सरकार के स्तर पर भी की जाती रही है।

# मनमोहन सिंह के सहारे लोकतांत्रिक मर्यादा को याद करना

**गांव से ऑक्सफोर्ड-कैम्ब्रिज की यात्रा, एक गरीब परिवार से सत्ता के शीर्ष तक पहुँचने का संघर्ष सबको प्रेरित करता है। उनके इस पक्ष को याद करने में प्रधानमंत्री मोदी को भी कोई परेशानी नहीं हुई। लेकिन भारतीय मानस सिर्फ़ सफलता की पूजा नहीं करता। यूँ भी उनका संघर्ष किसी सामाजिक या राजनीतिक कार्यकर्ता का संघर्ष नहीं था। उनकी सफल जीवन यात्रा से ज़्यादा महत्वपूर्ण था उनका व्यक्तित्व जो इस सफलता को चार चंद लगाता था। उनका मितभाषी, मृदुभाषी और विनम्र होना शायद उन्ही लोगो को दिख पाता था जो उनसे मिल सके।**

डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन के बाद उनके प्रति उमड़ी सार्वजनिक श्रद्धा एक मायने में चौंकाती है। मनमोहन सिंह जी ना तो कोई करिश्माई व्यक्तित्व के धनी थे, ना उनका अपना कोई व्यापक जनाधार था, ना ही वे वाकपटुता के लिए जाने जाते थे। उनकी नीतियों से जिन आम लोगों को फ़ायदा हुआ था, वे यह जानते भी नहीं होंगे। यह याद दिलाने वाला उनका सीधे-सीधे कोई राजनीतिक उत्तराधिकारी भी नहीं है। एक पूर्व प्रधानमंत्री जैसे पद पर आसीन शख्स के गुजर जाने पर रस्मी बयान, खोखली प्रशंसा और चंद भक्तों या पार्टी द्वारा उनका गुणगान तो एक आम बात है।


योगेन्द्र यादव

लेकिन ऐसी औपचारिक प्रशंसा जल्द ही कड़वी सचाई के बोझ तले दबकर बुझ जाती है। इस बार ऐसा नहीं हुआ। यह समझ आता है कि सिख संगत उन्हें वो सम्मान दे जो उनके जीते जी उन्हें नहीं दे पायी। लेकिन पिछले कुछ दिनों में मनमोहन सिंह के प्रति जो स्नेह और सम्मान उभर कर आया है, वो किसी एक समुदाय, किसी एक पार्टी या किसी विचार तक सीमित नहीं है। इसके पीछे किसी आईटी सेल का सुनियोजित प्रचार नहीं है। उलटे, जब सोशल मीडिया पर उनके विरुद्ध दुष्प्रचार की कोशिश की गई तो वह फेल हो गई। हार कर बीजेपी के ट्रोल्स को भी कांग्रेस पर उनकी अनदेखी के आरोप लगा उनकी प्रशंसा में ही जुटना पड़ा।सरकार उन्हें भारत रत्न दे या ना दे, सरदार मनमोहन सिंह मरणोपरांत लोकप्रियता उन्हें उस दर्जे पर पहुँचा चुकी है।

इसके कारण ढूँढने पर पहला और सबसे सहज उत्तर तो उनके व्यक्तित्व में दिखाई देता है। गांव से ऑक्सफोर्ड-कैम्ब्रिज की यात्रा, एक गरीब परिवार से सत्ता के शीर्ष तक पहुँचने का संघर्ष सबको प्रेरित करता है। उनके इस पक्ष को याद करने में प्रधानमंत्री मोदी को भी कोई परेशानी नहीं हुई। लेकिन भारतीय मानस सिर्फ़ सफलता की पूजा नहीं करता। यूँ भी उनका संघर्ष किसी सामाजिक या राजनीतिक कार्यकर्ता का संघर्ष नहीं था। उनकी सफल जीवन यात्रा से ज़्यादा महत्वपूर्ण था उनका व्यक्तित्व जो इस सफलता को चार चंद लगाता था। उनका मितभाषी, मृदुभाषी और विनम्र होना शायद उन्ही लोगो को दिख पाता था जो उनसे मिल सके। इन पंक्तियों के लेखक को भी यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। लेकिन यह बात दूर से भी दिखती थी कि यह व्यक्ति सत्ता के शीर्ष पर रहकर भी अहंकार का शिकार नहीं है। उनका वित्त मंत्री होते हुए भी साधारण मारुति-800 को खुद चलाना, अपने परिवार के किसी भी व्यक्ति को सत्ता के इर्द गिर्द ना फटकने देना, ना ही उसका फ़ायदा लेने देना – यह सब किस्से सब को पता नहीं थे, ना ही उन्होंने इसका प्रचार किया। लेकिन उनकी



सादगी की छवि आम जनता तक पहुँची। भारतीय मानस सत्ता के खिलाड़ियों के सौ खून माफ़ कर देता हैं, उनके अनेक दोष देखकर आँख मूँद लेता है, लेकिन फिर भी जो व्यक्ति इससे परे हो उसे अपने मन में एक विशेष दर्जा देता है। यह वो स्थान है जहाँ लाल बहादुर शास्त्री और अब्दुल कलाम विराजमान है। मरणोपरांत ही सही, भारतीय मानस में मनमोहन सिंह को उनके बराबर दर्जा मिल रहा है। कहीं ना कहीं, उनके बाद उनकी कुर्सी पर बैठे नेता के अहंकार ने मनमोहन सिंह की छवि को उभारने में मदद की है।

यह बात एक दूसरे पक्ष पर और भी साफ़ तौर पर लागू होती है। जब वे प्रधानमंत्री के पद पर आसीन थे, उनके नेतृत्व पर तमाम आक्षेप हुए। उन्हें प्रॉक्सी नेता या मुखौटा बताया गया। उनके समर्थक कह सकते हैं कि ऐसे पद पर आसीन कोई भी नेता ना तो पूरी तरह स्वतंत्र होता है, ना उसे स्वच्छंद होना चाहिए। सवाल सिर्फ़ इतना है कि नेता पर किन शक्तियों की लगाम थी। आज यह देखा जा सकता है कि मनमोहन सिंह भले ही सोनिया गांधी से निर्देशित रहे हों (जो निःसंदेह उस वक्त लोकप्रिय नेता थीं और जिन्हें चुनाव में जनादेश मिला था), लेकिन उनकी लगाम किसी बिज़नेसमैन के हाथ में नहीं थी। मनमोहन सिंह ने अरबों-खरबों रुपयों के फ़ैसले लिए, उनका मंत्रिमंडल भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरा, लेकिन उनपर एक नए पैसे की हेरा-फ़ेरी का आरोप नहीं लगा। उनकी दूसरी सरकार के अंतिम दौर में मीडिया ने उनपर खुलकर आरोप लगाए, उनकी खिल्ली उड़ाई, लेकिन उन्होंने मीडिया का सामना करना बंद नहीं किया, हर अच्छे बुरे सवाल का जवाब दिया। उनकी सरकार के ख़िलाफ़ सड़कों पर आंदोलन हुए। लेकिन उन्होंने कभी किसी राजनीतिक विरोधी पर बदले की कार्यवाही नहीं की, किसी के घर इनकम टैक्स या ईडी का छापा नहीं पड़ा। मुझ जैसे विरोधियों के प्रति सम्मान बनाये रखा। इन पंक्तियों का लेखक गवाह है कि सड़क पर विरोध करने वालों के प्रति उनका स्नेह और सम्मान कम नहीं हुआ। यह केवल व्यक्तिगत गुण नहीं था, यह लोकतांत्रिक मर्यादा की एक स्थापित परिपाटी थी। आज मनमोहन सिंह के प्रति उमड़ा स्नेह उस लोकतांत्रिक मर्यादा का सम्मान भी है, जो मर्यादा उनके बाद से पिछले दस वर्ष में तार तार हो गई है।

एक आख़िरी बात। आज मनमोहन सिंह जी को दिल से याद करने वालों में वो राजनैतिक दल, नेता और संगठन भी हैं जो उनकी आर्थिक नीतियों के सख्त विरोधी थे। जब मनमोहन सिंह ने नई आर्थिक नीतियों को लागू किया था तब अधिकांश जनांदोलनों और प्रगतिशील राजनेताओं ने इसे जन विरोधी और देश विरोधी बताया था और हमारी अर्थव्यवस्था बर्बाद होने की आशंका जताई थी। निजीकरण-उदारीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों का विरोध आज भी प्रगतिशील राजनीति का मुहावरा है। लेकिन कहीं मनमोहन सिंह के प्रति सम्मान इस सच की स्वीकारोक्ति भी है कि देश बर्बाद होने की भविष्यवाणियां सच नहीं हुई।

विषमता तो बढ़ी, लेकिन ग़रीबी भी कम हुई। वैश्विक शक्तियों के आगे भारत घुटने टेकने पर मजबूर नहीं हुआ। मनमोहन सिंह जी को याद करना कहीं अपने वैचारिक आग्रह के पुनर्मूल्यांकन की दबी छुपी इच्छा की अभिव्यक्ति भी है। स्वर्गीय मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देना व्यक्तिगत मर्यादा, लोकतांत्रिक परिपाटी और ईमानदार वैचारिक बहस की हिंदुस्तानी विरासत को एक मुश्किल दौर में याद करना है।

# कल्याण सिंह ने धर्म के लिए सत्ता का किया त्याग

**कल्याण सिंह ने अपना पहला विधानसभा चुनाव अतरौली से जीतकर 1967 में उत्तर प्रदेश विधानसभा पहुंचे। कल्याण सिंह 1967 से लगातार 1980 तक उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे। इस बीच देश में आपातकाल के समय कल्याण सिंह 1975-76 में 21 महीने जेल में रहे। इस बीच कल्याण सिंह को अलीगढ़ और बनारस की जेलों में रखा गया। आपातकाल समाप्त होने के बाद 1977 में रामनरेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया। जिसमें कल्याण सिंह को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया।**

भारतीय राजनीति के युगपुरुष, श्रेष्ठ राजनीतिज्ञ, कोमल हृदय संवेदनशील मनुष्य, वज्रबाहु राष्ट्र प्रहरी, भारत माता के सच्चे सपूत और भारतीय राजनीति में भगवान श्री रामचंद्र जी के हनुमान हिन्दू हृदय सम्राट कल्याण सिंह ऐसे नेताओं में गिने जाते हैं जिन्होंने भारतीय राजनीति में अनेकों मिसाल पेश की हैं। हिन्दू हृदय सम्राट कल्याण सिंह का राजनीतिक व व्यक्तिगत जीवन हमेशा से बेदाग रहा है। कल्याण सिंह के कुशल प्रशासन की मिसालें तब तक दी जायेंगी जब तक ये संसार रहेगा। कल्याण सिंह ने जमीन से जुड़े रहकर राजनीति की और ''जनता के नेता'' के रूप में लोगों के दिलों में अपनी खास जगह बनायी थी। एक ऐसे इंसान जो बच्चे, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों सभी के बीच में लोकप्रिय थे। देश का हर हिन्दू युवा, बच्चा उन्हें अपना आदर्श मानता था। हिन्दू हृदय सम्राट कल्याण सिंह का व्यक्तित्व हिमालय के समान विराट था। कल्याण सिंह को भारतीय राजनीति में बाबूजी के रूप में जाना जाता था।


ब्रह्मानंद राजपूत

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का जन्म 5 जनवरी सन् 1932 को उत्तर प्रदेश के अलीगढ जनपद की अतरौली तहसील के मढ़ौली ग्राम के एक सामान्य किसान परिवार में हुआ। कल्याण सिंह के पिता का नाम तेजपाल सिंह लोधी और माता का नाम सीता देवी था। कल्याण सिंह में बचपन से ही नेतृत्व करने की क्षमता थी। कल्याण सिंह बचपन में ही राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ से जुड़ गए थे और राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की शाखाओं में भाग लेने लगे थे। कल्याण सिंह ने विपरीत परिस्थितियों में कड़ी मेहनत कर अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद कल्याण सिंह ने अध्यापक की नौकरी की। और साथ-साथ राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ से जुड़ कर राजनीति के गुण भी सीखते रहे। कल्याण सिंह राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ में रहकर गांव-गांव जाकर लोगों में जागरुकता पैदा करते रहे। कल्याण सिंह का विवाह रामवती देवी से हुआ। कल्याण सिंह के दो संतान है। एक पुत्र और एक पुत्री, पुत्र का नाम राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया है और पुत्री का नाम प्रभा वर्मा है। कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया वर्तमान में उत्तर प्रदेश की एटा लोकसभा सीट से संसद सदस्य हैं। कल्याण सिंह ने अपना पहला विधानसभा चुनाव अतरौली से जीतकर 1967 में उत्तर प्रदेश विधानसभा पहुंचे। कल्याण सिंह 1967 से लगातार 1980 तक उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे। इस बीच देश में आपातकाल के समय कल्याण सिंह 1975-76 में 21 महीने जेल में रहे। इस बीच कल्याण सिंह को अलीगढ़ और बनारस की जेलों में रखा गया।



आपातकाल समाप्त होने के बाद 1977 में रामनरेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया। जिसमें कल्याण सिंह को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया। सन् 1980 के उत्तर प्रदेश के चुनावों में कल्याण सिंह विधानसभा का चुनाव हार गये। भाजपा के गठन के बाद कल्याण सिंह को उत्तर प्रदेश का संगठन महामंत्री बनाया गया। इस बीच कल्याण सिंह ने गाँव-गाँव, घर-घर जाकर भाजपा को उत्तर प्रदेश में पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कल्याण सिंह 1985 से लेकर 2004 तक लगातार उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे। इस बीच कल्याण सिंह दो बार भाजपा के उत्तर प्रदेश से प्रदेश अध्यक्ष रहे। इस बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई में उत्तर प्रदेश में राम मंदिर आंदोलन चलाया गया। इस आंदोलन में कल्याण सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई। राम मंदिर आंदोलन की वजह से उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में भाजपा का उभार हुआ। और जून 1991 में भाजपा ने उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनायी। जिसमे कल्याण सिंह की अहम भूमिका रही। और कल्याण सिंह को मुख्यमंत्री बनाया गया। कल्याण सिंह के मुख्यमंत्री रहते कारसेवकों द्वारा अयोध्या में विवादित बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद वहाँ श्री राम का एक अस्थायी मन्दिर निर्मित कर दिया गया। कल्याण सिंह ने बाबरी मस्जिद विध्वंस की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये 6 दिसम्बर 1992 को मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया। यहीं से भाजपा को कल्याण सिंह के रूप में हिंदुत्ववादी चेहरा मिल गया। इसके बाद उत्तर प्रदेश में भाजपा ने कल्याण सिंह के नेतृत्व में अनेक आयाम छुए। 1993 के उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव में कल्याण सिंह अलीगढ के अतरौली और एटा के कासगंज से विधायक निर्वाचित हुये। इन चुनावों में भाजपा कल्याण सिंह के नेतृत्व में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। लेकिन सपा-बसपा ने मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में गठबन्धन सरकार बनायी। और उत्तर प्रदेश विधान सभा में कल्याण सिंह विपक्ष के नेता बने। इसके बाद कल्याण सिंह 1997 से 1999 तक पुनः दूसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। कल्याण सिंह के मुख्यमंत्री काल में कानून व्यवस्था एक दम मजबूत थी। इसलिए आज तक उत्तर प्रदेश में लोग कल्याण सिंह के मुख्यमंत्री काल की मिसाल देते हैं। 1998 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने उत्तर प्रदेश में कल्याण सिंह के नेतृत्व में 58 सीटें जीती। 1999 में भाजपा से मतभेद के कारण कल्याण सिंह ने भाजपा छोड़ दी। कल्याण सिंह ने राष्ट्रीय क्रांति पार्टी का गठन किया। 2002 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव अपने दम पर राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से लड़ा और राष्ट्रीय क्रांति पार्टी के चार विधायक चुने गए और कल्याण सिंह ने बड़े स्तर पर पूरे प्रदेश में भाजपा को नुकसान पहुँचाया। इसके बाद उत्तर प्रदेश की जमीन पर भाजपा कई वर्षो तक कल्याण सिंह की उथल पुथल का और भाजपा के नकारा नेताओं की साजिश का शिकार बनी रही। लेकिन इसका फायदा न कल्याण सिंह को मिल पाया न भगवा पार्टी को। भाजपा और कल्याण सिंह दोनों उत्तर प्रदेश की राजनीति में हाशिये पर चले गए। 2004 में कल्याण सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के आमंत्रण पर भाजपा में वापसी तो कर ली लेकिन, उनको वो पॉवर नहीं मिली जो मंदिर आन्दोलन के समय उनके पास थी। 2004 के आम चुनावों में उन्होंने बुलन्दशहर से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा। और कल्याण सिंह पहली बार बुलंदशहर लोकसभा सीट से संसद पहुंचे। 2007 का उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव भाजपा ने कल्याण सिंह के नेतृत्व में लड़ा।

# पांचवीं बार मिल्कीपुर पहुंचे मुख्यमंत्री

## उपचुनाव की सरगर्मी के बीच टटोली कार्यकर्ताओं की नब्ज, दिया जीत का मंत्र

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या, लखनऊ।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र का सियासी पारा और भाजपा कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या के मिल्कीपुर में थे। लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद सीएम योगी का मिल्कीपुर का यह पांचवा दौरा था। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कार्यकर्ताओं और ग्राम प्रधानों से सीएम योगी ने बातचीत की और उनके मन को टटोला।

मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र का सियासी पारा और भाजपा कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या के मिल्कीपुर में थे। लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद सीएम योगी का मिल्कीपुर का यह पांचवा दौरा था। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कार्यकर्ताओं और ग्राम प्रधानों से सीएम योगी ने बातचीत की और उनके मन को टटोला।

कार्यकर्ताओं में उत्साह और जिम्मेदारी का एहसास दिलाने के लिए सीएम योगी ने अपनी कैबिनेट के सात मंत्रियों के साथ मंथन किया। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, मयंकेश्वर शरण सिंह, गिरीश यादव, दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश शर्मा व जेपीएस राठौर सीएम योगी के सिपहसालार के रूप में मौजूद रहे।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा

■ **सरकार अपनी योजनाओं को जन जन तक पहुंचा रही : कृषि मंत्री**

कि सरकार अपनी योजनाओं को जन जन तक पहुंचा रही है। वहीं सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बयान कि भाजपा दहशत में है पर मंत्रियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हुए नौ सीटों के चुनाव में सात सीट भाजपा ने जीती है और सपा ने दो तो अब जनता तय करे कि दहशत में कौन है। फिलहाल सीएम योगी कार्यकर्ताओं के संवाद में सियासी पारे को और धार दे गए।

सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा दहशत में है। कहा कि आखिर भाजपा परेशान क्यों है, एक सीट से क्या होने वाला है, क्या उनकी सरकार गिर जाएगी या सरकार बदल जाएगी। सांसद ने एक बातचीत में कहा कि जिस अयोध्या लोकसभा क्षेत्र से मैं सांसद बना हूं, मिल्कीपुर उसी का हिस्सा है, इसीलिए भाजपा डरी हुई है। दहशत का ही नतीजा है कि मुख्यमंत्री यहां सात बार आए। तीन महीने में 16 मंत्री आ चुके हैं। भाजपा की सोच गलत साबित होगी।

## खाद्य सुरक्षा को लेकर निकाली ईट राइट वॉकाथान जागरूकता रैली

**प्रयागराज।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश नई दिल्ली द्वारा जिला प्रशासन सिविल डिफेंस, एनसीसी, स्काउट और गाइड, स्ट्रीट वेन्डर्स समाज सेवियों के साथ शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क से वॉकाथॉन रैली को जिलाधिकारी ने एडीएम सिटी विनोद कुमार सिंह की उपस्थिति में हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। लघु व्यापारियो छात्र छात्राएं हाथों में बैनर लिए हिंदू हॉस्टल चौराहा, मनमोहन पार्क होते हुए जिला पंचायत प्रांगण में रैली समाप्त हुयी। वहां उपस्थित जनमानस ने नमक तेल चीनी थोड़ा कम लेने की शपथ ली। रैली का मकसद लोगों को मोटे अनाज का पौष्टिक शुद्ध खान पान के प्रति जागरूक करना था। रैली में सिविल डिफेन्स के राकेश कुमार तिवारी स्ट्रीट वेन्डर एशोशिएशन के रवि शंकर द्विवेदी व्यापर मण्डल के पदाधिकारी व राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सेंट एंथोनी कन्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, जगत तारन गर्ल्स इंटर कॉलेज, छात्र छात्राओं उत्साह पूर्वक नारे लगाते हुए रैली को सफल बनाया।

# कैबिनेट मंत्री का सुरक्षा कर्मियों से से हुआ विवाद

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** शुक्रवार को सर्किट हाउस में ठहरे कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद जब अपनी पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा पर रवाना हो रहे थे तो डीजे पर बज रहे निषाद पार्टी के गाने को लेकर डीआईजी आवास पर तैनात सुरक्षा कर्मियों से विवाद हो गया। आरोप है कि दारोगा ने गाना बंद करने को कहा जिस पर मंत्री एसआई पर भड़कते नजर आए। काफी देर बाद मामला शांत होने पर वह आगे बढ़े।

पूछने पर मंत्री डॉक्टर संजय निषाद ने कहा कि मैं शुरू से कहते आया हूं आज भी कह रहा हूं कि कुछ अधिकारी और कर्मचारी पूर्व की सरकारों से प्रेरित हैं। निषाद समाज को आगे बढ़ते हुए देख सभी के पेट में दर्द हो रहा है कि कैसे आज निषाद का बेटा आगे बढ़ रहा है। इसलिए जानबूझकर उनके द्वारा यात्रा रोकने के लिए व्यवधान डाला जा

■ **संवैधानिक अधिकार यात्रा को रोकने का लगाया आरोप**

रहा है, जिस प्रकार ऋषि मुनि जब यज्ञ करते थे तो दानव किसी ना किसी प्रकार से हवन को रोकने का कार्य करते थे। ठीक उसी प्रकार मछुआ आरक्षण को लेकर निकाली जा रही रथ यात्रा के चलते कई लोग परेशान हैं और किसी ना किसी प्रकार से यात्रा को रोकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज जो अधिकारी दुर्व्यवहार कर रहे है क्योंकि उनके समाज के लोग सरकार चला चुके हैं और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोग ही ऐसा काम कर रहे हैं। लेकिन डॉक्टर संजय निषाद के लिए निषाद समाज का मान सम्मान जरूरी है। जिसके लिए यात्रा निकाली गई है। उसको अपने चरम पर पहुंचाना ही एक मात्र लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि उक्त प्रकरण की जांच को लेकर प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी से शिकायत की जाएगी, आखिर किन लोगों के कहने पर यात्रा को रोकने का प्रयास किया गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया।

# रिश्वत नहीं मांगते लेखपाल बल्कि साजिशन होती है गिरफ्तारी : अमित



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** बिजलेंस टीम व एंटी करप्शन टीम के द्वारा लेखपालों पर जबरन ट्रैप की कार्यवाही के विरोध में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले जनपद के सभी तहसीलों पर धरना प्रदर्शन किया गया। उसी क्रम में सदर तहसील पर तहसील संघ अध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में लेखपालों ने धरना प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर इस तरह से फर्जी फसाए जाने की कार्यवाही पर रोक लगाए जाने की मांग की है। लेखपालों का कहना है कि वह कभी रिश्वत नहीं मांगते बल्कि भूमि विवाद निस्तारण के दौरान अक्सर एक पक्ष असंतुष्ट होता है जिसके कारण वह पक्ष लेखपाल से दुश्मनी ठान लेता है। असंतुष्ट पक्ष द्वारा साजिशन स्वयं ही एंटी करप्शन टीम से शिकायत की जाती है और स्वयं ही जबरन लेखपाल के जेब में पैसे डालकर उन्हें फंसाया जाता है। लेखपालों को साजिशन झूठा फंसाए जाने की तमाम घटनाएं घटित हो चुकी है जिससे कि लेखपालों में भय का माहौल बना हुआ है। इसी के विरुद्ध लेखपालों ने जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री के संबोधित ज्ञापन सौंपकर रिश्वत के आरोप में हनी ट्रैप के जरिए गिरफ्तारी पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

## यश, राघव व सनातन बने जीत में नायक

**प्रयागराज।** राइजिंग स्टार फाउंडेशन क्रिकेट क्लब ने वर्मा क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से और दूसरे मैच में भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब ने फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब बी को दस विकेट से हराकर मोती लाल सर्व समाज कल्याण अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने अपने मैच जीत कर पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। राइजिंग स्टार फाउंडेशन क्लब के यश पाण्डेय की अचूक गेंदबाजी ( 5 - 1 - 20 - 5 ) और राघव दुबे के शानदार नाबाद ( 73 रन, 55 गेंद, 14 चौके ) और भानु प्रताप क्लब के सनातन राय की सटीक गेंदबाजी ( 4.5 - 0 - 12 - 4 ) कर अपनी अपनी टीम जो जीत दिलाने में अहम योगदान किए हैं। शनिवार को भानु प्रताप मैदान पर पहले मैच में वर्मा क्रिकेट क्लब पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 24.5 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 98 रन ( सुजीत 31, लोकेश कुमार 26, अमोघ कुमार 13 रन, यश पाण्डेय 5/20, अंकुश 2/15, आर्यन पटेल 1/20, राधे वर्मा 1/16 ) पर ढेर हो गई।

# राजनीति में आदर्श स्थापित किया है डॉ मुरली मनोहर जोशी ने : डॉ गौड़

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पद्मभूषण पूर्व केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ मुरली मनोहर जोशी के 92 वें जन्मदिवस की पूर्व संध्या शनिवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई गोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं ने डॉ जोशी से जुड़े विभिन्न संस्मरण को याद किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौड़ ने कहा कि वे डॉ जोशी के छात्र रहे हैं। उनका पहला संबंध डॉ जोशी से शिक्षक और छात्र का है। वे संघ के एक अनुशासित स्वयंसेवक भी थे। विकास कार्य के लिए डॉ जोशी हमेशा खड़े रहे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केंद्रीय दर्जा दिलाने और प्रयागराज को शिक्षा का केंद्र बनाने का श्रेय डॉ जोशी को है। राजनीति के आदर्श स्थापित किया है डॉ मुरली मनोहर जोशी ने। पूर्व सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने डॉ मुरली मनोहर जोशी के व्यक्तित्व पर बोलते हुए कहा कि डॉ जोशी संवेदनशील हृदय के थे। पूरा भारत उनका कायल था। उन्होंने राजनीति स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि राष्ट्रवाद, विकास और व्यवस्था परिवर्तन के लिए की। विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रणजीत सिंह ने कहा कि डॉ जोशी ज्ञान, विद्वता और आकर्षक व्यक्तित्व की त्रिवेणी थे। शिक्षा व्यवस्था में क्रांति लाने का काम किया डॉ जोशी ने। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि 1991 से 93 तक राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे और पूरे देश में संगठन को खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आतंकी धमकियों से न डरते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया। ऐसे निडर व्यक्तित्व के स्वामी थे डॉ मुरली मनोहर जोशी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक भरद्वाज मंडल अध्यक्ष अनिल भट्ट ने किया। इस अवसर पर मुरारी लाल अग्रवाल, रमेश पासी, व्रतशील शर्मा, रतन टंडन, शैलेश पांडेय, प्रवीण, विजय श्रीवास्तव, प्रवक्ता राजेश केशरवानी, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, आनंद सोनकर, अरुण पटेल, चंद्रा अहलूवालिया आदि उपस्थित रहे।

# होम्योपैथी और आयुर्वेद का एकीकरण आवश्यक

अवधनामा संवाददाता

■ **'ग्लोबल आयुष एक्सपो 2025' आयुष महाकुंभ के दो दिवसीय आयुष कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ**

**प्रयागराज।** संजीवनी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित 'ग्लोबल आयुष एक्सपो 2025' (आयुष महाकुंभ) के दो दिवसीय आयुष कॉन्फ्रेंस में शनिवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एवं होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर कमलेश त्यागी ने जटिल रोग प्रबंधन में होम्योपैथी और आयुर्वेद विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

उन्होंने कहा कि जटिल रोग प्रबंधन में होम्योपैथी और आयुर्वेद का एकीकरण होना आवश्यक है। होम्योपैथी महिला स्त्री रोग में भी एक गैर-सर्जिकल चिकित्सा पद्धति के रूप में बहुत ही बेहतरीन काम करती है। पूर्व संकाय अध्यक्ष उत्तराखंड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय एवं कुलपति माधव विश्वविद्यालय राजस्थान निदेशक डॉ. उलास पाटिल मेडिकल कॉलेज जलगांव डॉ आर. के. मिश्रा ने आयुर्वेद पद्धति के प्राचीन इतिहास एवं समस्त चिकित्सा पद्धतियों की उत्पत्ति आयुर्वेद से बताया। अपने व्याख्यान में इन्होंने कहा कि बहुत सी ऐसी बीमारियां और जटिल रोग हैं जो कि आयुर्वेद और होम्योपैथिक समस्त आयुष चिकित्सा के द्वारा ठीक किया जा सकते हैं और पूर्ण रूप से उन बीमारियों को समाप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक प्रयागराज के डॉ. एस. के. शुक्ला ने भी अपने विचार रखे। संजीवनी वेलफेयर सोसाइटी के सचिव श्रवण शुक्ल ने बताया कि आयुष चिकित्सा पद्धति को एकीकृत करने के उद्देश्य से हम ऐसे कार्यक्रम आगे भी लगाते रहेंगे।

# 'नव वर्ष में मेरी अर्जी आप सुन लीजिए'

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में गूंजे कवियों के उद्गार

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** नववर्ष के उपलक्ष्य में बीरबल साहनी मार्ग श्री संकट हरण पंचमुखी हनुमान मंदिर ट्रस्ट के द्वारा वर्ष के प्रथम शनिवार को भाव उद्गार कार्यक्रम का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया। लोक आंगन साहित्य, संस्कृति व शिक्षा संस्थान की सचिव ज्योति किरन रतन के संयोजन में हुये आयोजन में काव्य पाठ और भजनों की रसधार बही। रचनाकारों और भक्तों ने अपने प्रभु के समक्ष अपने उद्गार कविताओ और भजनों से प्रकट किये। ज्वाइन हैण्ड्स फाउण्डेशन और आईएमए कल्चरल एण्ड एजूकेशन ट्रस्ट के सहयोग से हुये कार्यक्रम में काव्य पाठ का प्रारंभ डा.अशोक शर्मा ने मां वीणा वादिनी की वंदना- मैं तुम्हारे पाँव धोता जल बनूँ आकांक्षा है.... से किया।

कवि संजय मेहरोत्रा हमनवा ने श्रीकृष्ण की जादूगरी पर कहा- देखेगा एक रोज हमनवां कान्हा रूप सलोने वाले, ये अन्दाज ग़जब के उनके जैसे जादू टोने वाले....। अरविंद रस्तोगी धवल ने पढ़ा- रामगुण गाते हुए मधुर कंठ से कीजिए रामायण का गान, जहां राम गुणगान हो लगता स्वर्ग समान, राम कल्याण करेंगे बेड़ा पार करेंगे। मन में प्रसन्नता रखने का संदेश देते हुए नंदलाल शर्मा चंचल बोले- जीवन हो खुशहाल जब हो जेब में प्रचुर माल।

डा.सरिता सदाबहार ने संस्कार और संस्कृति पर कहा- नीचा नहीं दिखाना हमको प्रभु से नज़र मिलाना हमको, संस्कार संस्कृति समझाई बुरा नहीं कहलाना हमको। महाकुंभ में प्लास्टिक को दूर करने की बात करते हुए कृष्णानंद राय ने सुनाया- कपड़े के झोले में गिलास थाली रखकर प्रयागराज जाना है, महाकुंभ को प्लास्टिक मुक्त बनाना है। डा.शरद पाण्डे शशांक ने लक्ष्मण मूर्छा पर राम के उद्गार- बोल उठे रघुवीर अचानक... गीत में प्रस्तुत किए। गोबर गणेश के नाम से विख्यात कवि प्रदीप शुक्ला ने नववर्ष का स्वागत करते हुए कहा- प्रभु मुझ पर इतनी कृपा कीजिए, कुछ ज्ञान मुझको भी दीजिए,गोबर का गोबर न रह जाऊं, नव वर्ष में मेरी अर्जी आप सुन लीजिए।

# आदिकाल से ही तमाम साहित्यकारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

अवधनामा संवाददाता

■ **कृष्ण कुमार यादव और आकांक्षा की युगल रचनाधर्मिता पर केंद्रित 'सरस्वती सुमन' का संग्रहणीय विशेषांक**

**लखनऊ।** हिंदी भाषा और साहित्य के विकास में आदिकाल से ही तमाम साहित्यकारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किसी कवि, लेखक या साहित्यकार को अगर ऐसा जीवनसाथी मिल जाए जो खुद भी उसी क्षेत्र से जुड़ा हो तो यह सोने पर सुहागा जैसी बात होती है। एक तरीके से देखा जाए तो ऐसे लेखकों या लेखिकाओं को उनके घर में ही पहला श्रोता, प्रशंसक या आलोचक मिल जाता है। इसी कड़ी में देव भूमि कहे जाने वाले उत्तराखंड के देहरादून से प्रकाशित 'सरस्वती सुमन' मासिक पत्रिका ने हिंदी साहित्य की एक लोकप्रिय युगल जोड़ी आकांक्षा यादव और कृष्ण कुमार यादव की रचनाधर्मिता पर केंद्रित 80 पेज का शानदार विशेषांक दिसंबर-2024 में प्रकाशित किया है। इसमें दोनों की चयनित कविताओं, लघुकथाओं, कहानियों, लेखों को सात खंडों में शामिल किया गया है, वहीं विभिन्न पन्नों पर उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं को समेटती तस्वीरों के माध्यम से इसे और भी रोचक बनाया गया है। कवर पेज पर इस युगल की खूबसरत तस्वीर पहली ही नज़र में आकृष्ट करती है। अपने प्रकाशन के 23 वर्षों में सरस्वती सुमन पत्रिका ने तमाम विषयों और व्यक्तित्वों पर आधारित विशेषांक प्रकाशित किये हैं, परंतु किसी साहित्यकार दंपति के युगल कृतित्व पर आधारित इस पत्रिका का पहला विशेषांक है। इसके लिए पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. आनंद सुमन सिंह और संपादक श्री किशोर श्रीवास्तव हार्दिक साधुवाद के पात्र हैं।

# नेशनल स्टोरी-टेलिंग प्रतियोगिता में सीएमएस छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की प्रतिभाशाली छात्राओं ने नेशनल स्टोरी-टेलिंग कम्पटीशन में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। 'टाइगर - माई फ्रेण्ड' थीम पर आयोजित इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में कक्षा-2 की छात्रा इंशिराह फातिमा किदवई ने ऑल इण्डिया द्वितीय रैंक अर्जित की है जबकि फतीहा खान ने 13वीं, फबीहा खान ने 18वीं एवं श्रीरूपा पाण्डेय ने 22वीं रैंक अर्जित कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परचम लहराया है। प्रतियोगिता का आयोजन द हेरिटेज फाउण्डेशन ऑफ आर्ट एण्ड कल्चर के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में देश भर के 140 से अधिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने बड़े आत्मविश्वास से कथा वाचन कर अपनी योग्यता सिद्ध की है। यह प्रतियोगिता छात्रों की अभिव्यक्ति क्षमता का विकास करने, उनमें आत्मविश्वास का संचार करने एवं उनके ज्ञान को परखने के उद्देश्य से आयाजित की गई। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सी.एम.एस. छात्राओं की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन प्रतिभाशाली छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के साथ ही जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है।

## पीछे से ट्रक में कार टकराने के कारण कार सवार की मौत और एक घायल

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बम्हौर गांव के पास शनिवार को अल सुबह लगभग पांच बजे ट्रक में पिछे से कार टकराने के कारण कार सवार एक की मौके पर मौत एक गंभीर रूप से घायल को निजि चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार चल रहा है।

जनपद बलिया के उभांव थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बेल्थरा रोड निवासी अमित कुमार 27 वर्ष पुत्र अंजनी अपने मित्रों के साथ कार से लखनऊ से वापस लौट रहे थे। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बम्हौर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पहुंचे थे।कि उनकी कार ट्रक में जा घुसी जिसके चलते कार सवार अमित कुमार की मौत हो गई जबकि इसका दोस्त मनीष कुमार 27 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गया।

**उपभोक्ता परिषद के वेबीनार में उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा**

# पांच लाख से ज्यादा स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग गए वह भी सब पोस्टपेड मोड में

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उपभोक्ता परिषद के साप्ताहिक वेबीनार में आज प्रदेश के अनेको जनपदों से जुडे विद्युत उपभोक्ताओं ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन व बिजली कंपनियां पर बोला करारा हमला कहा दक्षिणांचल व पूर्वांचल के निजीकरण की प्रक्रिया में मशगूल पावर कॉरपोरेशन देश के बडे निजी घराने शहित अन्य जो उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के परिसर पर लगा रहे हैं सभी निर्माता कंपनियों ने 5 प्रतिसत अथवा 25000 से ज्यादा स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा दिया लेकिन अभी जो जरूरी टेस्टिंग के आधार पर मीटर की क्वालिटी का खुलासा होना चाहिए उस पर कोई भी कार्यवाही पूरी नहीं की गई उपभोक्ताओं के संज्ञान में आया है उत्तर प्रदेश में बडे पैमाने पर चीनी निर्मित

■ **कानूनन प्रीपेड मोड में लगना चाहिए मीटर : उपभोक्ता परिषद**

कंपोनेंट वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के परिसर पर लग रहे हैं लेकिन पावर कार्पोरेशन प्रबंधन चुपचाप तमाशा देख रहा है वेबीनार में जुडे उपभोक्ताओं ने कहा पावर कॉरपोरेशन बिजली कंपनियों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रही निजी घरानो के साथ क्या साठगांठ कर रखा है। इसका खुलासा होना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री जी से सभी उपभोक्ताओं की मांग इस पूरे मामले की हो उच्च स्तरीय जांच।

उपभोक्ताओं ने कहा बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली कंपनियों ने वहां के ऊर्जा प्रमुख एक आईएएस को गिफ्ट में मर्सिडीज बेंच कर गिफ्ट में दी थी उसमें से बिहार वाली कुछ मीटर कंपनियां उत्तर प्रदेश में भी लगा रही है स्मार्ट प्रीपेड मीटर तो शक होना लाजमी। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा प्रदेश की बिजली कंपनियों व पावर कॉरपोरेशन जिस प्रकार से स्मार्ट मीटर निर्माता कंपनियों के साथ दरिया दिली दिखा रहा है उसे पूरी तरह सिद्ध होता है कि कुछ तो दाल में काला है उत्तर प्रदेश में 5 लाख से ज्यादा स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग गए और वह सभी पोस्टपेड मोड में जो अपने अपने गंभीर मामला है चाहे वह 5 प्रतिसत चेक मीटर लगाने का मामला हो चाहे वह चेक मीटर व पुराने मीटर की रीडिंग मिलान का मामला हो चाहे वह पूर्व में जीटीपी अनुमोदन का मामला रहा हो परफॉर्मेंस बैंक गारंटी काम किए जाने का मामला रहा हो चाहे वह वर्तमान में सभी टेस्टिंग एसएटी एफईईटी का मामला रहा हो।

# एमबीबीएस डॉक्टर्स सेना की सेहत को भी समर्पित

## टीएमयू से पासआउट एमबीबीएस देश की मुख्य सीमाओं पर तैनात

अवधनामा संवाददाता



**मुरादाबाद।** यूं तो डॉक्टरी पेशा स्वर्णिम करियर में अव्वल माना जाता है। कोई हॉस्पिटल बनाकर जन सेवाएं करता है तो कोई नामचीन अस्पतालों में मोटी पगार पर जॉब की चाह रखता है, लेकिन सेना में सेवाएं देने का हौसला बिरला डॉक्टर्स ही रखते हैं। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के एक दर्जन से अधिक एमबीबीएस एल्युमिनाइज़ ने तीसरे विकल्प को चुनना पसंद किया है। भारतीय सेना के किसी भी सेक्टर में सेवा देना गर्व की बात है, किन्तु मेडिकल सेवाएं भी किसी से कमतर नहीं है। इसी सकंल्प को लेकर सिद्धि तक पहुंचाने का एक नाम- डॉ. देवेन्द्र शर्मा भी है। डॉ. शर्मा के अलावा टीएमयू के एमबीबीएस एल्युमिनाई- डॉ. ऋषि चौहान, डॉ. गायत्री यादव, डॉ. अंशुल यादव, डॉ. कल्पना कुंदू, डॉ. उमंग बतौर मेजर, डॉ. सार्थक गर्ग, डॉ. विपुल भारद्वाज, डॉ. जयंत शर्मा, डॉ. उज्ज्वल गुप्ता बतौर कैप्टन, डॉ. गौरव जी. राना बतौर स्कॉर्डन लीडर आदि भी मेडिकल सेवाओं में कैप्टन से मेजर तक इंडियन आर्मी के संग-संग वायु सेना में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उल्लेखनीय है, एनएमसी ने इसी साल तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में एमबीबीएस की 100 और सीटो पर प्रवेश को हरी झंडी दे दी है। अब टीएमयू मेडिकल कॉलेज कुल 250 एमबीबीएस सीटों का संचालन कर रहा है। मेडिकल कॉलेज के 20 विभागों में पीजी की 142 सीटे हैं।

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के 2023 बैच के एमबीबीएस एल्युमिनाई- डॉ. देवेन्द्र शर्मा भारतीय सेना में बतौर कैप्टन मेडिकल ऑफिसर सेवाएं दे रहे हैं। गुरूग्राम में जन्मे डॉ. शर्मा असम में तैनात हैं। कहते हैं, हरियाणा की माटी के कण-कण में देशभक्ति और खेल प्रतिभा बसी है। इसी जज्बे के चलते डॉ. शर्मा

■ **इंडियन आर्मी की मेडिकल सेवाओं में कैप्टन से मेजर तक पदासीन**

ने देश-विदेश के नामचीन अस्पतालों की मोटी पगार के ऑफर का मोह छोड़कर इंडियन आर्मी को अपनी कर्मभूमि बनाया। मिलनसार स्वभाव के धनी डॉ. देवेन्द्र शर्मा जब भी वेस्ट यूपी में होते हैं तो टीएमयू का अपनत्व उन्हें कैंपस की ओर खींच लाता है। यह टीएमयू और एल्युमिनाई के अटूट रिश्तों को दर्शाता है। डॉ. शर्मा हाल ही में टीएमयू कैंपस में आए तो कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन से शिष्टाचार भेंट तो की ही साथ ही अपने गुरूजनों और जूनियर्स से मुलाकात करना नहीं भूले। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने कैप्टन- मेडिकल ऑफिसर डॉ. देवेन्द्र शर्मा को बिग्रेडियर बनने का आशीर्वाद दिया।

अवधनामा



# संसार की सच्ची संपत्ति भगवान का नाम है: स्वामी चन्द्रेश्वरगिरी महाराज

- पंचम दिवस की कथा में गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग का आयोजन किया गया
- कुआंतला सिद्ध क्षेत्र के महंतश्री बलरामपुरीजी ने दिया आशीर्वाद



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** संसार की सच्ची पूंजी नारायण का नाम है। सुख दुख तो आता जाता रहता है, एक भगवान का भजन ही है जो हमें स्थाई रूप से हर परिस्थिति में हमारे साथ रहता है। मानव जीवन में भगवान का नाम हमें मुक्ति दिलाने में सहायक होता है। यह उद्गार स्वामी चंदेश्वर गिरी ने भागवत कथा के पंचम दिवस प्रशांति विद्या मंदिर गोविंद नगर में व्यक्त किये। आज की कथा में कुआंतला सिद्ध क्षेत्र के महंत स्वामी बलराम जी ने पधारकर श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद दिया। आज की कथा में कथा व्यास स्वामी चंद्रेश्वर गिरी ने कहा भगवान का नाम हमें मुक्ति दिलाने का सरल माध्यम है। उन्होंने कहा जैसा कि कहा गया है कलयुग केवल नाम अधारा भगवान का नाम ही हमें भवसागर से पार करने का सरल माध्यम है। उन्होंने कहा श्रीमद् भागवत कहती है मनुष्य को अपने जीवन में अपनी समर्थ और श्रद्धा के अनुसार दान अवश्य करना चाहिए। दान करने से धन घटना नहीं बल्कि भगवान हमें उसका सौ गुना करके वापस करते हैं। कथा व्यास ने कहा कि हमें अपने जीवन में हर क्षण सकारात्मकता रखनी चाहिए। ना तो किसी का अपमान करें और ना ही किसी का बुरा करें। क्योंकि इसका परिणाम हमें इस जीवन में नहीं तो अगले जन्म में अवश्य भोगना पड़ेगा. उन्होंने कहा हमें अपनी सोच हमेशा सकारात्मक रखनी चाहिए. उन्होंने कहा हमारी सोच हमारे चेहरे से झलकती है इसलिए सभी से प्रेम करें और अपने जीवन को प्रेम में बनाएं। कथा व्यास स्वामी चंद्रेश्वर गिरी ने कहा कि मनुष्य का दिल अच्छा होना चाहिए चेहरे से कुछ नहीं होता। क्योंकि ईश्वर आपका हृदय देखा है चेहरा नहीं। इस अवसर पर मुख्य यजमान संजय श्रीवास्तव, अक्षय अलया, ध्रुव साहू, राजेश दुबे, पत्रकार राजीव शुक्ला, आशुतोष तिवारी, विश्वनाथ शुक्ला, ध्यानसिंह यादव, सतीश पुरोहित, संजय कुशवाहा, रामकृपाल गुप्ता, कमलेश सोनी, डी.पी.श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, हर्ष श्रीवास्तव, उत्कर्ष श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव, सोम कांत श्रीवास्तव, शिवांशु श्रीवास्तव, अशोक कुमार श्रीवास्तव, शशि भूषण श्रीवास्तव, विपिन बिहारी श्रीवास्तव, रमन शर्मा, बिहारी लाल सविता, विशाल भटनागर, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मांट में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील मांट में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस। जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को ध्यान पूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी मांट अभिनव जे जैन ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज मांट तहसील में कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतें संबंधित विभागों को अग्रसारित कर दी गई है। वहीं जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता से किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए के जनता के प्रति पुलिस का बड़ा ही सरल व समृद्ध व्यवहार होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता ही सर्वोपरि होती है, जनता की समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी महावन आदेश कुमार ने जानकारी देते बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में आज महावन तहसील के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

# पूर्व मंत्री प्रदीप जैन एवं किसानों पर दर्ज मुकदमे हो वापस

- जिला कांग्रेस कमेटी एवं समस्त फ्रण्टल संगठनों ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** विगत दिनों झांसी प्रशासन द्वारा पूर्व मंत्री भारत सरकार प्रदीप जैन आदित्य एवं किसानों पर मुकदमे दर्ज किए गए थे, इसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन सौंप कर मुकदमे वापस लिए जाने की मांग की गई। बताते चले कि प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं समस्त फ्रण्टल संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से एक धरना प्रदर्शन स्थानीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पार्क में किया गया। वक्ताओं ने कहा कि विगत 26 दिसंबर 2024 को झांसी की भोजला किसान मंडी में किसानों की मूंगफली खरीद नहीं की जा रही थी एवं जिन किसानों से मूंगफली खरीद की गई उनका भी शोषण किया जा रहा था। किसानों से 1400 से लेकर 1600 रुपए तक सुविधा शुल्क के रूप में भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा किसानों से लिया जा रहा था एवं कई किसानों की मूंगफली सरकारी क्रय केन्द्रों पर खरीद नहीं की जा रही थी। इसके विरोध में कई किसान अपने ट्रैक्टरों सहित स्थानीय कलेक्ट्रेट विरोध प्रदर्शन दर्ज करने पहुंच गए, जिसकी जानकारी होने पर प्रदीप जैन आदित्य पूर्व मंत्री भारत सरकार अपनी कई स्थानीय कांग्रेस नेताओं के साथ किसानों की समस्याओं को जिला प्रशासन तक पहुंचाने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंच गए। वहां उन्होंने न केवल एसडीएम बल्कि जिलाधिकारी से किसने की समस्या तत्काल निस्तारण करने की बात जिलाधिकारी कक्ष में कही। जिला प्रशासन द्वारा भी प्रदीप जैन के को किसानों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण का आश्वासन दिया गया एवं किसानों के समस्त ट्रैक्टर झांसी स्थित भोजला किसान मंडी भेज दिए गए। लेकिन कुछ दिनों बाद स्थानीय होमगार्ड हरप्रसाद की शिकायत पर प्रदीप जैन आदित्य एवं एक ट्रैक्टर ड्राइवर रामपाल सहित 50 अज्ञात किसानों पर कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया। जिसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना कर महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन स्थानीय एसडीएम को सौंपकर प्रदीप जैन आदित्य सहित समस्त किसानों से मुकदमा वापस लिए जाने की मांग की गई। धरना स्थल पर नगर अध्यक्ष रफीक खान, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगभान सिंह, प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत, अजय प्रताप तोमर, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष वरिष्ठ नेता मकरंद किलेदार, सुनील जैन, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनीष श्रीमाली, पूर्व सांसद प्रतिनिधि/वरिष्ठ कांग्रेसी जसपाल सिंह उर्फ बंटी सरदार, पूर्व प्रदेश सचिव उवेश खान, पंकज हुण्डैत, मोहम्मद जिमी, नेहा, चीकू पठान, संजीव जाटव, राहुल कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, राजमती जैन, पुष्पेंद्र राजा सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मथुरा से प्रयागराज कुंभ मेंस्नान के लिए मिलेगी फ्री बस सेवा

**मथुरा।** महाकुंभ में स्नान के लिए जाने वालों के लिए अच्छी खबर है। प्रयागराज जाने के लिए उन्हें किसी परेशानी का सामना नहीं करना होगा। मथुरा से फ्री बस सेवा शुरू की गई है। इस लग्जरी बस सेवा का 12 जनवरी से रोज मथुरा से प्रयागराज के बीच संचालन होगा। स्वर्गीय बाल मुकुंद कसेरे और अंगूरी देवी की स्मृति में 12 जनवरी से 13 फरवरी तक प्रतिदिन प्रयागराज महाकुंभ के लिए मथुरा से एक बस रवाना होगी। प्रयागराज जाने वाले इच्छुक यात्री मसानी के अग्रसेन चौक स्थित होटल मुकुंद विहार में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। यह जानकारी मुकुंद धाम में हुई बैठक में सेवा संकल्पित प्रमोद गर्ग कसेरे ने दी।उन्होंने बताया कि 12 जनवरी से 13 फरवरी तक प्रतिदिन मुकुंद विहार से रात 8ः30 बजे प्रयागराज के लिए एक लक्जरी बस रवाना होगी। अगले दिन रात को बस पुनः मथुरा के लिए प्रस्थान करेगी। महाकुंभ में स्नान के लिए जाने वाले इच्छुक श्रद्धालु निशुल्क रूप से बस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। बस के साथ ही भोजन और वहां ठहरने की व्यवस्था भी निशुल्क रहेगी। यह सेवा सिर्फ 55 से 70 साल तक की उम्र के लोगों के लिए है।

# धमकी भरा मेसेज डालने वाले प्रधानाध्यापक बहाल

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** विभागीय ग्रुप पर विजीलेंस द्वारा किसी खंड शिक्षा अधिकारी को ट्रेप करा कर भ्रष्टाचार के तहत गिरफ्तार कराने की धमकी डालने के प्रकरण में निलंबित चल रहे एक प्रधानाध्यापक को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने उसकी दो वेतन वृद्धि रोकते हुए सवेतन बाहल कर दिया है। बतादें कि प्राथमिक विद्यालय नगला सीता की प्रधानाध्यापक अशोक प्रिया ने एक मार्च 2024 को विभाग के सोशल मीडिया वाट्स अप ग्रुप पर औरैया के एक खंड शिक्षा अधिकारी को रंगे हाथ 30 हजार रुपये लेते विजीलेंस द्वारा गिरफ्तरी का वीडियो डाला गया था। जिस पर कमेंट किया गया था कि इसी तरह मथुरा के एक खंड शिक्षा अधिकारी को भी गिरफ्तार कराया जाएगा। यह प्रकरण सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहा। इस प्रकरण की जांच के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने खंड शिक्षा अधिकारी मथुरा राकेश कुमार व खंड शिक्षा अधिकारी छाता अवनीश कुमार को जांच अधिकारी नामित किया गया। उसको आरोप पत्र देकर निलंबित कर दिया गया। उक्त प्रधानाध्यापक को राल न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालय पोखरन से संबंध कर दिया गया था। जांच आख्या में उस पर आरोप सही पाये गए। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अंतिम कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रधानाध्यापक अशोक प्रिया की दो वेतन वृद्धि अस्थाई रूप से रोकते हुए वाहल कर दिया। उन्होंने चेतावनी देते हुए रिक्त पद प्राथमिक विद्यालय ऊंचा गांव ब्लॉक मथुरा में प्रधान अध्यापक पद पर सवेतन बहाल किया है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये कीर्तिशेष मास्टर प्रताप सिंह पटेल

**अवधनामा संवाददाता**



- पत्रकार कुन्दन पाल के चचेरे भाई व जागरण झांसी के प्रबंधक प्रशान्तसिंह की माताजी के निधन पर जताया शोक

**ललितपुर।** सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में प्रेस क्लब (रजि.) के तत्वाधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में प्रेस क्लब के संरक्षक सदस्य रहे कीर्तिशेष मास्टर प्रताप सिंह पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। पत्रकारों ने सर्वप्रथम अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, तदोपरान्त कीर्तिशेष मास्टर प्रताप सिंह पटेल के चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि कीर्तिशेष मास्टर प्रताप सिंह पटेल अपनी योग्यता, क्षमता एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की बदौलत पत्रकारिता के क्षेत्र में साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी कीर्तिमान स्थापित किये। प्रेस क्लब संरक्षक सदस्य के रूप में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य करते हुये अपने कर्तव्यों, दायित्वों का बखूबी निर्वह्न किया। पत्रकारिता के मूल उद्देश्यों को लेकर वह हमेशा संघर्षरत रहे। उनके इस अमिट योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सच्ची श्रद्धांजलि उनके प्रति तभी होगी, जब हम उनके बताये मार्ग पर चलने का प्रयास करें। अन्य वक्ताओं ने कहा कि कीर्तिशेष मास्टर प्रताप सिंह पटेल पत्रकारिता के क्षेत्र के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी नये-नये कीर्तिमान स्थापित किये, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सभा के दौरान प्रेस क्लब के सदस्य पत्रकार कुन्दन पाल के चचेरे भाई के आकस्मिक निधन व दैनिक जागरण झांसी के प्रबंधक प्रशान्त सिंह की पूज्यनीय माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया। पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामनायें कीं। सभा उपरान्त पत्रकार साथियों ने पत्रकार कुन्दन पाल के आवास पहुंच कर शोक पत्र सौंपा। सभा का संचालन महामंत्री अमित सोनी ने किया। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, पवन संज्ञा, संतोष शर्मा, दिनेश संज्ञा, अजय बरया, बृजेश तिवारी, संजू श्रोती, हरीशंकर अहिरवार, सर्वदेव तिवारी, संजीव नामदेव, बृजेश पंथ, अनन्त सराफ, राममूर्ति तिवारी, शैलेष जैन पिन्टू, दिव्यांश शर्मा, राहुल साहू, सौरभ गोस्वामी, निहाल सेन, अमित लखेरा, पंकज रायकवार, अमित राठौर, अजय जैन अज्जू, बलराम पचौरी, शुभम पस्तोर, सुमित रैकवार, बाबू सोनी, प्रदीप रिछारिया, स्वतंत्र तिवारी, आशीष तिवारी, सुनील जैन, अजितेश जैन, के.पी. यादव, मनोज जैन, शिब्बू राठौर, संजय नायक झल्लू, राजेश कुमार राठौर, जगभान सिंह, भगवान सिंह, विनोदराज सेन के अलावा अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### इमाम अली नकी की शहादत के शोक में मातम व नोहाख्वानी की गयी



**सम्भल।** इमाम अली नकी की यौमे शहादत के शोक में शबीहै ताबूत बरामद किया गया जिसमें आये अजादारो ने मातम व नोहा ख्वानी करके शोक व्यक्त किया मुहल्ला नूरियो सराय स्थित इमाम बारगाह में मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें मर्सिया ख्वानी रहबर हुसैन शमाईम रजा सलीम मेहंदी आदि ने की मजलिस के बाद रंजो ग़म के बीच शबीहे ताबूत इमाम अली नकी अलैहिस्सलाम बरामद किया गया ताबूत की जियारत करने के लिए महिलाओं के साथ बच्चे भी शामिल रहे मातम व नोहा ख्वानी करके शोक व्यक्त किया गया इस से पूर्व मजलिस को सुहैल अब्बास ने खिताब करते हुए इमाम अली नकी की ज़िन्दगी पर विस्तार से रोशनी डाली और इमाम के बताये हुए संदेशो पर अमल करने को कहा जिससे दुनियां में कामयाबी के साथ जीवन गुजारा जा सकें इमाम अली नकी ने जीवन में इसंनियत की सेवा करने के साथ इल्म हासिल करने पर जोर दिया है अल्लाहा के नजदीक इंसानियत की सेवा करना भी सबसे बड़ा सवाब का कार्य है इस लिए बिना किसी भेदभाव के साथ इंसानियत की सेवा करे।

### 14 परिवारो को मिलाया गया



**संभल।** जनपद संभल में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10:30 बजे महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई जहां पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया यहां कुल 63 पत्रावली सुनकर 38 पत्रावली का निस्तारण किया गया जहां 14 परिवारों को मिलाया गया तथा 21 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद करने की संतुति की गई तथा 3 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल तथा विधिक परामर्शदाता एडवोकेट लव मोहन वार्ष्णेय तथा काउंसलर संगीता भार्गव सीमा आर्य बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता तथा उपनिरीक्षक ओम प्रकाश, मनोहर सिंह कांस्टेबल उषा रश्मि गहलोत शहजाद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण की जन्मस्थली मै गायों की दुर्दशा

**अवधनामा संवाददाता**

- आश्रय स्थल भी अब नहीं रहे गायों के लिए सुरक्षित
- गोवंश की ऐसी हालत योगी राज से पहले नहीं देखी

**मथुरा।** प्रदेश सरकार गौ संरक्षण को लेकर लगातार बड़े बड़े वादे करती सुनाई देती हेयर लेकिन स्थानीय स्तर पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है।

मथुरा मै बीते माह भी गौ माता की दुर्दशा का मामला सामने आया जिस पर भारी घमासान मचा और 6 गौ सेवकों को गौ माता की दुर्दशा पर आवाज उठाने के मामले मै जेल मै ठूस दिया गया जो आज तक जेल से बाहर आने के लिए तरस रहे है, गौ सेवा आयोग के सदस्य बीते दिनों मथुरा आकर राजनीतिक बयानबाजी कर लंबा फोटो सेशन कर विदा हो लिए पर गौ माता की दशा आज भी जश की तश बनी हुई है, योगी आदित्यनाथ सरकार के द्वारा बनाए गए गायों के लिए बनाए गए सरकारी आश्रय स्थल भी अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं। फरह के पिलुआ सादिकपुर की गोशाला पर मरणासन्न हो चुकी एक गाय की कुत्ते आंख नोंचकर ले गए। यही नहीं बल्कि कुत्ते दफनाई गई गायों के अवशेषों को भी गड्ढों में से निकाल रहे हैं। यह दुर्गति देखकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और हंगामा करने लगे। लोगों की शिकायत के बाद अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों को शांत कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

ग्रामीणों ने बताया है कि गांव के लोग शुक्रवार सुबह टहलने निकले थे। तभी रास्ते में उन्होंने देखा कि कुत्ते मांस के लोथड़े को नोंच-नोंचकर खा रहे थे। ये किस जानवर का मांस है यह जानने के लिए ग्रामीणों ने छानबीन की। इस दौरान एक कुत्ता मुंह में मांस का टुकड़ा दबाकर गोशाला से निकला। यह देखकर लोग दंग रह गए। गोशाला से थोड़ी दूरी पर कुछ कुत्ते अवशेषों को भी नोंच-नोंचकर खा रहे थे। यह स्थिति देखकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। गोशाला की दुर्गति देखकर लोगों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की तो पशु चिकित्सकों की एक टीम, ग्राम पंचायत अधिकारी राजेंद्र सिंह और विकासखंड अधिकारी नेहा रावत मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों का आरोप है कि गोशाला में पानी और चारे की व्यवस्था नहीं होने से गायों की हालत नाजुक हो रही है। सूखा भूसा भी भरपेट नहीं दिया जा रहा है और हरा चारा तो कभी यहां देखने को नहीं मिलता है। इस स्थिति से गायों के शरीर में इतनी ताकत नहीं कि हमलावर कुत्तों से बचाव कर सकें। ऐसी ही एक मरणासन्न गाय की कुत्ते आंख नोंचकर ले गए। इधर लोगों को शांत कराने के बाद अधिकारियों ने गोशाला की व्यवस्थाएं परखीं। साथ ही ग्रामीणों को गायों के बेहतर इलाज कराने का आश्वासन दिया है।

सीडीओ मनीष मीना ने बताया कि पिलुआ सादिकपुर की गोशाला में बीते दिन बीमारी के कारण कुछ गायें मर गई थीं। संचालक ने उन्हें दबा दिया था। कुत्तों ने गड्ढे से उनके अवशेषों को निकाला है। वहीं गोशाला में भी तीन गाय बीमार हैं। उनका इलाज किया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद

# पी एम रोजगार सृजन की गति मिली धीमी

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी की समीक्षा के दौरान जनपद की पीएम रोजगार सृजन की गति खराब पाई गई। उन्होंने जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारियों से नाराजगी जाहिर करते हुए जनवरी माह में रोजगार सृजन के अवसर बढ़ाने के निर्देश दिए गए। आगरा स्थित आयुक्त सभागार में मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई।

बैठक में मथुरा जनपद के उद्योग जगत से जुड़े उद्यमी भी शामिल हुए। संयुक्त आयुक्त उद्योग अनुज कुमार द्वारा सर्वप्रथम प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रगति प्रस्तुत की गयी। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में मथुरा में ऋृण वितरण की प्रगति कम रही है। वहीं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना में भी मथुरा की प्रगति खराब रही। बैठक में निर्देश दिए कि जनवरी माह में ही प्रगति बढ़ाते हुए पूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति की जाए। एमओयू प्रस्तावित निवेश मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि आगामी 15 दिनों में सभी हस्ताक्षरित हुए एमओयू को फाइनल कराने का प्रयास कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उद्योग बंधु समिति की पिछली बैठक में उद्योग बंधुओं द्वारा रखी गई समस्याओं और प्रकरण पर संबंधित को निस्तारण की समीक्षा की गई। इसके बाद निवेश मित्र पोर्टल के अन्तर्गत लंम्बित प्रकरणों की समीक्षा की गयी। उद्योग से संबंधित मथुरा में 7 प्रकरण ऐसे मिले जो निर्धारित समय उपरांत लंबित हैं। समीक्षा करने के बाद मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग निर्धारित समय सीमा के अन्दर ही प्रकरणों का संज्ञान लेकर उसका

# पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय का दीक्षोत्सव माह प्रारंभ

**अवधनामा संवाददाता**

- 3 फरवरी को समापन, राज्यपाल करेंगी शिरकत

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा का दीक्षोत्सव माह -2025 आज दिनांक 4 जनवरी 2025 से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विश्वविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान द्वारा शुभारंभ किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के की राष्ट्रीय कैडेट कोर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त करने का अभियान प्रारंभ किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर श्रीवास्तव ने बताया कि प्लास्टिक में प्रयोग होने वाले रसायन, मनुष्य तथा पशुओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसलिए समस्त परिसर वासियों को प्लास्टिक के प्रयोग से बचना चाहिए तथा परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग करना चाहिए। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर देश दीपक सिंह ने बताया कि दीक्षोत्सव माह -2025 के अंतर्गत 4 जनवरी से 3 फरवरी, 2025 तक विभिन्न प्रकार की पठन-पाठन तथा पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा तथा 3 फरवरी को विश्वविद्यालय की कुलाधिपति तथा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, महामहिम आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह के आयोजन के साथ संपन्न होगा। प्लास्टिक मुक्त कैंपस परिसर अभियान के संयोजक डॉ रजनीश सिरोही तथा डॉ अवनीश द्वारा विश्वविद्यालय के संपूर्ण परिसर को प्लास्टिक मुक्त करने का अभियान चलाया गया। दीक्षोत्सव माह- 2025 के उद्घाटन सत्र में प्रोफेसर विकास पाठक, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय; प्रोफेसर अर्चना पाठक, अधिष्ठाता, परास्नातक; प्रोफेसर अरुण कुमार मदान; कुलसचिव डॉ नित्यानंद पांडे, अधिष्ठाता मात्सिकी महाविद्यालय; प्रोफेसर रश्मि सिंह, अधिष्ठाता, डेरी विज्ञान महाविद्यालय; प्रोफेसर अतुल प्रकाश सहित विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वृंदावन में 6 जनवरी से सनातन संस्कृति समागम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** वृंदावन छटीकरा मार्ग स्थित फनलेंड मे 6 से 12 जनवरी तक सनातन संस्कृति समागम का विशाल आयोजन ब्रज मण्डल के ब्रजवासी संत महंत भागवत आचार्य व प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति मे सप्त दिवसीय श्री मद भागवत सप्ताह के साथ साथ दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक संत सम्मेलन विद्वत संम्मेलन यमुना प्रदूषण गौ हत्या पर प्रतिबंध राष्ट्र रक्षा ब्रज के प्राचीन मठ मंदिर वन उपवन की सुरक्षा संरक्षण के साथ साथ सनातन बोर्ड का निर्माण श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के साथ साथ ब्रज मण्डल के वृद्ध महिला पुरुषो का सम्मान आदि कार्यक्रम 7 दिन मे आयोजित होंगे भागवत प्रवक्ता ब्रजवासी जगदगुरू श्री कृष्ण कन्हैया पदरेनु ने बताया कि उक्त सम्मेलन मे अनेको राज्यों से भक्त जन आ रहे हैं ब्रजभूमि कल्यान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि आगामी 14 जनवरी से प्रयाग राज मे आयोजित कुंभ मेला मे सनातन बोर्ड व सनातन हिंदू समागम पर भी चिंतन मनन होगा आचार्य करुणा शंकर, आचार्य संतोष भाई, ने कहा कि उक्त सनातन संस्कृति समागम एक मील का पत्थर साबित होगा जो कि ब्रज मण्डल मे नयी क्रांति उत्पन्न कर उद्देश्यों को साकार रूप प्रदान करेगा इस अवसर पर प्रेस वार्ता हुई एवं इस कार्यक्रम के आयोजक पंडित राहुल द्विवेदी ने सभी का आभार प्रकट किया उपस्थित जनो मे आचार्य श्याम बिहारी चतुर्वेदी,राजन कृष्ण,राकेश शास्त्री, विष्णु कांत भारद्वाज ब्रजवासी भैया,सौरभ कृष्ण, अनिल कृष्ण,बाल कृष्ण पंडित, दीपेश,सुशील मोहन शर्मा, लक्ष्मीकांत कौशिक, दिनेश कौशिक,राजेश पाठक, रुपेश तिवारी, अंकित, वीरपाल मिश्रा, रामदेव भारद्वाज, भूदेव, सत्यनारायण, नेमचंद व चौधरी वीरपाल सिंह पत्रकार एवं ठाकुर चंदन सिंह वैद्य मानव सेवा प्रकल्प संस्था के अध्यक्ष उपस्थित हुये।

## पसमांदा आंदोलन को मजबूती देने पर एआइपीएमएम ने किया विचार-विमर्श

# संगठन की मजबूत के लिये सभी का सक्रिय रहना जरूरी: शारिक

**अवधनामा संवाददाता**



**पटना।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रदेश कार्यालय, फुलवारी शरीफ, पटना में एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शारिक अदीब की अध्यक्षता में हुई। शारिक अदीब नवनियुक्त बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के शपथ ग्रहण समारोह में निजी तौर पर भाग लेने के बाद कार्यालय पहुंचे थे। इस अवसर पर जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की प्रदेश प्रवक्ता और प्रख्यात नेत्री अंजुम आरा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने पसमांदा मुस्लिम समाज को जागरूक करने, उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने, और उनके सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, तथा शैक्षणिक विकास के लिए अपने विचार साझा किए। उनकी उपस्थिति और विचारों ने बैठक को एक नई दिशा प्रदान की।

जनता दल यूनाइटेड की प्रवक्ता अंजुम आरा ने शारिक अदीब अंसारी के साथ गहन चर्चा की और पसमांदा आंदोलन को बिहार के हर क्षेत्र, खासकर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों तक पहुँचाने के लिए रणनीति बनाने पर जोर दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि आंदोलन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए संगठन को स्थानीय स्तर पर मजबूत करना होगा।

बैठक में संगठन के नेताओं ने पसमांदा समाज के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत पर बल दिया। पसमांदा समुदाय के अधिकारों और समस्याओं को राजनीतिक मंच पर प्रभावी ढंग से उठाने, उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने, और उनकी सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षणिक स्थिति में सुधार के लिए कई प्रस्ताव रखे गए।

पटना जिला नगर अध्यक्ष रफी अहमद कादरी, पटना जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) मोहम्मद आफताब आलम, और महासचिव इम्तियाज अहमद अंसारी ने अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए वर्तमान प्रयासों की जानकारी दी और आने वाले समय में नए कार्यक्रम शुरू करने का आश्वासन दिया।

इस बैठक में सर्वस सम्मस से यह फेसला हुआ कि पसमांदा आंदोलन के प्रचार-प्रसार के लिये बिहार के शहरी और ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, ताकि पसमांदा समाज के लोग अपनी समस्याओं को पहचानकर संगठन से जुड़ सकें और उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए शैक्षणिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्कूल, कॉलेज, और पंचायत स्तर पर चर्चाएं और सेमिनार आयोजित होंगे।

बैठक के समापन पर श्री अदीब ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पसमांदा आंदोलन को मजबूत करने के लिए यह जरूरी है कि हर सदस्य अपने स्तर पर सक्रियता दिखाए। उन्होंने कहा, यह संगठन एक जनांदोलन है, और इसकी सफलता हर सदस्य की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। हमें एकजुट होकर पसमांदा समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए निरंतर प्रयास करना होगा।

# नए साल में छाएगा मोचा मूस कलर के आउटफिट का जादू, आप भी देखें इसकी झलक

जिस तरह से मौसम बदलता है, ठीक उसी तरह हर साल फैशन ट्रेंड भी बदलता है। हर साल एक नया कलर फैशन इंडस्ट्री में उभरकर आता है। न सिर्फ सेलिब्रिटी बल्कि सभी लोग इसे पहनना पसंद करते हैं। जिससे कि यह फैशन ट्रेंड का हिस्सा बन सके। वहीं फैशन डिजाइनर भी इस थीम को फॉलो करते हैं। ऐसे में साल 2025 में एक बार फिर नए कलर का नाम सामने आया है। यह नए साल में ट्रेंड करने वाला है। बता दें कि इस साल मोचा मूस ट्रेंडी कलर है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मूचा मूसा कलर के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही हम आपको यह भी बताएंगे आप किस तरह से इस कलर के आउटफिट को ट्राई कर सकते हैं।



***मोचा मूस कलर***

जैसे हर कलर में एक चमक होती है, लेकिन इसमे वह चीज नहीं होती है। इसलिए मोचा मूसा कलर को न्यूड कलर की कैटेगिरी में रखा जाता है। यह ब्राउन शेड होता है। इसलिए कुछ लोग इसको मिट्टी का कलर भी कहते हैं। इसमें आपको मेटेलिक, शिमर, प्लेन, साटन और एम्ब्राइडरी वर्क हर चीज मिल जाएगी। वहीं लेदर में भी इस कलर को काफी पसंद किया जाता है।

***इंडो वेस्टर्न आउटफिट्स***

आपको हर एक फैब्रिक में इस तरह का कलर मिल जाएगा। आप इस कलर में किसी भी तरह का आउटफिट वियर कर सकती हैं। आप चाहें तो इस कलर में इंडो वेस्टर्न आउटफिट भी डिजाइन करवा सकती हैं। वहीं इस कलर के साथ कॉन्ट्रास्ट कलर भी पहन सकती हैं। बता दें कि डार्क शेड के साथ इस तरह का कलर सबसे ज्यादा अच्छा लगता है। इस तरह से आप भी ट्रेंड का हिस्सा बन पाएंगी।

***मोचा मूस कलर के आउटफिट्स***

मोचा मूस कलर टोन को फॉलो करते हुए अपने लिए वेस्टर्न ड्रेस तैयार करवा सकती हैं। फेयर स्किन टोन पर यह कलर काफी अच्छे लगते हैं। इसके अलावा डार्ल कलर वाले लोग कॉन्ट्रास्ट करके ये कलर पहनते हैं, तो यह कलर बहुत ज्यादा उभरकर आता है। यह कलर सटल होता है, जोकि हर इवेंट के लिए बेस्ट होता है।

***पार्टी के लिए भी अच्छा है कलर***

अगर आप भी पार्टी में शामिल होने का मन बना रही हैं, तो इस कलर वाले आउटफिट्स को ट्राई कर सकती हैं। इस कलर में आपको अगर आप साटन का फैब्रिक लेकर ड्रेस डिजाइन कराएंगी, तो यह और भी ज्यादा सुंदर लगेगा। इसके साथ आप एक्सेसरीज में भी इस तरह का कलर टोन ट्राई कर सकती हैं। इससे आपका लुक बहुत अच्छा लगेगा। वहीं पार्टी में हर कोई आपके आउटफिट की तारीफ करेगा।

# इस तरह से वर्किंग वूमेन बालों का रखें ख्याल, इन हैक्स को अपनाएं

बिजी लाइफस्टाइल के चलते वर्किंग वूमेन अपने बालों की केयर ठंग से नहीं कर पाती है। बालों की केयर भी काफी जरुरी है। वरना बालों का डैमेज होना, ड्राई होना और बालों का शाइन तक चली जाती है। कामकाजी महिलाएं झटपट काम करने में रहती है इसलिए उन्हें अपने बालों की या फिर स्किन केयर के लिए भी समय नहीं मिलता है। अगर आप अपने बिजी लाइफस्टाइल से थोड़ा सा समय निकालकर हेयर्स पर ध्यान देते हैं, तो जल्द ही आपके बाल घने और स्मूद होंगे। आइए आपको कुछ हैक्स बतात हैं, जो आपके काफी काम आने वाले है।

***बालों पर होममेड ऑयल लगाएं***

केमिकल युक्त तेल से बालों में न लगाएं। इससे बेहतर है कि आप घर पर ही दादी-नानी के बताए हुए नुस्खा को ट्राई कर सकती हैं। आप घर पर ही मेथी और करी पत्ते का ऑयल बनाना सकते हैं।



***कैसे बनाएं तेल***

- सबसे पहले मेथी दाने और करी पत्तों को सरसों के तेल में अच्छे से पकाना है।
- अब इसमें थोड़ा सा ब्राह्मी पाउडर को मिक्स करना है।
- जब यह ठंडा हो जाए, तो इसे छान लें।
- इस तेल को आप एक जार में बंद करके रख लें।
- जब आप हेयर वॉश करने जाएं, तो उससे 30 मिनट पहले ऑयल को बालों में लगा लें। आपको रिजल्ट अच्छे मिलेंगे।

***हेयर मास्क लगाएं***

- आप एलोवेरा जेल, केला, नारियल तेल और शहद लेना है।
- इन तीनों चीजों को कटोरी में मिला लें और अच्छे से मिक्स कर दें।
- बाल धोने से पहले इसे हेयर्स पर अप्लाई करें।
- 20 मिनट के बाद बालों धो लें।
- इसकी मदद से आपके बाल टूटने और रुखे की समस्या गायब हो जाएगी।

# हेयर फॉल रोकने के लिए घर पर बनाएं मेथी और प्याज का तेल, घने और लंबे होंगे बाल

अक्सर लोग हेयर फॉल की समस्या से जूझते रहते हैं। हेयर फॉल को रोकने के लिए लोग केमिकल बेस्ड महंगे-महंगे हेयर ऑइल का इस्तेमाल करते हैं। जिससे बाल और भी ज्यादा डैमेज होते हैं। ऐसे में आपको कम से कम एक बार घर पर इस नेचुरल तेल को बनाकर बालों में अप्लाई करना चाहिए। बता दें कि घर पर केमिकल फ्री हेयर ऑयल को बनाना बहुत आसान है। मेथी और प्याज दोनों ही हमारे बालों के लिए फायदेमंद होता है। ऐसे में आप इस तेल को अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल कर अपने बालों को लंबा और घना बना सकती हैं। इस तेल से आपका हेयर हेल्थ भी काफी हद तक इंप्रूव हो सकता है। तो आइए जानते हैं इस तेल के फायदे और इसे बनाने के तरीके के बारे में...



***मेथी दाने और प्याज का मिक्सचर***

घर पर हेयर ऑयल बनाने के लिए आपको 2 चम्मच मेथी दाने और एक मीडियम साइज की प्याज लें। इन दोनों ही चीजों का मिक्सचर बालों की सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इस तेल को बनाने के लिए सबसे पहले मेथी दाने को रातभर के लिए पानी में भिगोकर छोड़ दें और प्याज को बारीक-बारीक काट लें।

***ऐसे बनाएं ये तेल***

सबसे पहले भीगे हुए मेथी के दाने और बारीक कटे प्याज को अच्छे से पीस लें और इस स्मूद पेस्ट को वर्जिन कोकोनट ऑइल में करीब 10-15 मिनट तक पकाएं। अब इस तेल को ठंडा होने के बाद छान लें और इस तेल को बालों में अप्लाई करें। बालों में तेल को अप्लाई करने के बाद हेयर वॉश कर लें।

***मिलेंगे बहुत सारे फायदे***

बता दें कि बेहतर रिजल्ट पाने के लिए आप सप्ताह में दो बार इस तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं इस तेल का रेगुलर इस्तेमाल करने से आपके बाल लंबे और घने हो सकते हैं। इस तेल के इस्तेमाल से आपको बालों संबंधित समस्याओं से निजात मिल सकता है। आप मेथी दाने और प्याज से बने इस तेल का इस्तेमाल कर आप हेयर हेल्थ को काफी हद तक इंप्रूव कर सकती हैं।

# भूलकर भी बॉडी पर इन चीजों का इस्तेमाल न करें, स्किन हो सकती है डैमेज

चाहे महिलाएं और पुरुष स्किन केयर का सभी ख्याल रखते हैं। ऐसे में कई लोग जाने-अनजाने में स्किन केयर प्रोडक्ट्स खरीद तो लेते हैं, लेकिन बाद में यह बॉडी को नुकसान भी करता है। कई बार तो लोगों से सुनकर ही लोग स्किन केयर प्रोडक्ट्स का यूज करने लगते हैं। लेकिन वो लोग यह नहीं जानते है ये हमारी स्किन को खराब भी कर सकती है। ऐसे में आप भी बिना एक्सपर्ट सलाह लिए स्किन पर यूज न करें। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही प्रोडक्ट्स बताने जा रहे हैं, जिनका प्रयोग नहीं कर रहे हैं।



***बॉडी पर इन चीजों का यूज न करें***

***फुट स्पून का इस्तेमाल न करे***

एड़ियों को घिसने के लिए लोग फुट स्पून का इस्तेमाल करते हैं। इसके प्रयोग से आपकी एड़ियां फट जाएगी। इसके बजाय आप पैर साफ करने के लिए कुछ देर गुनगुने पानी या गर्म पानी में अपने पैरों को डालकर रखें। फिर आप इसे तौलिया से सूखा लें और अब आप फुट क्रीम लगा सकते है।

***लूफाह इस्तेमाल करना***

शरीर से मैल हटाने के लिए हम सभी लूफाह का प्रयोग करते हैं। हर घर में लूफाह का प्रयोग होता है। इसका अधिक इस्तेमाल करना नुकासनदायक हो सकता है। अगर आप सेंसिटिव पार्ट्स पर लूफाह से रगड़कर प्रयोग करते हैं, तो यह आपके स्किन को डार्क कर सकता है।


***फेस क्लीनर का प्रयोग न करना***

जो लोग अपने चेहरे की सॉफ्ट स्किन को साफ करने के लिए फेस क्लीनर जैसी मशीन का इस्तेमाल करते हैं। लोगों का मानना है कि इस मशीन के इस्तेमाल से डीप क्लीन किया जा सकता है। मगर आपको अपने चेहरे की मुलायम त्वचा को साफ के लिए अपने हाथों का इस्तेमाल करना चाहिए।

***क्यूटिकल कटर का प्रयोग न करें***

नाखूनों के पास की स्किन को कट करने के लिए क्यूटिकल कटर का प्रयोग करते होंगे, लेकिन आपको इसका प्रयोग नहीं करना चाहिए। नाखूनों के लिए जरुरी होते हैं क्यूटिकल इनको नहीं काटना नहीं चाहिए।

# वेलवेट आउटफिट को स्टाइल करते समय ना करें ये गलतियां



ठंड के मौसम में हम सभी की स्टाइलिंग का तरीका काफी बदल जाता है। वेलवेट सर्दियों में सबसे ज़्यादा पसंद किया जाने वाला कपड़ा है। यह ना केवल बेहद ही सॉफ्ट और कंफर्टेबल है, बल्कि इससे आपको एक रॉयल लुक भी मिलता है। हालांकि, कई बार यह देखने में आता है कि हम सभी वेलवेट को स्टाइल करते समय कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं, जिससे आपका ओवर ऑल लुक बिगड़ जाता है। मसलन, अगर आप अपर वियर और बॉटम वियर, दोनों में ही वेलवेट को चुनते हैं तो इससे शायद आपका लुक अजीब लगे।

वेलवेट को वास्तव में बैलेंस करके पहनना बेहद जरूरी है। आप इसे कैजुअल से लेकर पार्टी तक का हिस्सा बना सकती हैं, बस वेलवेट से जुड़ी स्टाइलिंग मिसटेक्स से बचना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में बता रहे हैं जिसे अक्सर लोग वेलवेट स्टाइल करते हुए कर बैठते हैं-

***बहुत ज्यादा वेलवेट पहनना***

वेलवेट काफी क्लासी लुक देता है, लेकिन सिर से लेकर पैर तक वेलवेट से खुद को ओवरलोड कर देना आपके लुक को बिगाड़ सकता है। वेलवेट ब्लेज़र, ड्रेस या पैंट बहुत खूबसूरत लगते हैं, लेकिन इन सबको एक साथ पहनना सही नहीं माना जाता। कोशिश करें कि आप अपने स्टेटमेंट आइटम के रूप में एक वेलवेट पीस चुनें। उदाहरण के लिए, अगर आप वेलवेट पैंट पहन रहे हैं, तो टेक्सचर को बैलेंस करने के लिए इसे सिल्क ब्लाउज़ या सिंपल कश्मीरी स्वेटर के साथ पहनें।

***कलर में गड़बड़ करना***

वेलवेट को स्टाइल करते समय आपको उसके कलर्स पर भी ध्यान देना चाहिए। वेलवेट फैब्रिक में रिच व डीप शेड्स काफी अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर आप नियॉन या बहुत ज़्यादा चमकीले शेड्स चुनते हैं तो इससे आपका लुक खराब हो सकता है। इसी तरह, अगर आप डल टोन चुनती हैं तो इससे भी आपका लुक अच्छा नहीं आता है। वेलवट में आप एमरल्ड ग्रीन, बरगंडी, नेवी या क्लासिक ब्लैक जैसे गहरे, ज्वेल टोन पहनने की कोशिश करें।

***ओकेजन को नजरअंदाज करना***

वेलवेट को आप कैजुअल्स से लेकर पार्टी वियर किसी भी ओकेजन पर स्टाइल कर सकती हैं, बस आपका तरीका सही होना चाहिए। उदाहरण के लिए, कैजुअल कॉफ़ी मीटअप के लिए वेलवेट इवनिंग गाउन आपके लुक को ओवर दिखाएगा। कैजुअल आउटिंग के लिए आप हाई-वेस्ट जींस के साथ वेलवेट कैमिसोल पहनें। इसी तरह, फॉर्मल इवेंट के लिए वेलवेट ड्रेस और हील्स को स्टाइल किया जा सकता है।

# साल 2024 में ट्रेंड्स का हिस्सा रहे ये मेकअप लुक, खास मौके पर बने सबकी पहली पसंद

चेहरे को सुंदर बनाने के लिए स्किन केयर करने के साथ मेकअप का भी अहम रोल होता है। आजकल लोग ऑनलाइन चीजों को देखते हैं और फिर मेकअप लुक क्रिएट करते हैं। तो वहीं बहुत सारे लोग पार्लर जाकर मेकअप कराना पसंद करते हैं। जिससे कि उनका लुक डिफरेंट लगता है। यही कारण है कि हर साल मेकअप लुक में कुछ न कुछ बदलाव देखने को मिलते हैं। कई लोगों को हैवी मेकअप पसंद आता है, तो कुछ लोग सटल या मिनिमल मेकअप कराना पसंद करते हैं। बता दें कि इस बार आप भी साल 2024 में ट्रेंड किए गए मेकअप लुक को ट्राई कर सकते हैं। इन मेकअप लुक को सेलिब्रेटीज से लेकर हर किसी ने पसंद किया है। वहीं यह मेकअप लुक और अट्रैक्टिव बनाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको साल 2024 में ट्रेंड करने वाले कुछ मेकअप लुक के बारे में बताने जा रहे हैं।

***बोल्ड मेकअप लुक***

अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं, तो इस तरह का मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं। कई बार हम ट्रेंडी मेकअप करते हैं, तो कई बार अपनी पसंद का मेकअप करते हैं। कुछ समय बाद यह सोशल मीडिया के ट्रेंड का हिस्सा बन जाती हैं। अगर आप भी साल 2024 में ट्रेंडी मेकअप लुक क्रिएट करना चाहती हैं, इसके लिए





बोल्ड लुक्स क्रिएट कर सकती हैं। वेडिंग हो या फंक्शन हर किसी में यह लुक सबसे ज्यादा देखने को मिला है। किसी ने रेड बोल्ड लिपस्टिक लगवाया तो किसी ने आंखों को बोल्ड करवाया। इस लुक को पूरे साल पसंद किया गया। कई सेलिब्रेटीज ने अपनी शादी के लिए भी क्रिएट किया। जिससे कि वह सुंदर नजर आ सकें।

***ग्लैम मेकअप लुक***

साल 2024 में ग्लैम मेकअप लुक भी काफी ज्यादा ट्रेंड में रहा। हर किसी को मिनिमल चीजें सबसे ज्यादा पसंद आई। बॉलीवुड अभिनेत्री हो या फिर कोई और हर किसी को यह मेकअप लुक खूब पसंद आता है। क्योंकि यह काफी सटल और सिंपल लुक है। इस मेकअप लुक को करने में ज्यादा दिक्कत नहीं आती है। इसमें कम कलर का इस्तेमाल होता है। वेडिंग फंक्शन से लेकर और भी किसी इवेंट के लिए आप इस तरह के लुक क्रिएट कर सकती हैं। इस लुक में आंखें थोड़ा स्मोकी रखा जाता है और लिप्स को न्यूड रखते हैं। इस तरह से आप बेहद सुंदर नजर आएंगी और आपको पार्लर जाने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।

***ऑम्ब्रे मेकअप लुक***

अपने लुक को क्रिएटिव बनाने के लिए ऑम्ब्रे मेकअप लुक को क्रिएट कर सकती हैं। इस लुक में आपको लिप्स और आईशैडो कलर को ऑम्ब्रे चूज करना है। इसको अप्लाई करके पूरा लुक क्रिएट करना है। वहीं बाकी लुक को सटल रखना है। इस तरह का मेकअप लुक काफी खूबसूरत लगता है। बड़े इवेंट के साथ-साथ फेस्टिवल पर भी इस लुक को काफी लोगों ने क्रिएट किया। आप चाहें तो इस ट्रेंडी मेकअप लुक को क्रिएट कर सकती हैं।

***ग्लॉसी मेकअप लुक***

साल 2024 में ग्लॉसी मेकअप लुक भी हर किसी को काफी पसंद आया है। साल के शुरूआत में होने वाली शादी में ग्लॉसी मेकअप लुक से ब्राइड को तैयार किया गया। वहीं आंखों पर डार्क शेड वाला कलर लगाया गया। इससे ब्राइड लुक और भी सुंदर नजर आया। बता दें कि अंबानी परिवार की छोटी बहू राधिका मर्चेंट भी अपनी शादी में ग्लॉसी लुक में नजर आई थीं। उनके लिप्स पर डार्क शेड अप्लाई किया गया। वहीं बाकी मेकअप शटल रखा गया था। वहीं नाइट इवेंट के लिए भी यह लुक क्रिएट किया गया। ग्लॉसी मेकअप हाइलाइट अच्छा करता है। इसलिए साल 2024 में इस लुक को काफी ज्यादा पसंद किया गया।

# पंजाबी वेडिंग के लिए चाहिए पटोला लुक तो कैरी करें ऑसीडाइज झुमके, यहां देखें कलेशन

महिलाएं अपने आउटफिट के साथ-साथ मेकअप, हेयरस्टाइल और ज्वेलरी का भी खास ख्याल रखती हैं। तब कहीं जाकर उनका लुक कंप्लीट होता है। कई बार आउटफिट बहुत अच्छा होता है, लेकिन सिंपल एक्सेसरीज के साथ लुक में मजा नहीं आता है। ऐसे में हमेशा सही चीजों का चयन करना बेहद जरूरी होता है। बात की जाए अगर पंजाबी वेडिंग की, तो आपको पटोला लुक पाने के लिए अट्रैक्टिव चीजें वियर करनी पड़ती हैं। ऐसे में आज हम इस आर्टिकल के जरिए आपको ऑक्सीडाइज झुमकों का कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं। इन ऑक्सीडाइज झुमकों को आप पंजाबी वेडिंग में सलवार सूट संग कैरी कर अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं।

***पर्ल बीड्स बिग झुमके***

आप वेडिंग सीजन में एक्ट्रेस संजना सांघी के जैसे बिग डबल लेयर पर्ल बीड्स झुमके पहनकर खुद को एलीगेंट लुक दे सकती हैं। यह झुमके पटियाला सूट के साथ खूब अच्छे लगते हैं। यह झुमके आपको एथनिक टच देने के साथ आपका लुक चांद की तरह निखर आएगा।





***स्माल सर्कल शेप झुमके***

एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने स्मॉल सर्कल शेप झुमकी एलिगेंट लुक देती हैं। अगर आप फेस ब्रॉड है, तो एक्ट्रेस की तरह स्मॉल झुमकी को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की झुमकी इयररिंग्स पेंट सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। आप इसको कैरी करके बेहद खूबसूरत नजर आएंगी। इसके साथ आप मिनिमल मेकअप और हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

***गजरा बीड्स झुमकी***

इसके साथ ही आप ऐसी गजरा बीड्स झुमकी एकदम ट्रेडिशनल टच देने का काम करेंगी। आप पंजाबी वेडिंग के लिए इस तरह के झुमके पहन सकती हैं। लोकल मार्केट और ऑनलाइन में आपको इस तरह की झुमकियां आसानी से मिल जाएंगी। यह आपको कम दाम 100 रुपए से 500 रुपए तक में आसानी से मिल जाएंगे।

***चांद बाली झुमके***

पंजाबी वेडिंग में सलवार-सूट के संग इस तरह के चांद बाली झुमके आपकी खूबसूरती को बढ़ाने का काम करेंगे। आप भीड़ में एकदम अलग नजर आएंगी। आप चांद बाली झुमके न सिर्फ सूट बल्कि साड़ी पर भी पहन सकती हैं। ऑनलाइन ऐसे झुमके आसानी से मिल जाएंगे। वहीं अगर पैसे की बात की जाए, तो आपको 1000 रुपए के अंदर ऐसे झुमके मिल जाएंगे।

# केजरीवाल बोले- पानी के गलत बिल माफ होंगे

## भाजपा-कांग्रेस एकसाथ चुनाव लड़ रही, उन्हें गठबंधन का ऐलान करना चाहिए

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- दिल्ली में पानी के गलत बिल को माफ कर दिया जाएगा।

जब मैं जेल गया तो इन लोगों ने पीछे से पता नहीं क्या किया। कुछ गड़बड़ की और लाखों लोगों के पानी के बिल हजारों-हजारों रुपए आने लगे। यह हमें बर्दाश्त नहीं हुआ। मैं ऐलान करता हूं कि जिन लोगों को लगता है कि उनके बिल गलत आए हैं, उन्हें पानी के बिल भरने की जरूरत नहीं है। चुनाव के बाद हम इन बिलों को माफ करवा देंगे। इसकी डिटेल चुनाव के बाद ही बताएंगे।

केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा और कांग्रेस पर दिल्ली की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- कांग्रेस और भाजपा को औपचारिक रूप से ऐलान कर देना चाहिए के वे दिल्ली में एकसाथ चुनाव लड़ रहे हैं।

केजरीवाल ने कहा- ये लोग केवल गालियां देकर चुनाव जीतना चाहते हैं। आप कह रही है कि 10 साल में हमने जो काम किए हैं, उनके दम पर हमें वोट दो।

वहीं, भाजपा कह रही है कि हमने 10 साल में केजरीवाल को इतनी गालियां दी। आने वाले 5 साल में और अच्छी-अच्छी गालियां देंगे। अब जनता को तय करना है कि गालियों के नाम पर वोट देना है या काम के लिए वोट देना है।

-दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। इस मीहने या अगले महीने चुनाव हो सकते हैं। पिछला विधानसभा चुनाव फरवरी 2020 में हुआ था, जिसमें क्कने 70 में से 62 सीटें जीती थीं।

-केजरीवाल पिछले 44 दिन में 5 घोषणाएं कर चुके हैं। इनमें महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपए से लेकर आटोवालों और पुजारी ग्रंथियों के लिए योजनाएं शामिल हैं।

-30 दिसंबर को पुजारी ग्रंथी योजना- केजरीवाल ने ऐलान किया कि अगर उनकी पार्टी दिल्ली में दोबारा सरकार बनाती है, तो वह पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना शुरू करेगी। इसके तहत मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार हर महीने भत्ता दिया जाएगा।

18 दिसंबर को बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना- अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की कि 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों का मुफ्त इलाज होगा। केजरीवाल ने साफ किया कि ये इलाज सभी बुजुर्गों के लिए मुफ्त होगा, चाहे वो किसी भी कैटेगरी में आते हों।

12 दिसंबर- महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना महिलाओं को हर महीने ?1000 रुपए देने का ऐलान किया। इसे महिला सम्मान योजना नाम दिया गया है। 18 साल की उम्र पूरी करने वाली हर महिला इस स्कीम के दायरे में आएगी। चुनाव के बाद रकम को बढ़ाकर ?2100 किया जाएगा।

10 दिसंबर- ऑटो चालकों के लिए 4 ऐलान केजरीवाल ने ऑटो चालक की बेटी की शादी के लिए 1 लाख रुपए, होली-दिवाली पर वर्दी बनवाने के लिए ढाई-ढाई हजार रुपए, 10 लाख रुपए का लाइफ इंश्योरेंस और 5 लाख का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस देने का ऐलान किया। बच्चों की कोचिंग का खर्च भी दिया जाएगा।

# मणिपुर में एसपी कार्यालय पर भीड़ ने किया हमला, बढ़ाई गई सुरक्षा

एजेंसी



**इंफाल।** मणिपुर में रह-रहकर हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। बीती रात उग्र भीड़ ने हथियारों के साथ कांगपोकपी जिले में पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पर हमला कर दिया। इसमें स्क्क मनोज प्रभाकर घायल हो गए हैं और कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

घटना के बाद इलाके में भारी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, स्थिति अब नियंत्रण में है और हालात पर बारीकी से नजर रखी जा रही है।

एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारी कांगपोकपी जिले के साइबोल गांव में तैनात केंद्रीय सुरक्षा बलों को हटाने की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। तभी हिंसक भीड़ ने कांगपोकपी के एसपी कार्यालय पर पथराव और पेट्रोल बम से हमला कर दिया।

भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और स्थिति पर काबू पा लिया।

हमले में पुलिसकर्मियों और प्रदर्शनकारियों सहित अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं।

31 दिसंबर को सैबोल गांव में सुरक्षाबलों ने कथित तौर पर महिलाओं पर लाठीचार्ज किया था।

स्वदेशी आदिवासी नेता मंच ने दावा किया कि सुरक्षाकर्मियों के बल प्रयोग में कई महिलाएं घायल हुई हैं। कुकी संगठन इसी घटना का विरोध कर रहे हैं।

आदिवासी एकता समिति ने मांग की है कि केंद्रीय बलों को गांव से वापस बुलाया जाए। आदिवासी एकता समिति ने राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम करते हुए कहा था कि निहत्थी महिलाओं पर बल प्रयोग सहन नहीं करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, घटना पर कुकी महिला मानवाधिकार संगठन ने कहा, सुरक्षाबलों ने कुकी महिलाओं को निशाना बनाया है।

## क्विक न्यूज

### दिल्ली में स्कूल के बाहर छात्र की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में हत्या की घटना सामने आई है। यहां राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय में पढ़ने वाले दो छात्रों के बीच शुक्रवार को स्कूल के बाहर किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस दौरान एक छात्र ने अपने साथियों को बुलाकर दूसरे छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। घायल छात्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक नौवीं कक्षा का छात्र है और पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके का रहने वाला था। पुलिस ने इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर सात आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, छात्र शुक्रवार को एक्स्ट्रा क्लास के बाद जब घर जा रहा था, तभी स्कूल के ही एक छात्र से उसका उसका झगड़ा हो गया। इसके बाद आरोपी छात्र ने अपने कुछ साथियों को भी वहां बुला लिया और सभी ने मिलकर छात्र के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों में से एक ने चाकू निकालकर छात्र की जांघ पर वार कर दिया।

### बोकारो में एनआईए की दबिश, नक्सल प्रभावित इलाकों में की छापेमारी

बोकारो। जिले में एनआईए की टीम ने दबिश दी है। बोकारो में नक्सलियों के बारे में महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर एनआईए की आठ टीमें पहुंची हैं। नक्सल प्रभावित गोमिया के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एनआईए की टीम की छापेमारी जारी है। कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने की सूचना मिल रही है। बोकारो के पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने एनआईए की टीम के बोकारो आने की पुष्टि की है, पुलिस अधीक्षक की माने तो एनआईए की टीम नक्सलियों के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर आई है और वह नक्सलियों से संबंध रखने वाले और नक्सली संगठन के बारे में अपनी जांच में लगी हुई है। टीम बोकारो जिले के उन इलाकों में छापेमारी कर रही है, जो झुमरा पहाड़ के नाम से जाना जाता है। झुमरा पहाड़ और उसके आसपास के गांव नक्सल प्रभावित माने जाते रहे हैं।

# पीएम मोदी ने ग्रामीण भारत महोत्सव का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्घाटन किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह 2014 से गांव के लोगों की सेवा में लगे हैं। बता दें कि कि इस महोत्सव का विषय विकसित भारत 2047 के लिए एक समावेशी ग्रामीण भारत का निर्माण करना है और इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत की उद्यमशीलता की भावना और सांस्कृतिक विरासत की सराहना करना है। पीएम मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में इस महोत्सव का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने सभी को साल 2025 की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 2025 की शुरुआत में ग्रामीण भारत महोत्सव का ये भव्य आयोजन भारत की विकासयात्रा का परिचय दे रहा है और एक पहचान बना रहा है। मैं इस आयोजन के लिए नाबार्ड को और अन्य सहयोगियों को बहुत बहुत बधाई देता हूं।

# न्यूक्लियर साइंटिस्ट आर चिदंबरम का निधन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक राजगोपाल चिदंबरम का निधन हो गया। वह 88 साल के थे, उन्होंने 1975 और 1998 के परमाणु परिक्षणों में अहम रोल प्ले किया। परमाणु ऊर्जा विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। अधिकारी ने बताया कि परमाणु हथियार कार्यक्रम से भी जुड़े रहे चिदंबरम ने सुबह तीन बजकर 20 मिनट पर मुंबई के जसलोक अस्पताल में अंतिम सांस ली। उन्होंने परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष और भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में कार्य किया था। चिदंबरम को 1975 और 1999 में पद्म श्री और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। एक वैज्ञानिक के रूप में अपने करियर में, डॉ. चिदंबरम ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के निदेशक, परमाणु ऊर्जा आयोग (एईसी) के अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के सचिव के रूप में काम किया। वह 1994-95 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष थे।

डॉ. चिदम्बरम भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार भी रहे थे। डॉ. चिदम्बरम ने भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई - पोखरण-I (1975) और पोखरण-II (1998) के लिए परीक्षण तैयारी की। परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल के समर्थक, उन्होंने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को गति दी। डॉ. चिदम्बरम को पद्म श्री (1975) और पद्म विभूषण (1999) सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

# पहाड़ी राज्यों में आज से फिर शुरू होगी भारी बर्फबारी

## बारिश की भी है चेतावनी.......................................

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पहाड़ी राज्यों में शनिवार से लेकर सोमवार तक भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है। इसके चलते आस-पास के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, जनवरी के पहले सप्ताह में तापमान में भारी गिरावट के साथ कोहरे का कहर जारी रहेगा।

साथ ही तेज हवाओं के चलते शीतलहर का प्रकोप देखने को मिलेगा।

जम्मू-कश्मीर में शनिवार रात से सोमवार सुबह तक चरम बर्फबारी का अनुमान लगाया जा रहा है। रात में कश्मीर का तापमान और कम हो गया।

गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.5 डिग्री नीचे दर्ज किया गया, जो गुरुवार रात के माइनस 8.6 डिग्री से काफी अधिक है।

आज कुकरनाग, कुपवाड़ा, श्रीनगर में तापमान माइनस 6 डिग्री तक जा सकता है।

इधर, घने कोहरे से श्रीनगर हवाई अड्डे पर दृश्यता 300 मीटर तक गिरने से उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है।

आईएमडी के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में 4 से 6 जनवरी तक किन्नौर, लाहौल-स्पीति, शिमला, कांगड़ा, मंडी और चंबा सहित विभिन्न जिलों में बर्फबारी, तूफान, हल्की बारिश की भविष्यवाणी का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

दूसरी तरफ, उत्तराखंड में आज मौसम साफ रहेगा। कोहरा या शीतलहर का अलर्ट नहीं है। ऐसा ही मौसम 9 जनवरी तक रहने वाला है।

इसके अलावा पश्चिम विक्षोभ के कारण लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में हल्की से मध्यम बर्फबारी और बारिश का अनुमान है।

राजधानी दिल्ली में भीषण ठंड की स्थिति बनी रहेगी और न्यूनतम तामपान 7.6 डिग्री या उससे नीचे जा सकता है।

शनिवार और रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है।

अधिकांश स्थानों पर धुंध और मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है, जबकि सुबह के समय कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाया रह सकता है।

खराब मौसम के कारण शुक्रवार को दिल्ली हवाई अड्डे से 100 से अधिक उड़ानों के परिचालन में देरी हुई है।

उत्तर प्रदेश में पछुआ हवाएं ठंड और बढ़ाएंगी है, जिससे पारा 4 डिग्री तक जा पहुंचा है।

# मिल गया हिजबुल्लाह का खजाना, बंकर में छिपाया था सोना और लाखों डॉलर का कैश

एजेंसी

**इजरायल।** इजरायल ने हिजबुल्लाह को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। इजरायली सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हागरी ने दावा किया है कि हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह जिस बंकर में मारा गया, वहां खजाना ही खजाना है। आईडीएफ के मुताबिक, लेबनान के एक अस्पताल के नीचे हिजबुल्लाह का बंकर है। इसमें 50 करोड़ डॉलर (500 मिलियन डॉलर) से ज्यादा का सोना और कैश है। भारतीय रुपये में इसकी कीमत करीब 4200 करोड़ रुपए है। यह बंकर बेरूत शहर के बीचों-बीच अल साहेल अस्पताल के नीचे है।

आईडीएफ ने दावा किया कि इजरायली वायु सेना ने हिजबुल्लाह के वित्तीय ठिकानों पर सटीक हमले किए। हमारा निशाना एक सीक्रेट स्थान पर था। अस्पताल के नीचे हिजबुल्लाह ने खजाना छिपा रखा है। इन पैसों को निर्माण लेबनान के पुनर्निर्माण में किया जा सकता है।

डैनियल हागरी ने इस जगह का नक्शा भी दुनिया के साथ शेयर किया। हागरी ने दावा किया कि अल-सालेह अस्पताल के नीच एक बंकर बनाया गया है, जहां यह खजाना रखा हुआ है। आईडीएफ के दावे पर हिजबुल्लाह की ओर से भी जवाब आया। लेबनान के एक विधायक फादी अलामेह ने इजरायल के इन आरोपों को बेबुनियाद करार दिया है। अलामेह ने कहा कि दुनिया आकर देख ले यहां पर सिर्फ अस्पताल है। अस्पताल में ऑपरेशन रूम और मरीज हैं। कुछ दिनों पहले लेबनान की राजधानी बेरूत में स्थित हिजबुल्ला के मुख्यालय पर हवाई हमला किया गया था। एयर स्ट्राइक में हसन नसरल्लाह समेत 6 लोगों की मौत हो गई। हसन नसरल्लाह की बेटी जैनब भी अपनी जान गंवा दी।

हमास के अलावा इजरायल हिजबुल्लाह के खिलाफ भी लड़ रहा है। दक्षिणी लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई जारी है।

# अवैध रूप से बांग्लादेश से आए 5 अप्रवासी पकड़े गए

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उत्तम नगर मेट्रो स्टेशन के पास बांग्लादेश से आए 5 अवैध अप्रवासी पकड़े गए हैं। उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने ये जानकारी दी है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान इन लोगों ने खुलासा किया कि ये अवैध रूप से बांग्लादेश आए थे। उनके मोबाइल फोन की जांच करने पर बांग्लादेश की नागरिकता और मोबाइल नंबर की पुष्टि हुई। सभी अवैध अप्रवासियों को एफआरआरओ, आरके पुरम के कार्यालय में पेश किया गया और आवश्यक दस्तावेज पूरे होने के बाद, उन्हें इंद्रलोक स्थित केंद्र में हिरासत में लिया गया है।

इससे पहले खबर सामने आई थी कि देश में रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों से भारत के दुश्मन आतंकी संघ हाथ मिलाने के फिराक में हैं। महाराष्ट्र एटीएस ने राज्य में सरकारी और निजी कंपनियों ख़ास कर डिफेंस इक्विपमेंट के उत्पादन से जुड़ी प्राइवेट कंपनियों को सावधानी बरतने को कहा है। महाराष्ट्र एटीएस हाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों की गिरफ़्तारी के बाद घुसपैठ के पैटर्न को एनालाइज करने में जुटी है। महाराष्ट्र एटीएस ने नयी रणनीति अपना कर घुसपैठियों का भारत में रहना मुश्किल कर दिया है।

अब तक माना जाता था कि बांग्लादेशी घुसपैठिए हमारे देश के उन संसाधनों का इस्तेमाल कर रहे है जिस पर भारतवासियों का हक़ है। इस वजह से इन घुसपैठियों को वापस खदेड़ने की कार्रवाई तो होती थी लेकिन इतने बड़े पैमाने पर और इतनी संजीदगी से नहीं। लेकिन बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई चरम पर है। बांग्लादेश में तख्तापलट होने के बाद अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के कई सदस्यों को जेल से रिहा कर दिया गया था। ऐसे में देश की सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि बांग्लादेश की जेलों से रिहा आतंकी संगठन के लोग पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से साथ हाथ मिलाकर भारत में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों का इस्तेमाल कर हिंदुस्तान में आतंकी गतिविधियों को अंजाम दें।

दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल के अनुसार, बांग्लादेश में वर्तमान में पांच आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं- हिज्ब-उत-तहरीर, हिज्ब-उत-तवहीद, अल्लाह%र दल, और अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक बांग्लादेश में कम से कम नौ आतंकवादी संगठन प्रतिबंधित हैं, जिनमें अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी ) भी शामिल है। एबीटी के सदस्यों को 2018 में पुणे में संवेदनशील डिफेन्स एस्टेब्लिशमेंट्स पर काम करते समय महाराष्ट्र एटीएस द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

# धुंध का कहर! कारों की टक्कर के बाद उनके ऊपर पलटा ट्रक, कई लोग दबे, 2 की मौत

एजेंसी

**हिसार।** जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। यहां ठंड की वजह से कोहरा भी पड़ रहा है, जिसकी वजह से सड़क पर वाहनों का आवागमन मुश्किल हो गया है। इसी बीच हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर दो कारों के बीच टक्कर हो गई। दोनों कारों की टक्कर के बाद पीछे से आ रहा एक ट्रक भी अनियंत्रित हो गया और इन दोनों कारों के ऊपर पलट गया। ट्रक पलटने की वजह से दोनों कारों में सवार लोग उसके नीचे दब गए। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं।

उकलाना के पास हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर धुंध कारण बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोगों के घायल होने की सूचना मिल रही है। ये सड़क हादसा उकलाना के सूरेवाला चौक पर हुआ, जिसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। फिलहाल अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है धुंध के कारण कि हाइवे पर एक कार डिवाइटर से टकरा गई, जिसके बाद इसके पीछे आ रही है एक और कार भी उससे टकरा गई। इसी दौरान यहां एक ट्रक भी दुघर्टना ग्रस्त हो पलट गया।

बताया जा रहा है कि ट्रक, पहले से दुर्घटनाग्रस्त हुई दो कारों के ऊपर पलट गया, जिससे कार सवार लोग उसके नीचे दब गए। ट्रक के नीचे दबने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हैं। फिलहाल पुलिस इस सड़क दुघर्टना के संबंध में मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। ट्रक के नीचे कार में दबे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

# शपथ से पहले ट्रंप को होगी जेल? पोर्न स्टार मामले में सुनाई जाएगी सजा, 10 जनवरी को कोर्ट में पेशी

एजेंसी



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हश मनी केस में ट्रंप को सजा सुनाई जाएगी। 10 जनवरी को ट्रंप को कोर्ट में पेश होना होगा जहां उन्हें उस आपराधिक मामले में सजा सुनाई जाएगी जिसमें उन्हें एक पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए पैसे देने के आरोप में दोषी ठहराया गया है। ट्रंप को इस मामले में जेल या कोई अन्य दंड मिलेगा की नहीं, इसको लेकर एक जज ने कहा कि इसकी संभावना नहीं है। जस्टिस जुआन मर्चेन के फैसले के अनुसार, ट्रंप को 20 जनवरी को शपथ ग्रहण से ठीक 10 दिन पहले अदालत की सुनवाई में पेश होना होगा।

ट्रंप की पेशी अमेरिकी इतिहास में अलग परिदृश्य होगी। दरअसल, ट्रंप से पहले किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी मामले में दोषी नहीं ठहराया गया था। मामले में जज ने कहा कि ट्रंप को अपनी सजा के समय व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअली उपस्थित होना होगा।

जज ने कहा कि वो ट्रंप को जेल भेजने के पक्ष में नहीं हैं और बिना शर्त रिहाई की सजा सुनाई जा सकती है। सजा के खिलाफ ट्रंप अपील भी कर सकेंगे।

आरोप है कि ट्रंप ने साल 2006 में एक पोर्न स्टार के साथ यौन संबंध बनाए थे। इस बात की चर्चा 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में खूब हुई थी। पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स इस मामले को सार्वजनिक करने की धमकी दे रही थी, जिसके बाद उन्हें चुप रहने के लिए पैसे दिए गए थे।

ट्रंप के पूर्व वकील माइकल कोहेन ने स्टॉर्मी डेनियल्स को एक करोड़ से ज्यादा का भुगतान किया था। यह पैसे 2016 के चुनाव से पहले चुप्पी के लिए था। इसके बाद मई में मैनहट्टन की एक जूरी ने ट्रंप को भुगतान को कवर करने के लिए व्यापारिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की थी, जिसके लिए उन्हें दोषी पाया गया।

# अमेरिका में नहीं रुक रही गोलीबारी की घटनाएं

## अब वाशिंगटन में अंधाधुंध फायरिंग में 4 घायल...............................

एजेंसी




**वाशिंगटन।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। बीती रात भी नॉर्थईस्ट डीसी में गोलीबारी से चार लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात करीब 9 बजे हुई इस घटना में तीन पुरुष और एक महिला घायल हो गए। मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग (एमपीडी) के अनुसार, हमले के बाद सभी पीड़ित होश में थे और सांस ले रहे थे। गोलीबारी हैरी थॉमस वे नॉर्थईस्ट के 1500 ब्लॉक में हुई, जो नोमा-गैलाउडेट यू न्यूयॉर्क एवेन्यू मेट्रो स्टेशन से सिर्फ 500 फीट की दूरी पर है।

घायल पीड़ितों में से दो को अस्पताल भर्ती कराया गया, जबकि दो खुद ही पास के अस्पताल में चले गए। पुलिस ने कहा कि पीड़ितों की स्थिति अभी स्थिर है।

पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद आसपास के लोगों में चिंता पैदा हो गई और वो भागने लगे थे। इस जगह पर आमतौर पर भीड़भाड़ रहती है, लेकिन इसे अब खाली करा लिया गया है। पुलिस के जासूस सबूत इकट्ठा करने और संभावित गवाहों की पहचान करने पर काम कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने अभी तक पीड़ितों की पहचान जारी नहीं की है, न ही संदिग्धों या उद्देश्यों के बारे में कोई जानकारी दी है।

चार दिनों से अमेरिका में लगातार हमले हो रहे हैं। इससे पहले न्यूयॉर्क के क्वींस में एक नाइट क्लब में अंधाधुंध गोलीबारी हुई थी, जिसमें 11 लोग घायल हो गए थे। जिस नाइट क्लब में यह घटना हुई, उसका नाम अमजूरा नाइट क्लब है।

इससे पहले अमेरिका के न्यू आरलियंस शहर में नए वर्ष का जश्न मना रहे लोगों पर बुधवार तड़के एक ड्राइवर ने अपना पिकअप ट्रक चढ़ा दिया और उन पर गोलीबारी भी की।

इसमें 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 से अधिक लोग घायल हो गए। हमलावर ट्रक ड्राइवर पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। उसकी पहचान टेक्सास निवासी 42 वर्षीय अमेरिकी नागरिक शमशुद्दीन जब्बार के रूप में हुई है।

# चीन की फूड मार्केट में भीषण आग, 8 लोगों की मौत, 15 की हालत गंभीर

**बीजिंग।** चीन के उत्तरी शहर झांगजियाकौ में एक फूड मार्केट में भीषण आग लग गई, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने एक सरकारी अधिकारी का हवाला देते हुए बताया कि झांगजियाकौ शहर के लिगुआंग बाजार में आग शनिवार दोपहर को लगी और दोपहर 2.00 बजे तक पूरी तरह से बुझ गई। रिपोर्ट के मुताबिक, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। आग की वजह गैस की बोतलों से लेकर मांस भूनने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले चारकोल और छोड़ी गई सिगरेट तक हो सकती हैं, जबकि भूमिगत गैस लाइनों जैसे पुराने बुनियादी ढांचे को भी आग और विस्फोटों के लिए दोषी ठहराया गया है। बीजिंग की सीमा से लगे हेबेई प्रांत में स्थित झांगजियाकौ ने 2022 शीतकालीन ओलंपिक खेलों के दौरान कार्यक्रमों की मेजबानी की। झांगजियाकौ शहर में हुए इस हादसे के कारण बाजार में भारी तबाही मच गई। स्थानीय प्रशासन घटना की जांच कर रहा है और घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है। इससे कुछ दिन पहले चीन के झुहाई से एक सड़क हादसे की खबर सामने आई थी। ड्राइवर बेकाबू वाहन लेकर भीड़ में घुस गया था। इस भीषण सड़क हादसे में 35 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 43 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक झुहाई में इस समय चीन का प्रतिष्ठित एयर शो चल रहा है।

अवधनामा



# स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

- परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने और मूल्यांकन कार्य शुरू होने पर चर्चा
- पीयू के यूजी पीजी की परीक्षाएं सकुशल समाप्त

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक एसोसियेशन ने कुलपति को मूल्यांकन प्रायोगिक परीक्षा को लेकर ज्ञापन दिया और यूजी पीजी की परीक्षा का सकुशल संपन्न होने पर बधाई दी। उत्तर प्रदेश में वित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक एसोसियेशन के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर सिंह ,महामंत्री डॉ निलेश कुमार सिंह पदाधिकारियो के साथ विश्वविद्यालय में पहुंचे, उन्होंने कुलपति प्रो वन्दना सिंह को ज्ञापन सौंपा। शिक्षक समस्याओं को निदान करने की मांग की। इसके साथ ही यूजी पीजी की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं सकुशल संपन्न होने व समय से मूल्यांकन कार्य शुरू होने पर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि मूल्यांकन कार्य भी शुरू हो गया है। प्रायोगिक परीक्षाएं समय से निपटाएं जाये, इसके साथ ही उसमें नियमानुसार शिक्षकों को मूल्यांकन में लगे और प्रायोगिक परीक्षाओं को समय से पूरा हो, जिससे परीक्षा परिणाम समय से घोषित हो सके। उन्होंने कहा कि जो भी शिक्षको के भुगतान लंबित है वह उन्हें समय से दिलवाया जाए। इस संबंध में शिक्षकों ने परीक्षा नियंत्रक डा.विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव अजीत प्रताप सिंह, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय को को बधाई और परीक्षा सम्पन्न होने और मूल्यांकन कार्य शुरू कराने की शुभकामना दी। इस अवसर पर डॉ रमन कुमार सिंह, डॉ संजीव कुमार सिंह, डॉ अमित सिंह ,डॉ सलीम खान, डॉ अवधेश भारती, डॉ शिवाजी , डॉ अरविंद कुमार यादव ,डॉ दिलीप सिंह, डॉ निजामुद्दीन, डॉ पिंटू गुप्ता ,डॉ आलोक त्रिपाठी ,डॉ सुधा सिंह, डॉ राजेश श्रीवास्तव ,डॉ राजेश भारती डॉ कमल पटेल मौजूद रहे।

# अत्याधुनिक उपकरणों से हो रही संगम की सुरक्षा

- महाकुम्भ 2025 के लिए योगी सरकार ने तैयार की जल पुलिस योजना
- करीब 4 हजार जल पुलिस के जवानों को किया गया तैनात

अवधनामा संवाददाता



महाकुम्भ उत्तर प्रदेश जल पुलिस, पीएसी एवं एसडीआरएफ के लिए बहुत बड़ा अवसर है। इस दौरान संगम व अन्य क्षेत्रों की सुरक्षा और निगरानी हम सबकी जिम्मेदारी है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने जल पुलिस व? पीएसी को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया है। पर्याप्त संख्या में जवानशक्ति भी उपलब्ध करायी गयी है। हमारा प्रयास महाकुम्भ को शत प्रतिशत इंसिडेंट फ्री बनाना है।
**-डॉ. राजीव नारायण मिश्र, प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी पूर्वी जोन, प्रयागराज**

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा योगी सरकार की प्राथमिकता में है। इसी क्रम में गंगा और यमुना नदियों की सुरक्षा और निगरानी के लिए बड़ी संख्या में जल पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। इन जवानों को अत्याधुनिक उपकरणों से भी लैस किया गया है। अंडर वाटर ड्रोन और सोनार सिस्टम जैसे इक्विपमेंट्स के माध्यम से जल पुलिस संगम के चप्पे चप्पे पर निगरानी कर रही है। लाइफबॉय और एफआरपी स्पीड मोटर बोट जैसे इक्विपमेंट्स आपातकालीन परिस्थितियों में सहायक होंगे। किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए वेल ट्रेन्ड जल पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। जल पुलिस योजना के तहत अब तक करीब 2500 जवान तटों की सुरक्षा के लिए तैनात कर दिए गए हैं। तीन जल पुलिस स्टेशन बनाए गए हैं जो श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 24 घंटे तत्परता से कार्यरत हैं। तटों पर सुरक्षा की मॉनीटरिंग जल पुलिस के कंट्रोल रूम से की जा रही है, जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 17 जल पुलिस सब कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं। तटों की सुरक्षा के लिए योगी सरकार ने जल पुलिस के जवानों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया है। 8 किमी. क्षेत्र में डीप वॉटर बैरीकेडिंग की गई है। 2 फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन बनाए गए हैं, जहां किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा संगम क्षेत्र की सुरक्षा के लिए 11 एफआरपी स्पीड मोटर बोट तैनात की गई हैं। 6 सीटर इस बोट में जवान हर समय संगम क्षेत्र की निगरानी करते नजर आ रहे हैं। आपातकालीन परिस्थितियों के लिए 4 वाटर एंबुलेंस भी तैनात कर दी गई हैं, जो तत्काल राहत पहुंचाने में सक्षम हैं। इसके अतिरिक्त 25 रिजार्जेबल मोबाइल रिमोट एरिया लाइटनिंग सिस्टम को भी तैनात किया गया है तो चेंजिंग रूम के साथ 4 अनाकोंडा मोटर बोट भी तैनात की जा रही है। इसके अतिरिक्त जल पुलिस के जवान 2 किमी. लंबी रिवर लाइन से भी लैस हैं, जो यमुना में ट्रैफिक कंट्रोल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके अलावा उन्हें 100 डाइविंग किट, 440 लाइफबॉय, 3 हजार से ज्यादा लाइफ जैकेट, 415 रेस्क्यू ट्यूब, 200 थ्रो बैग विद रोप, 29 टॉवर लाइट सिस्टम, एक अंडर वाटर ड्रोन और एक सोनाल सिस्टम से लैस किया गया है। ये सभी अत्याधुनिक उपकरण जल पुलिस के जवानों को तटों की सुरक्षा के साथ-साथ जल में होने वाली हर तरह की गतिविधि की निगरानी और सुरक्षा में सक्षम बनाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बदलापुर विधानसभा की समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री से मिले रमेश चन्द्र मिश्र



**जौनपुर।** बदलापुर के कार्यसम्राट बीजेपी विधायक रमेश मिश्रा ने आज लखनऊ में योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट करके बदलापुर विधानसभा की प्रमुख समस्याओं को रखा। विधायक रमेश मिश्रा ने मुख्यमंत्री के सामने 1) पुरालाल - गद्देपुर - बैहारी मार्ग 2) सिंगरामऊ - लालगंज- गौरामाफी मार्ग। 3) बदलापुर बस स्टेशन को डिपो (वर्कशॉप) बनाये जाने का कार्य 4) प्रदेश मे आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व नेचुरोपैथी द्वारा गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष व क्षेत्रीय विकास निधि (विधायक निधि) से भी आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने समेत अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्य पूरा किए जाने की मांग रखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल्द से जल्द सभी विकास कार्यों को पूरा कराए जाने का आश्वासन दिया। रमेश मिश्रा ने बदलापुर विधानसभा की जनता की तरफ से बदलापुर में किए गए तमाम विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### विशाल राजेश पाण्डेय का यूपीएससी में हुआ चयन

**जौनपुर (महराजगंज)** क्षेत्र के मीरपुर केवल गांव में राजेश कुमार पाण्डेय के पुत्र विशाल राजेश पाण्डेय का चयन यूपीएससी में 286 वी रैंक पर हुआ वही विशाल ने वार्ता के दौरान बताया कि प्राथमिक शिक्षा गांव के ही विद्यालय से एवं कक्षा 9 से 12 तक के शिक्षा प्रयागराज में हुई वहीं राजस्थान से बीटेक एवं पूर्वांचल विश्वविद्यालय से स्नातक समाजशास्त्र से हुई। और घर पर रहकर युटुब के सहारे यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की प्रेरणा स्रोत अपने दादा डॉ हीरालाल पाण्डेय का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी दिली इच्छा थी कि हमारा चयन सिविल सेवा परीक्षा पास करके समाज एवं देश की सेवा करना और अपने गांव का नाम रोशन करना।

### एडवोकेट एसोसिएशन की खिताबी जीत

**प्रयागराज।** एडवोकेट एसोसिएशन ने दि माइटी डेमंस को 39 रन से हराकर इलाहाबाद राउंड टेबल प्रीमियर लीग का खिताब जीत लिया। गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में एडवोकेट एसोसिएशन ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 173 रन (मयंक अवस्थी 53, श्रीष चंद्रा 33, अमन शास्त्री 18, सुफियान खान 3/22, सागर गुप्ता 2/27) बनाए। जवाब में दि माइटी डेमंस की टीम 19.2 ओवर में 134 रन (विवेक खत्री व सुफियान खान 22-22, राहुल अरोड़ा 18, आशुतोष तिवारी 5/15, कार्तिकेय सरन 2/30) पर सिमट गई।

### डीएसए ने पीए यूनिटी क्लब को हराया

**प्रयागराज।** डीएसए क्लब ने पीए यूनिटी क्लब को सात विकेट से हराकर विंटर त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज में पूरे अंक प्राप्त किये। डॉ. केएन काटजू कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में पीए यूनिटी क्लब ने 30 ओवर में 5 विकेट पर 188 रन (अमीर आलम 58 नाबाद, सक्षम वर्मा 42, नादिर सफीर खान 34, कार्तिकेय तिवारी 2/40) बनाए। जवाब में डीएसए क्लब ने 25.1 ओवर में तीन विकेट पर 189 रन (सिद्धार्थ मिश्रा 65 नाबाद, सत्यम साहू 41, सत्यम 30 नाबाद, नरेश कुमार 23, सक्षम वर्मा व आदर्श भारतीय एक-एक विकेट) पर बना लिए। सीरीज का फाइनल मुकाबला 6 जनवरी को डीएसए क्लब और श्री सहायक क्लब के बीच खेला जाएगा।

### जर्जर दीवार गिरने से दो बालक मलबे में दबे एक की मौत

**आजमगढ़।** जनपद के महराजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदपुर अखरचंदा गांव में शुक्रवार को जर्जर दीवार गिरने से खेल रहे दो बालक मलबे में दब गए। जिससे एक की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार चांदपुर अखरचंदा गांव निवासी चंदन उम्र लगभग 12 वर्ष पुत्र अजय कुमार राजभर और निखिल उम्र लगभग 11 वर्ष पुत्र संजय कुमार घर के ही पास खेल रहे थे। इसी दौरान घर की जर्जर दीवार धराशाई होकर उनके ऊपर गिर गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दोनों बालकों को आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से परिजन महराजगंज सीएचसी ले गए। स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चंदन को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल निखिल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। वहीं मृतक बालक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# 70 जनसमस्याओं में 11 का मौके पर निस्तारण

- कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि शिकायतों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि फरियादियों की सुनवाई करते हुए प्रभावी निस्तारण कराया जाए जिससे पीड़ितों को न्याय मिल सके। जिलाधिकारी के द्वारा मौके पर उपस्थित थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि अपने- अपने क्षेत्र में चाईनीज मांझा बेचने वालों पर प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान 70 शिकायते प्राप्त हुई, जिसमें 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान लगभग 100 गरीब, असहाय सहित पात्र फरियादियों को तथा मौके पर उपस्थित दो दिव्यांग उमेश, लालमन को कम्बल वितरित किया गया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, उपजिलाधिकारी सदर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक शहर, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 रामअक्षयवर चौहान की अध्यक्षता में तहसील केराकत के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में अन्य तहसीलों में भी फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

# नेत्र मंदिर में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** नेत्र मंदिर हर्रा की चुंगी पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल व सुधीर कुमार अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया व दीप प्रज्ज्वलन कर आशीष गोयल व अशोक अग्रवाल, अभिषेक जायसवाल द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें सैकड़ों की तादाद में लोगों ने अपनी आंखों का जांच करवाया। इस बाबत आशीष गोयल ने कहा कि गरीबों व असहाय की मदद करने का संकल्प हम लोगों ने लिया है, हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि इस संकल्प के दृष्टिगत हम कर्तव्य को पूरा करते रहे। अशोक अग्रवाल ने बताया यह अस्पताल हमेशा गरीबों के इलाज के लिए जाना जाता है। अभिषेक जायसवाल दीनू ने बताया इनका परिवार हमेशा गरीब तबके के लोगों की मदद करता है। डॉक्टर एसके मिश्रा और डॉक्टर पूनम कुमारी द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की गई। इस अवसर पर अशोक अग्रवाल, अभिषेक जायसवाल दीनू, अजय अग्रवाल, अध्यक्ष इनरव्हील प्रिया अग्रवाल, इनरव्हील की पूर्व अध्यक्ष अमित लता सिंह अमरनाथ अग्रवाल, रितेश गोयल, दीनानाथ सिंह, गौरव रघुवंशी, राघवेंद्र मिश्रा लड्डू, माया सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जरूरतमंदों में हुआ कम्बल वितरण

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की अध्यक्षता में आज तहसील फूलपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। इसलिए, अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर दें। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने जरूरतमंदों में कम्बल का भी वितरण किया।

## पूर्व सांसद के खिलाफ झूठे मुकदमे के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** आज प्रदेश महानगर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन की अध्यक्षता में राज्यपाल को जिलाधिकारी प्रयागराज के माध्यम से एक ज्ञापन दिया गया। उसमें यह मांग किया गया है कि बीजेपी सरकार द्वारा जो झूठा मुकदमा पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य एवं 50 अन्य लोगों पर दर्ज किया गया है उसको अविलंब वापस किए जाने हेतु जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन जनपद झांसी को आदेश निर्गत करने की कृपा करें। महानगर अध्यक्ष प्रयागराज प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि ये बीजेपी सरकार किसानों, बेरोजगारों, गरीबों तथा मजदूरों को लगातार उत्पीड़न कर रही है तथा तानाशाही सरकार चला रही है। इस देश में अघोषित आपातकाल लागू किया है। ऐसे ही ये सरकार तीन काले कृषि कानून लागू कर दिया था जिसका जोरदार विरोध किसानों ने किया। उस विरोध के दौरान लगभग 750 किसान शहीद हो गए अंततः तानाशाही सरकार झुकी और किसान बिल वापस किया।

# डीजीपी ने लिया महाकुंभ की तैयारियों का जायजा

- वोट से घाटों का किया निरीक्षण, सुरक्षा बढ़ाने के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** महाकुंभ के लिए हुए सुरक्षा इंतजामों को परखने के लिए प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार मेला क्षेत्र में पैदल घूमे। डीजीपी ने जल पुलिस की बोट से पानी के रास्ते सुरक्षा का जायजा लिया। वह वीवीआईपी घाट भी पहुंचे। डीजीपी ने एसएसपी कुंभ मेला के अस्थाई कार्यालय का शुभारंभ किया। मेला पुलिस लाइन, परेड में जाकर उन्होंने पुलिस कर्मियों से बातचीत की। डीजीपी ने पहले आला अफसरों से सुरक्षा के संबंध में बातचीत की। इसके बाद वह एक एक सुरक्षा इंतजामों को खुद परखने लगे। डीजी ने मेला परिसर के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों को लेकर विशेष निर्देश दिए। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि महाकुंभ मेले में करोड़ों श्रद्धालुओं और संतों की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्कता और तत्परता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेले में सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। डीजीपी ने वीआईपी घाट पर सुरक्षा मानकों के बारे में पूछा। साथ ही संगम नोज के सुरक्षा इंतजाम के लिए फोर्स को निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि वीआईपी और आम श्रद्धालुओं के बीच समन्वय बनाए रखा जाए और सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाए। पुलिस लाइन का दौरा करते हुए डीजीपी ने पुलिसकर्मियों की तैयारियों और ड्यूटी के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने जवानों को निर्देश दिया कि वे मेला क्षेत्र में अपनी ड्यूटी के दौरान संवेदनशील रहें और श्रद्धालुओं के प्रति शालीन व्यवहार करें। डीजीपी ने अधिकारियों से मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन और अन्य निगरानी उपकरणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करेगा। इसके बाद डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ आईट्रिपलसी में हो रही कैमरों की मॉनीटरिंग देखी और कुछ निर्देश दिए।

# क्रिकेट प्रतियोगिता टूनामेण्ट का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** लालगंज स्थानीय विकास खण्ड के खनियरा गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर मे हो रहे सर्व शिक्षा अभियान क्रिकेट प्रतियोगिता के पांच दिवसीय टूनामेण्ट का मुख्य अतिथि बृजेश कुमार श्रीवास्तव खण्ड शिक्षा अधिकारी लालगंज ने विजेताओ को कप व मेडल देकर सम्मानित किया। क्रिकेट टूनामेण्ट के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षाधिकारी लालगंज बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा इस तरह की प्रतियोगिता गांव मे आयोजित होने से बच्चो का मनोबल बढ़ता है। गांव स्तर की प्रतियोगिता से निकल कर बच्चे जिला, प्रदेश व देश स्तर के खिलाडी बनते है। शनिवार को फइन मैच जूनियर वर्ग के तेन्दुलकर टीम व कोहली टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमे कोहली टीम ने पांच ओवर मे 36 रन का लक्ष्य रखा। तेंदुलकर टीम ने पांच ओवर मे चार विकेट खो कर पचीस रन बना कर आल आउट हो गयी। कोहली टीम विजेता रही। वही सीनियर वर्ग मे रोहित व कपिल टीम के बीच मैच खेला गया जिसमे रोहित टीम ने सात ओवर मे छः विकेट पर 56 रनों का लक्ष्य रखा। जिसके जबाब मे सात ओवर मे 49 रन बनाकर का कपिल टीम पराजित हुई। सीनियर वर्ग का मैन आफद सीरीज मनोज व जूनियर वर्ग का मैन आफ द सीरीज शुभम को दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मीरा सिंह , डाo अमरेश कुमार मिश्र ,अंकिता सिंह , सुशील यादव अमर बहादुर सिंह , धनन्जय सिंह, दिनेश कन्नौजिया , नगेन्द्र यादव, सर्वेश गुप्ता , तेज बहादुर यादव सहित अन्य अध्यापक व गांववासी उपस्थित रहे। मैच में एम्पायर की निर्णायक भूमिका में अमित मिश्रा व अर्जून यादव रहे। कार्यक्रम का संचालन व कमेन्टेटर अमेरश मिश्रा ने किया।

# भाजपा नेता के पुत्र की पोखरे में डूबने से मौत

अवधनामा संवाददाता



**बुढ़नपुर (आजमगढ़)।** अहरौला क्षेत्र के पवनपुर में गांव के भाजपा नेता संजय सिंह के पुत्र की घर दो सौ मीटर दूर पोखरे में डुबने से मौत हो गई शनिवार सुबह शव पोखरे से खोजबीन करने के दौरान मिला। बताते चलें बीते शुक्रवार दोपहर को भाजपा नेता के पुत्र बलराम सिंह उर्फ छोटू, अपने पुराने घर से दुसरे घर पर जाने के लिए निकले थे कि जब शुक्रवार शाम तक घर नहीं पहुंचे तो परिजन इधर-उधर ढूंढने लगे पूरी रात परिजन खोजते रहे। थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई वही शनिवार को सुबह पोखरे में खोजबीन हुई तो शव मिला परिजनों ने बताया कि मृतक को दौरा भी पड़ता था कुछ मानसिक स्थित कमजोर थी। परिजनों ने पंचनामा कराकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक दो भाईयों में दुसरे नंबर पर था मौके पर बड़ी संख्या में जानकारी होने पर लोग पहुंच गए परिजनों में कोहराम मचा है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख शकील अहमद, कोयला ब्लॉक प्रमुख संतोष यादव, भाजपा उपाध्यक्ष हनुमंत सिंह, बालमुकुसिंह अभिषेक सिंह, चन्द्रजीत तिवारी, मुसाफिर सिंह बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री का दौरा बारम्बार फिर भी काम अधूराः उज्जवल रमण सिंह

- महाकुंभ में लापरवाह अधिकारियों की वजह से पैसे की बर्बादी

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि महाकुंभ के कार्यों की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिये यह मुद्दा शीतकालीन सत्र में सदन में उठेगा क्योंकि जनता के पैसे का जिस हिसाब से अधिकारियों की लापरवाही से दुरउपयोग हुआ वो निन्दनीय है। सांसद ने कहा कि कई साल पहले से महाकुंभ की तैयारी का खाका खिंचा गया था 2019 के अर्धकुम्भ में ही घोषणा हुई थी कि 2025 के महाकुंभ में प्रयागराज में मेट्रो रेल व सिक्स लेन पुल फाफामऊ व संगम पर फ्लोटिंग ब्रिज बन कर तैयार हो जायेगा लेकिन हुआ क्या अधिकारियों की निष्क्रियता की वजह से सिक्स लेन पुल समय से तैयार नहीं हो पाया जिसकी जगह 60 करोड़ की लागत से सिर्फ दो महीने के लिए स्टील ब्रिज का निर्माण कराना पड़ा जो पैसे की बर्बादी है। इसका जिम्मेदार कौन है इसकी जांच होनी चाहिये। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री अधिकारियों की लापरवाही से त्रस्त हो कर लगातार प्रयागराज का दौरा कर तैयारी को कमान अपने हाथों में ली फिर भी नतीजा सिफर ही रहा आधी अधूरी तैयारी के साथ महाकुंभ का आयोजन होगा। सांसद ने कहा कि महाकुंभ एक आस्था का विषय है इसमें तो भारतीय संस्कृति को मानने वाले सदियों से अपने आप खिचें चले आते हैं पर भाजपा सरकार इसको इवेंट मैनेजमेंट के रूप देने लगीं उसमें भी फेल हो गयें बस पूरे शहर को होडिंग व पेंटिंग से कमी को छुपाने का कार्य हो रहा है।सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने कहा कि हर कुम्भ में शहर की सड़कों के साथ मुहल्लों की गलियों का सुधार कार्य होता था पर इसबार के महाकुंभ में तो मुख्य सड़कों को ही खोदकर उसको नहीं बनाया गया हो सकता है कि कागज पर सभी सड़क चकाचक हो गई हो तो मोहल्लों की गलियों की बात कौन करें बस समयाभाव दिखा कर भारीभरकम बजट पर लीपापोती चालू है।


पूर्वोत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरएस/गोरखपुर, विद्युत लोको शेड, गोरखपुर/पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है:–
**निविदा सूचना संख्याः** ELS-GKP-CAMC-CRANE-24-25, कार्य का नामः "विद्युत लोको शेड गोरखपुर में 03 वर्षो के लिये KRANE mfg. मेक विभिन्न क्षमता की EOT क्रेनों की CAMC". अनुमानित लागतः ₹ 1,41,80,260.05, अग्रिम धनः ₹ 2,20,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ 0.00, निविदा की अवधिः 36 माह।
**नोटः** • ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 07-02-2025, 15:00 बजे तक एवं यह ई-निविदा 07-02-2025 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। • इस ई-निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अहर्तायें तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस निविदा से संबन्धित शुद्धि-पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरएस गोरखपुर
मुजाधि/विद्युत-205

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



उत्तर रेलवे

निविदा सूचना संख्या 31-Tender/Dy.CE/C/BSB दिनांक 26.12.2024 का प्रथम शुद्धिपत्र

दिनांक 27.12.2024 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 31–टेण्डर/उपमुइंजी/नि./वाराणसी दिनांक 26.12.2024 के संबंधित तिथियों में प्रशासनिक आधार पर निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के वाराणसी–शिवपुर – तृतीय लाइन के संबंध में शिवपुर–वाराणसी खंड के मध्य फॉर्मेशन में मिट्टी का कार्य, भरना, काटना एवं संघनन सहित, तटबंध पर ब्लैंकेटिंग सामग्री की आपूर्ति और फैलाव, आरसीसी बॉक्स द्वारा मौजूदा छोटे पुलों का विस्तार एवं 'वरूणा नदी' पर सिंगल बीजी रेलवे लाइन के लिए कम्पोजिट गर्डर के साथ मौजूदा बड़े पुल संख्या 32 का निर्माण कार्य एवं अन्य सहायक कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 15 (पंद्रह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 4966.52 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 26,33,300/- |
| 5 | रेलवे वेबसाईट पर निविदा दस्तावेजों की बिक्री/उपलब्धता | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 07.01.2025 से 18.02.2025 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | प्री बिड कॉनफेरेंस | दिनांक – 20.01.2025 समय 11:30 बजे, **स्थानः** कार्यालय मुख्य परियोजना प्रबंधक, निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी एवं ऑनलाइन वीसी लिंक के माध्यम से भी। |
| 7 | बिड पूर्व पूछताछ प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 24.01.2025 |
| 8 | रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 28.01.2025 |
| 9 | ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक 18.02.2025 को समय 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 18.02.2025 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 10 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 07.01.2025 से आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगें व दिनांक 04.02.2025 से 18.02.2025 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

अन्य सभी नियम एवं शर्तें समान रहेंगी।
**संख्या 31–टेण्डर/उपमुइंजी/नि./वाराणसी/ 1st शुद्धिपत्र दिनांक 03.01.2025** 46/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

**निविदा सूचना सं. 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–03 दिनाँक 03.01.2025**
मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | प्रोविशन ऑफ एस.एस. मेटल ट्रफ बिलो आर.एम.पी.यू. इन प्लेस ऑफ एफ.आर.पी. ट्रफ इन्क्लूडिंग स्ट्रिपिंग वर्क फॉर 250 कोच सेट। |
| 2 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 3 | अनुमानित लागत | रू. 3,59,70,440.00 मात्र |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 5 | बिड सिक्युरिटी | रू. 3,29,900/– मात्र |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 वर्ष। |
| 7 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 17.01.2025 से 31.01.2025 समय 15.00 बजे तक। |
| 8 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 9 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

47/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अवधनामा

लखनऊ, रविवार, 05 जनवरी 2025



# सबसक्रिप्शन मॉडल कैब ड्राईवर्स और शहरी मोबिलिटी के लिए लाईफलाईन है: यूनियन

**उत्तर प्रदेश कैब यूनियन ने राजस्थान सरकार से ड्राईवरों को राईड से होने वाली आय पर जीएसटी न लगाए जाने का आग्रह किया**

**लखनऊ।** चालक वेलफेयर समिति उत्तर प्रदेश ने उत्तर प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि वो राईड-हेलिंग प्लेटफॉर्म्स पर सब्सक्रिप्शन-बेस्ड मॉडल के अंतर्गत ड्राईवर्स को राईड से मिलने वाली आय पर जीएसटी न लगाए जाने के लिए केंद्र सरकार से बात करें।

यूनियन ने कहा कि जीएसटी लगाए जाने से ड्राईवर्स की आजीविका पर काफी विपरीत प्रभाव पड़ेगा, जो पहले से ही वित्तीय संकटों का सामना कर रहे हैं। यूनियन ने ड्राईवर्स के लिए उचित मुआवजे और ज्यादा सहयोगपूर्ण रैगुलेटरी फ्रेमवर्क की मांग की, जो इस काम की अद्वितीय प्रकृति के अनुरूप हो।

यूनियन प्रेसिडेंट आर के पांडे ने कहा कि कई ड्राईवर्स ने पारंपरिक कमीशन-आधारित मॉडल को छोड़कर सब्सक्रिप्शन मॉडल (SaaS) में काम करना शुरू कर दिया है ताकि उन्हें ज्यादा स्वतंत्रता मिले और बचत में वृद्धि हो।

उन्होंने कहा कि सब्सक्रिप्शन आधारित मॉडल में ड्राईवर राईड-हेलिंग कंपनियों को कमीशन की बजाय एक निश्चित शुल्क का भुगतान करते हैं। इसने पूरे देश में गिग कर्मियों की स्थिति में भारी परिवर्तन ला दिया है। इसकी मदद से ड्राईवर अपनी 100 प्रतिशत आय अपने पास रख सकते हैं, तथा राईड-मैचिंग एलगोरिद्म, नैविगेशन सिस्टम, और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म्स जैसे आवश्यक टूल्स का उपयोग भी कर सकते हैं।

SaaS मॉडल ड्राईवर्स को फाईनेंशल स्टेबिलिटी एवं प्रेडिक्टेबिलिटी प्रदान करता है। इस मॉडल पर जीएसटी लगाए जाने से लागत बढ़ जाएगी और यह सेवा कई लोगों की जेब से बाहर हो जाएगी। आर के पांडे ने कहा कि राईड के किराए SaaS प्लेटफॉर्म द्वारा लिए जाते हैं, जिन्हें व्यक्तिगत आय माना जाना चाहिए, जो पहले ही इंकम टैक्स के दायरे में है। इसलिए इन प्लेटफॉर्म्स को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए।

उन्होंने आगाह किया कि अतिरिक्त टैक्स लगाए जाने पर ड्राईवर्स फिर से अनौपचारिक, अनिश्चित नौकरियों की ओर चले जाएंगे और गिग अर्थव्यवस्था में हुई सालों की प्रगति पर पानी फिर जाएगा। उन्होंने कहा, ''सब्सक्रिप्शन मॉडल हजारों ड्राईवर्स को औपचारिक क्षेत्र में लेकर आया है, और उन्हें स्थिरता एवं सुरक्षा प्रदान कर रहा है। उन पर टैक्स लगाए जाने से उनकी रोजी-रोटी को नुकसान पहुँचेगा।''

**महिला ड्राईवर्स पर प्रभाव**

उन्होंने महिला ड्राईवर्स पर टेक्नोलॉजी पर आधारित मॉडल के सकारात्मक प्रभाव के बारे में भी बताया। इससे उन्हें एक सुरक्षित और ज्यादा लचीला काम का वातावरण मिल रहा है। श्री पांडे ने कहा, ''जीएसटी लगाए जाने से महिला ड्राईवर्स प्रभावित होंगी, और आजीविका अर्जित करने की उनकी क्षमता कम हो जाएगी।''

SaaS आधारित राईड हेलिंग सेवाओं से जुड़ने में रुचि रखने वाले ड्राईवर्स और गिग अर्थव्यवस्था में निर्मित नौकरियों की संख्या में 20 प्रतिशत वृद्धि हुई है। SaaS मॉडल द्वारा उन्हें उद्यमिता के अवसर मिल रहे हैं और वो स्वतंत्र रूप से काम करते हुए अपने परिवार पालने में समर्थ बन रहे हैं।

उत्तर प्रदेश यूनियन ने उत्तर प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि वो SaaS आधारित प्लेटफॉर्म को जीएसटी के दायरे से बाहर रखने का प्रगतिशील दृष्टिकोण अपनाएं, ताकि शहरी मोबिलिटी और ड्राईवर्स की आजीविका में सस्टेनेबल वृद्धि हो सके।

# जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है, ग्रामीण भारत महोत्सव में बोले पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि %साल 2025 की शुरुआत में ग्रामीण भारत महोत्सव का भव्य आयोजन भारत की विकास यात्रा को दर्शा रहा है। इसके आयोजन के लिए नबार्ड और अन्य सहयोगियों को बधाई।% प्रधानमंत्री ने कहा कि %आज गांवों के लाखों घरों को पीने का साफ पानी मिल रहा है। लोगों को डेढ़ लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। आज डिजिटल तकनीक की मदद से बेहतरीन डॉक्टर और अस्पताल भी गांवों से कनेक्ट हो रहे हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी है कि आर्थिक नीतियां गांव के हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाई जाएं। बीते 10 वर्षों में हमारी सरकार ने ये काम किया है। दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने पीएम फसल योजना को एक साल और बढ़ाने को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए देश को किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। बीते 10 वर्षों में कृषि ऋण साढ़े तीन गुना बढ़ गए हैं। अब पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। हमने बीते 10 वर्षों में फसलों पर दी जाने वाली को बढ़ाया है। हमने स्वामित्व योजना जैसे अभियान चलाए हैं, जिनके जरिए गांव के लोगों को संपत्ति के दस्तावेज दिए जा रहे हैं। आज गांव के युवाओं को मुद्रा योजना, स्टार्टएप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाओं के जरिए मदद की जा रही है। किसानों को फसलों का सही दाम मिले, इसके लिए साल 2021 में अलग मंत्रालय का गठन किया गया।

पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में एक अहम सर्वे हुआ है, जिसमें पता चला कि साल 2011 की तुलना में अब ग्रामीणों की क्रय शक्ति करीब तीन गुना बढ़ गई है। अब गांव के लोग पहले की तुलना में ज्यादा खर्च कर रहे हैं।

## महर्षि यूनिवर्सिटी द्वारा होटल सपना क्लार्क्स इन में कॉन्क्लेव-2025 मीट का आयोजन

**लखनऊ।** महर्षि यूनिवर्सिटी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित करते हुए शिक्षाविदों को एक साथ लाकर शिक्षा जगत के विकास और नवाचार पर विचार विमर्श के लिए कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन आज 5 जनवरी 2025 रविवार को प्रातः 10ः00 से सपना क्लार्क्स इन रिंग रोड लखनऊ में आयोजित होगा।

यह कॉन्क्लेव शिक्षा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम नवाचारों, चुनौतियों और समाधानों पर गहन चर्चा का अवसर प्रदान करेगा।

देश भर से जाने-माने शिक्षाविद , नीति निर्माता और विशेषज्ञ इस मंच पर अपने विचार और अनुभव को साझा करेंगे।

इस कार्यक्रमों के मुख्य आकर्षण में प्रमुख शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं के वक्तव्य, नवाचारों और सफल शैक्षिक परियोजनाओं की प्रस्तुति तथा पैनल चर्चा और नेटवर्किंग सत्र शामिल है।

## टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिले, राज्य के विकास पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने शनिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। दोनों लोगों ने राज्य के आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए टाटा ट्रस्ट और सरकार के बीच सहयोग पर चर्चा की। आइए इस बारे में और विस्तार से जानें।

टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने शनिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। दोनों लोगों ने राज्य के आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए टाटा ट्रस्ट और सरकार के बीच सहयोग पर चर्चा की।

सीएम फडणवीस ने दक्षिण मुंबई स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर हुई बैठक के बारे में ट्वीट कर जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, ÷हमने विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की, ये वो क्षेत्र हैं जहां टाटा ट्रस्ट और महाराष्ट्र सरकार, राज्य के विकास को गति देने के लिए सहयोग कर सकते हैं।÷

मुख्यमंत्री ने टाटा ट्रस्ट और राज्य सरकार के बीच मजबूत और स्थायी साझेदारी को बढ़ावा देने पर विश्वास व्यक्त करने के लिए टाटा को धन्यवाद दिया। नोएल टाटा ने पिछले वर्ष टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष का पद संभाला था। उन्होंने 9 अक्टूबर, 2024 को रतन टाटा के निधन के बाद उनका स्थान लिया था। टाटा ट्रस्ट के पास नमक से लेकर सॉफ्टवेयर बनाने वाले टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में 9.5% हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने भी एक्सचेंज को बताया है कि उसे कोटक महिंद्रा बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में 9.5% की हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी आरबीआइ मिल गई है। यह मंजूरी आरबीआई के अनुमोदन पत्र जारी होने के बाद एक वर्ष तक के लिए वैध है। इसकी वैधता 02 जनवरी 2026 को समाप्त हो जाएगी।

भारतीय रिजर्व बैंक ने एचडीएफसी बैंक को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में अधिकतम 9.50% हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी दे दी है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने खर्त रखी है कि यदि अनुमोदन पत्र की तारीख से सालभर के भीतर यह सौदा नहीं किया जाता तो, तो मंजूरी रद्द कर दी जाएगी।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी) को 3 जनवरी, 2025 के आरबीआई के की ओर से एक पत्र मिला, जो एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को संबोधित है। पत्र में एचडीएफसी बैंक और उसकी समूह संस्थाओं (एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट, एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस और एचडीएफसी सिक्योरिटीज सहित) को एक वर्ष के भीतर एयू एसएफबी की चुकता शेयर पूंजी या वोटिंग अधिकारों का 9.50% तक अधिग्रहण करने की मंजूरी दी गई है।

एचडीएफसी बैंक ने भी एक्सचेंज को बताया है कि उसे कोटक महिंद्रा बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में 9.5% की हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी आरबीआई मिल गई है। यह मंजूरी आरबीआई के अनुमोदन पत्र जारी होने के बाद एक वर्ष तक के लिए वैध है। इसकी वैधता 02 जनवरी 2026 को समाप्त हो जाएगी।

## स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड का आईपीओ 6 जनवरी को खुलेगा

**लखनऊ।** स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड, जो रेवन्यू के मामले में वित्तीय वर्ष 2024 में भारत के फार्मास्युटिकल और केमिकल सेक्टर्स के लिए शीर्ष पांच स्पेशलाइज्ड इंजीनियरिंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स में से एक है, ने अपने पहले इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के लिए 133 रूपये से 140 रूपये प्रति इक्विटी शेयर की प्राइस बैंड तय की है, जिसकी फेस वैल्यू 10 रूपये है। कंपनी का यह आईपीओ सोमवार, 6 जनवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और बुधवार, 8 जनवरी को बंद होगा। निवेशक कम से कम 107 इक्विटी शेयर और उसके बाद 107 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बिड लगा सकते हैं। यह आईपीओ एक फ्रेश इशू 210 करोड़ रूपये तक का है और जिसमें 1,42,89,367 इक्विटी शेयरों को इशू किया जाएगा। कंपनी द्वारा फ़र्श इशू से प्राप्त 10 करोड़ रूपये का उपयोग मशीनरी और उपकरणों की खरीद के लिए किया जाएगा। 130 करोड रूपये का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए, और इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड में निवेश के लिए किया जाएगा, ताकि बैंकों और वित्तीय संस्थानों से एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लिए गए कुछ बकाया ऋणों का पुनर्भुगतान किया जा सके। 30 करोड़ रूपये का उपयोग एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड की मशीनरी और उपकरणों की खरीद के लिए है। साथ ही 20 करोड़ रूपये का उपयोग स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट और इनऑर्गेनिक ग्रोथ के लिए किया जाएगाऔर बाक़ी जनरल कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी की क्षमताओं में डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग, निर्माण, असेंबली, इंस्टॉलेशन, और कमीशनिंग समाधान शामिल हैं, साथ ही फार्मास्युटिकल और केमिकल निर्माताओं के लिए टर्नकी बेस पर स्टार्टदर्द ऑपरेटिंग प्रोसीजर स्थापित करना भी शामिल है। इसका पोर्टफोलियो उन मुख्य उपकरणों से बना है जो फार्मास्युटिकल और केमिकल प्रोडक्ट्स के निर्माण में उपयोग किए जाते हैं। इसे तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है: रिएक्शन सिस्टम, स्टोरेज, सेपरेशन, और ड्राइंग सिस्टम, और प्लांट, इंजीनियरिंग और सेवाएं (अन्य सहायक भागों सहित)। एफ़ एंड एस रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024 में रेवन्यू के मामले में यह भारत के शीर्ष तीन ग्लास-लाइन, स्टेनलेस स्टील और निकेल मिश्र धातु आधारित विशेष इंजीनियरिंग इक्वियोमेंट्स मैन्युफैक्चरर्स में से एक है।

यह वित्तीय वर्ष 2024 में रेवन्यू के मामले में भारत में पॉलीटेट्राफ्लोरोएथिलीन लाइन पाइपलाइनों और फिटिंग्स के शीर्ष तीन सप्लायर्स में भी शामिल है। यह इंडस्ट्री में सबसे तेजी से बढ़ने वाली कंपनी रही है और रेवन्यू के संदर्भ में पिछले तीन पूर्ण वित्तीय वर्षों के दौरान ऑपरेट कर रही है। कंपनी के पास ऐक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट्सऔर फाइन केमिकल प्रोडक्ट मैन्युफ़ैक्चरिंग प्रोसेस में उपयोग होने वाले सभी ख़ास इंजीनियरिंग इक्विपमेंट्स के मैनुफैक्चरिंग की इन-हाउस कैपेसिटी है। पिछले एक दशक में, कंपनी ने 11,000 से अधिक प्रोडक्ट्स सप्लाई किए है।

### खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), द्वारा आयोजित दस दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ भव्य उद्घाटन

# पिछले एक दशक में खादी की यात्रा आत्म निर्भर भारत के लक्ष्य की प्राप्ति

**लखनऊ।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा गोमतीनगर रिवरफ्रंट निकट चटोरीगली में आयोजित दस दिवसीय आंचलिक स्तरीय खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन डीजीएम बैंक ऑफ बड़ौदा के डीजीएम मोहम्मद, डा. नीतीश धवन स्टेट डायरेक्टर केवीआईसी, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी खादी एवं ग्रामोद्योग उमेश कुमार के करकमलों द्वारा हुआ।



4 जनवरी से 13 जनवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में भिन्न भिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों द्वारा 75 स्टाल लगाए गए हैं। जैसे कुमकुम ग्रामोद्योग समूह, जानकी देवी ग्रामोद्योग सेवा संस्था लखीमपुर खीरी, डी के लेदर प्रोडक्ट, हरदोई, ताज दरी उद्योग सीतापुर, सपना ग्रामोद्योग समिति, लखनऊ, प्रकाश ग्रामोद्योग संस्थान, कानपुर नगर, प्रिंस भुजिया पापड़ बड़ी उद्योग, बीकानेर, राजस्थान, खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, कुशीनगर, शमा हैंडलूम, बिजनौर, देव भूमि ग्रामोद्योग, हरिद्वार, ग्राम सेवा संस्थान, राधा राधा ग्रामोद्योग, कन्नौज, भारतीय खादी ग्राम सेवा संस्थान फिरोजाबाद इत्यादि।

इस दस दिवसीय प्रदर्शनी में प्रथम दिन श्रृंगारी समूह सांस्कृतिक कार्यक्रम, दूसरे दिन मुशायरा बज्मे शम्स जदीद अध्यक्ष अबरार सारीम, तीसरे दिन सुरताल संगम सांस्कृतिक कार्यक्रम अध्यक्ष जया श्रीवास्तव, चौथे दिन सुनहरे अल्फ़ाज़ (मुशायरा)

राजेश मल्होत्रा अध्यक्ष, पांचवे दिन वैदेही वेलफेयर सांस्कृतिक कार्यक्रम डॉ.रूबी राज सिंह अध्यक्ष, छठे दिन आभूषण काव्यात्मक अभिव्यक्ति पटेल

काव्य गोष्ठी डॉ अलका गुप्ता प्रियदर्शनी अध्यक्ष, सातवें दिन कंगन डांस एवं म्यूजिक एकेडमी

सांस्कृतिक कार्यक्रम, कंचन पांडेय, आठवें दिन अपराजिता मंच काव्य गोष्ठी अनुपमा (सचिव) एवं नवोदय साहित्य एवं सांस्कृतिक संस्था

काव्य गोष्ठी, महेश अस्थाना अध्यक्ष, नवे दिन खादी फैशन शो सुजल जैन कोरियोग्राफर दसवें दिन नक्षत्र फाउंडेशन सांस्कृतिक कार्यक्रम ऋचा (सचिव) जैसे कार्यक्रम भी होंगे जो इस प्रदर्शनी की शोभा बढ़ाएंगे।

डा. नीतीश धवन स्टेट डायरेक्टर केवीआईसी ने खास मौके पर कहा कि देश के करीबन सात राज्यों से आए से प्रतिनिधि पीएमईजीपी और खादी ग्रामोद्योग में अपने अपने स्टाल लगाए हैं इस बार हम प्रदर्शनी में सफल उद्यमी सम्मेलन का भी आयोजन करेंगे साथ ही प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन कर रहे हैं।

उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी खादी एवं ग्रामोद्योग उमेश कुमार ने कहा कि पीएमईजीपी की इस प्रदर्शनी को हम एक अवसर की तरह देख रहे हैं जिससे युवा उद्यमियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। इस प्रदर्शनी के द्वारा ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिले ऐसी हम आशा करते हैं। यह प्रदर्शनी लखनऊ वासियों को भिन्न भिन्न प्रकार के खादी के उत्पादों से रूबरू करवाएगी। डीजीएम बैंक ऑफ बड़ौदा मोहम्मद महफूज निशात ने कहा की यह प्रदर्शनी युवा उद्यमियों के लिए एक मौका है, अगर युवा उद्यमि रिस्क लेगा तभी आगे बढ़ेगा। एमएसएमई सेक्टर के लिए यह प्रदर्शनी बहुत ही लाभदायक साबित होने वाली है। जिस तरह से इस प्रदर्शनी में उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है वह वाकई काबिलेतारिफ है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी उत्पाद की मार्केटिंग बहुत जरूरी है जिसके लिए यह प्रदर्शनी बहुत ही अच्छा मौका है।

4 जनवरी से 13 जनवरी तक लगने वाली इस प्रदर्शनी में कुल 75 स्टॉल्स लगेंगे जिसमें पीएमईजीपी के 45 स्टॉल्स और केवीआईसी के 30 स्टॉल्स लगेंगे, जबकि 12 अलग अलग स्टेट ( पश्चिम बंगाल, जम्मू, कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड उत्तर प्रदेश) से आए प्रतिनिधियों द्वारा इस प्रदर्शनी में स्टॉल्स लगाए जाएंगे।

## उत्तर प्रदेश कैब यूनियन ने उत्तर प्रदेश सरकार से ड्राईवरों को राईड से होने वाली आय पर जीएसटी न लगाए जाने का आग्रह किया

**लखनऊ।** चालक वेलफेयर समिति उत्तर प्रदेश ने उत्तर प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि वो राईड-हेलिंग प्लेटफॉर्म्स पर सब्सक्रिप्शन-बेस्ड मॉडल के अंतर्गत ड्राईवर्स को राईड से मिलने वाली आय पर जीएसटी न लगाए जाने के लिए केंद्र सरकार से बात करें। यूनियन ने कहा कि जीएसटी लगाए जाने से ड्राईवर्स की आजीविका पर काफी विपरीत प्रभाव पड़ेगा, जो पहले से ही वित्तीय संकटों का सामना कर रहे हैं। यूनियन ने ड्राईवर्स के लिए उचित मुआवजे और ज्यादा सहयोगपूर्ण रैगुलेटरी फ्रेमवर्क की मांग की, जो इस काम की अद्वितीय प्रकृति के अनुरूप हो।

यूनियन प्रेसिडेंट आर के पांडे ने कहा कि कई ड्राईवर्स ने पारंपरिक कमीशन-आधारित मॉडल को छोड़कर सब्सक्रिप्शन मॉडल में काम करना शुरू कर दिया है ताकि उन्हें ज्यादा स्वतंत्रता मिले और बचत में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि सब्सक्रिप्शन आधारित मॉडल में ड्राईवर राईड-हेलिंग कंपनियों को कमीशन की बजाय एक निश्चित शुल्क का भुगतान करते हैं। इसने पूरे देश में गिग कर्मियों की स्थिति में भारी परिवर्तन ला दिया है। इसकी मदद से ड्राईवर अपनी 100 प्रतिशत आय अपने पास रख सकते हैं, तथा राईड-मैचिंग एलगोरिद्म, नैविगेशन सिस्टम, और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म्स जैसे आवश्यक टूल्स का उपयोग भी कर सकते हैं।

सब्सक्रिप्शन मॉडल मॉडल ड्राईवर्स को फाईनेंशल स्टेबिलिटी एवं प्रेडिक्टेबिलिटी प्रदान करता है। इस मॉडल पर जीएसटी लगाए जाने से लागत बढ़ जाएगी और यह सेवा कई लोगों की जेब से बाहर हो जाएगी। आर के पांडे ने कहा कि राईड के किराए स्ड्डड्ढस् प्लेटफॉर्म द्वारा लिए जाते हैं, जिन्हें व्यक्तिगत आय माना जाना चाहिए, जो पहले ही इंकम टैक्स के दायरे में है। इसलिए इन प्लेटफॉर्म्स को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए।

उन्होंने आगाह किया कि अतिरिक्त टैक्स लगाए जाने पर ड्राईवर्स फिर से अनौपचारिक, अनिश्चित नौकरियों की ओर चले जाएंगे और गिग अर्थव्यवस्था में हुई सालों की प्रगति पर पानी फिर जाएगा। उन्होंने कहा, ''सब्सक्रिप्शन मॉडल हजारों ड्राईवर्स को औपचारिक क्षेत्र में लेकर आया है, और उन्हें स्थिरता एवं सुरक्षा प्रदान कर रहा है। उन पर टैक्स लगाए जाने से उनकी रोजी-रोटी को नुकसान पहुँचेगा।''

उन्होंने महिला ड्राईवर्स पर टेक्नोलॉजी पर आधारित मॉडल के सकारात्मक प्रभाव के बारे में भी बताया। इससे उन्हें एक सुरक्षित और ज्यादा लचीला काम का वातावरण मिल रहा है। श्री पांडे ने कहा, ''जीएसटी लगाए जाने से महिला ड्राईवर्स प्रभावित होंगी, और आजीविका अर्जित करने की उनकी क्षमता कम हो जाएगी।''

उत्तर प्रदेश यूनियन ने उत्तर प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि वो स्ड्डड्ढस् आधारित प्लेटफॉर्म को जीएसटी के दायरे से बाहर रखने का प्रगतिशील दृष्टिकोण अपनाएं, ताकि शहरी मोबिलिटी और ड्राईवर्स की आजीविका में सस्टेनेबल वृद्धि हो सके।

## घरों में दालों व अनाज पर खर्च पांच फीसदी कम हुआ

**नई दिल्ली।** भारतीय घरों के खर्च में पिछले 12 वर्षों के दौरान बड़ा बदलाव आया है। अब लोग खाद्य पदार्थों की तुलना में गैर खाद्य पदार्थों पर अधिक खर्च कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के एक शोध अध्ययन में यह बात सामने आई है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट से परिवारों के उपभोग में बदलाव के कई रुझानों का पता चला है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय घरों में दालों और अनाज की खपत करीब 5त्न तक कम हुई है। यह बदलाव शहरी और ग्रामीण, दोनों ही इलाकों में हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है, शहरी और ग्रामीण इलाकों में दालों व अनाज की खपत में 5त्न से अधिक की महत्वपूर्ण गिरावट आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोगों का उपभोग व्यवहार बदल रहा है। पिछले 12 वर्षों के दौरान शहरों व गांवों दोनों ही क्षेत्रों में लोगों ने खाद्य पदार्थों की तुलना में गैर खाद्य पदार्थों पर अधिक खर्च किया है।

रिपोर्ट में खाद्य पदार्थों पर खर्च में बड़ी कटौती की बात कही गई है। ग्रामीण इलाकों में खाने-पीने की चीजों पर 2011-12 के दौरान करीब 52.9 प्रतिशत तक खर्च होता था। 2023-24 में खर्च का यह प्रतिशत घटकर 47.04 पर आ गया। इसमें करीब 5.86त्न की गिरावट दर्ज की गई। इस मामले में शहरी क्षेत्रों में भी कम लेकिन महत्वपूर्ण गिरावट देखी गई। शहरों में खाने-पीने पर 2011-12 के दौरान करीब 42.62% खर्च होता था, वर्तमान में यह आंकड़ा 2.92% घटकर 39.68% पर आ गया।

इसके विपरीत, गैर खाद्य पदार्थों पर भारतीय घरों के खर्च में इजाफा हुआ है। बीते 10-12 वर्षों के दौरान यह 57.38त्न से बढ़कर 60.32% पर पहुंच गया, इसमें 2.94त्न की बढ़त दर्ज की गई। दूसरी ओर, साफ-सफाई पर भी भारतीय घरों का खर्च बढ़ा है। स्वच्छ भारत अभियान की सफलता और सफाई के प्रति जागरुकता बढ़ने से इससे जुड़ी सामग्रियों पर अब लोग अधिक खर्च करने लगे हैं।

एसबीआई की रिपोर्ट में खपत से जुड़ा एक रोचक तथ्य भी सामने आया, वह यह है कि करों और उपकरों पर भारतीय परिवारों का खर्च घटा है।

# केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने स्वरूपनगर में इचामती नदी (एनडब्ल्यू 44) पर पुल का किया शिलान्यास

**स्वरूपनगर।** केंद्रीयपत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने आज यहां सिंगल लेन सड़कपुल की आधारशिला रखी।नए आरसीसी पुल को यात्रियों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने, निर्बाध नौवहन की सुविधा मुहैया कराने, क्षेत्रीय विकास और संपर्क लक्ष्यों को समर्थन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।




नया आरसीसी पुल 2 टन तक के भार के साथ यात्रियों और माल की सुरक्षित आवाजाही में सहायक होगा। करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस नए पुल का सभी मौसम में उपयोग किया जा सकेगा। यह पुल 64 मीटर लंबा होगा तथा इसमें दोनों ओर 120 मीटर की एप्रोच सड़कें होंगी। यातायात और सुरक्षा में सुधार के प्रयासों के तहत्स्वरूपनगर में इचामती नदी को पार करने के लिए बने मौजूदा बांस के पुल की जगह इस आरसीसीपुल को बनाया जा रहा है।

बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत देश में अंतर्देशीय जलमार्ग विकास के लिए नोडल एजेंसी, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) 16 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से इस सिंगल लेन पुल का निर्माण कर रही है।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा, ''आज एतिहासिक अवसर है क्योंकि इलाकों के लोगों की लंबे समय से प्रतीक्षित इच्छा का सम्मान करते हुए हम स्वरूप नगर में पुल की आधारशिला रख रहे हैं। इससे न केवल पहुंच आसान होगी बल्कि क्षेत्र के लिए इलाके में आर्थिक समृद्धि के द्वार भी खुलेगा ।माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के सक्षम नेतृत्व में हमारी सरकार राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 44 यानी इचामतीनदी के महत्वपूर्ण हिस्सों पर ड्रेजिंग के साथ नौवहन में सुधार के लिए कई परियोजनाओं पर काम कर रही है। हम मोदी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में पश्चिम बंगाल के बुनियादी ढांचे के विकास और समृद्ध जलमार्ग नेटवर्क को सशक्त बनाने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं।''

शांतनु ठाकुर ने आगे कहा, ''प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी सरकार सक्रियता पूर्वक जलमार्गों को पुनर्जीवित कर रही है, ताकि परिवहन का यह कुशल, किफायती और पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित साधन देश के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।वर्ष 2014 से माननीय प्रधानमंत्री मोदीजी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल यातायात में तीव्र वृद्धि देखी गई है, जो 2014 में मात्र 18 मिलियन टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक 133 मिलियन तक पहुंच गई है।

## आरबीआई ने आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज पर लगाए गए ऋण प्रतिबंध तुरंत प्रभाव से हटाए

**लखनऊ।** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज पर लगाए गए ऋण प्रतिबंध तुरंत प्रभाव से हटा दिए हैं। शुक्रवार को जारी एक बयान में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने कहा कि आरोहन ने सुधारात्मक कदम उठाए और अपनी विभिन्न अनुपालनों को प्रस्तुत किया। ÷कंपनी की प्रस्तुतियों के आधार पर, और उनके द्वारा अपनाई गई पुनर्गठित प्रक्रियाओं, प्रणालियों और नियामक दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए, विशेष रूप से ऋण मूल्य निर्धारण में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए, आरबीआई ने आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज पर लगाए गए प्रतिबंधों को तुरंत प्रभाव से हटाने का निर्णय लिया है, केंद्रीय बैंक ने कहा।आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज नांबियार ने कहा, आज आरबीआई द्वारा प्रतिबंध हटाने के आदेश मिलने पर हमें अत्यंत खुशी हो रही है।

हमारे 23 लाख बॉटम ऑफ द पिरामिड उधारकर्ताओं और 10,000 कर्मचारियों की ओर से, हम आरबीआई का धन्यवाद करते हैं, जिनके साथ हमने बहुत नजदीकी से काम किया, समझने, समझाने और आवश्यक बदलाव करने के लिए।

हम आविष्कार ग्रुप में उच्च कॉर्पोरेट गवर्नेंस का पालन करने पर गर्व करते हैं और वित्तीय समावेशन के इस प्रमुख व्यवसाय में आवश्यक कार्य जारी रखेंगे।

# विशुनपुरा को 65 रनो से हराकर लोहेपार ने जीता फाइनल मुकाबला



विजेता टीम को पुरस्कार देते सांसद व विधायक

- विजेता टीम को पल्सर व उप विजेता टीम को एचएफ डीलक्स बाइक मिला पुरस्कार
- मैन ऑफ द सीरीज अनस व मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रवि को

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बा स्थित किसान इंटर कालेज के खेल मैदान में एक सप्ताह से चल रहा मथौली कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच शनिवार को लोहेपार व विशुनपुरा के बीच खेला गया। जिसमें लोहेपार ने 65 रनो से लोहेपार को हराकर मथौली पल्सर कप पर कब्जा जमा लिया। बता दें कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लोहेपार की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 191 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी कार्यवाई में उतरी विशुनपुरा की टीम ने 10 ओवरों में मात्र 126 रन ही बनाकर फाइनल मुकाबला हार गई। इस तरह से लोहेपार की टीम ने 65 रनो से फाइनल मैच का खिताब जीत लिया। विजेता टीम को चेयरमैन नवरंग सिंह द्वारा पल्सर बाइक व उप विजेता टीम को रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड द्वारा एचएफ डीलक्स बाइक पुरस्कार दिया गया। कमेटी के तरफ से विजेता टीम को कप व अन्य पुरस्कार देकर हौसला अफजाई किया गया। जबकि उप विजेता टीम को कप व अन्य सामना देकर पुरस्कृत किया गया। फाइनल मैच में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी विजेता टीम के तरफ से रवि यादव को मिला जिन्होंने 17 गेंद पर 67 रन बनाया। इसी तरह ओसामा ने 15 बाल पर 57 रन, नोमान शेख 9 बाल पर 29 रन बनाया जिसके बदौलत लोहेपार टीम फाइनल मुकाबला जीती। सभी मैचों में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी अनस को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार नगद 11 हजार रुपए नगद व साइकिल दिया गया। बेस्ट बालर, बेस्ट बैटमैन, बेस्ट गेंदबाज, बेस्ट फिल्डर को भी पुरस्कार दिया गया। फाइनल मैच का अंपायर सुनील मद्धेशिया व बिट्टू मद्धेशिया रहे जबकि मैच का कमेंट्री सभासद प्रिंस जायसवाल व प्रिंस मद्धेशिया ने किया। फाइनल मुकाबला के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद विजय कुमार दुबे व रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड ने विजेता व उप विजेता के खिलाड़ियों में पुरस्कार वितरण किया। खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए सांसद ने कहा कि हार से निराश नहीं होना चाहिए और जीत से ज्यादा उत्सुक भी नहीं होना चाहिए। आज जो टीम हारी है वह कल जीतेगी। आप लोगों के साथ मेरी शुभकामनाएं है ऐसे ही खेले और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करें। इस मौके पर चेयरमैन नवरंग सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि मोतीचक संदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष मथौली अदालत प्रसाद, प्रधान अकमल हुसैन, रविश सिंह, अधिशाषी अधिकारी सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, राकेश उर्फ भोला यादव, बृजेश उपाध्याय, रविंद्र सैनी, रामानुज मिश्रा, रविंद्र गौंड, दिनेश राव, हेमंत सिंह, विवेक चौबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आभूषण व्यवसाई से हुई लूट का पुलिस ने किया खुलासा, दस गिरफ्तार



लूटकांड का खुलासा करते एसपी व पुलिस गिरफ्त में अभियुक्त

- अभियुक्तों के पास से सोना, चांदी, लैपटॉप, मोबाइल व बाइक समेत कुल 25 लाख का सामान बरामद
- रामकोला थाना क्षेत्र के बोधी छपरा गांव के पास व्यवसाई से हुई थी लूट

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** करीब छह दिन पूर्व रामकोला थाना क्षेत्र के बोधी छपरा गांव के समीप एक आभूषण व्यवसाई से नकाबपोश बदमाशों ने असलहा दिखाकर 18 लाख रुपए का सामान लूट लिया था। जिसका पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। पुलिस इस लूट में जहां दस लोगों को गिरफ्तार किया है वहीं लगभग 25 लाख का सामान भी जिसमें सोना, चांदी बरामद किया है।

घटना का खुलासा करने में रामकोला, कप्तानगंज, साइबर व स्वाट टीम लगी रही। बीते 29 दिसंबर की रात नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के पकड़ियार बाजार से दुकान बंद कर घर आ रहे आभूषण व्यवसाई राजन वर्मा पुत्र गामा वर्मा अभी वह रामकोला थाना क्षेत्र के बोधी छपरा गांव के करीब पहुंचा ही था कि नकाबपोश बदमाशों ने असलहा दिखाकर करीब 18 लाख का सोना व चांदी लूट लिया था। इतनी बड़ी लूट से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर, पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा घटना के खुलासे के लिए अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया था।

पुलिस के द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया तथा घटना में शतप्रतिशत बरामदगी कर ली गई। अभियुक्तों के पास से 124.40 ग्राम सोने का सिक्का, 3.30 किग्रा चांदी की धातु, दो अदद लैपटाप, दो अदद बायोमैट्रिक फिंगर स्कैनर, 45,700 रूपये नगद, चार अवैध तमंचा 315 बोर व अदद जिन्दा कारतूस, 06 मोटरसाईकिल व 07 मोबाईल कुल 25 लाख की समान बरामद की गई। खुलासा करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा 25 हजार रुपए से पुरस्कृत किया गया है।

**गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों का विवरण**–लूट की घटना में शामिल अभियुक्तों में आसिफ पुत्र मो. मुमताज निवासी ग्राम रेलवे कालोनी वार्ड नं. 08 थाना कप्तानगंज, आदित्य कुशवाहा पुत्र भगवानदास कुशवाहा ग्राम चकबंदी वार्ड नं. 16 थाना कप्तानगंज, जाहिद पुत्र गयासुद्दीन निवासी पिपराबर सिवान छोटी मुगल टोली थाना रामकोला, अनुज मिश्रा पुत्र हरिराम मिश्रा निवासी सुगर फैक्ट्री कालोनी वार्ड नं. 08 थाना कप्तानगंज, मोहन यादव पुत्र नन्दलाल यादव निवासी चन्दरपुर बरवा टोला थाना रामकोला, आरिफ पुत्र मो. मुमताज निवासी रेलवे कालोनी वार्ड नं. 08 थाना कप्तानगंज, जय साहनी पुत्र मोहन साहनी निवासी झंझवा टोला वार्ड नं. 06 थाना कप्तानगंज, कृष्णा वर्मा पुत्र घनश्याम वर्मा निवासी सतपोखरिया थाना अहिरौली बाजार, विपिन कुशवाहा पुत्र जंग बहादुर कुशवाहा निवासी पिपरा वर सिवान थाना रामकोला व राजेश वर्मा पुत्र कृष्ण वर्मा निवासी मुंडेरवा बाजार थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती शामिल है।

## घटना से पहले घूम घूमकर रेकी करते थे बदमाश

अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोगों का एक संगठित गिरोह है। हम लोग घटना से पहले घूम-घूम कर रेकी कर लेते थे, उसके बाद सून-सान स्थानों से चोरी/लूट/छीनैती करते है। चोरी/लूट/छीनैती के सामनों को भिन्न भिन्न स्थानों पर उचित दामों में बेच देते है। अलग अलग घटनाओं में गैंग के अलग अलग लोग शामिल होते है। दिनांक 29.12.2024 की रात्रि में थाना रामकोला क्षेत्र अंतर्गत राजन वर्मा के साथ भी रेकी करते हुए घटना को अंजाम दिया था। इसमें बरामद हुए सोने, चांदी इत्यादि को हमने जनपद बस्ती के एक सोनार के पास ले जाकर बेच दिया था। हमने पूर्व में भी घटनाकारित की है।

# सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ प्रार्थना पत्रों का करें निस्तारण

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील पडरौना के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



फरियादियों के शिकायती पत्रों का निस्तारण करते डीएम व एसपी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शनिवार को तहसील पडरौना के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए जनता फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को बारी-बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी संदर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिए।

### 90 शिकायती पत्रों में मात्र 15 का निस्तारण

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 90 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 62 में से 15 को तत्काल निस्तारित किया गया, पुलिस विभाग से संबंधित 14, विकास विभाग से संबंधित 08 तथा अन्य विभाग के 06 प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 90 में से 15 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 75 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समय से पूर्व निस्तारण का निर्देश दिया।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा- निर्देश

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री देवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा निरुद्ध कैदियों के रिहाई हेतु जिला कारागार देवरिया का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण में ऐसे निरुद्ध बंदी जो पूर्ण सजा के सापेक्ष आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं के सम्बंध में जो भी बंदी उक्त निर्देशों के अनुरूप रिहाई के पात्रता के अन्तर्गत आते हैं उनके नियमानुसार रिहाई की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि ऐसे बन्दी जिनकी जमानत मा0न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतदार के अभाव में कारागार में निरुद्ध है उसके संबंध में अधीक्षक जिला कारागार देवरिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया, उन्होंने वृद्ध बंदियों एवं असाध्य रूप से बीमार बंदियों को विधिक सहायता देने हेतु विशेष दिशा निर्देश दिया तथा अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी हेतु संबंधित को विधिक सहायता हेतु निरुद्ध बंदियों की सूची तैयार करने हेतु कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला कारागार अधीक्षक श्री प्रेम सागर शुक्ला, डिप्टी श्री आदित्य, न्यायालय कर्मी व जेल वार्डन उपस्थित रहें।

# मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने हाटा में कान्हा गोशाला का किया निरीक्षण



हाटा गौशाला का निरीक्षण करते सीवीओ

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी रविंद्र द्वारा कान्हा गोशाला, नगर पालिका परिषद, हाटा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय डॉ राजीव कुमार, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, हाटा व अभिषेक कुशवाहा, केयर टेकर तथा कृष्ण कुमार एवं जुगल किशोर श्रमिक मौके पर उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय मौके पर कान्हा गोशाला में कुल 48 गोवंश संरक्षित मिले, जिसमें 45 नर एवं 3 मादा है। सभी संरक्षित गोवंश स्वस्थ पाए गए। ठंड के दृष्टिगत संरक्षित गोवंश के बचाव हेतु शेडो के चारो तरफ प्लास्टिक शीट से कवर किया गया है तथा शेडो के अन्दर सर्दी से बचाव हेतु हैलोजन लाईट 20 अदद लगाया गया है। सभी गोवंशों के सर्दी से बचाव हेतु 2 सेट प्रति गोवंश जूट के बोरे से काउ-कोट बनाया गया है। गोशाला में प्रतिदिन अलाव जलाने की व्यवस्था शेड के अन्दर ही की गई है। गोशाला में संरक्षित समस्त गोवशों में एफएमडी टीकाकरण 20-08-2024 को एवं एचएस टीकाकरण 21-05-2024 को एवं लम्पी रोग का टीकाकरण 2409-2024 को करा दिया गया है। गोशाला में संरक्षित समस्त गोवशों में पुनः एफएमडी टीकाकरण निर्धारित अवधि उपरान्त माह फरवरी 2025 तक लगाने हेतु उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, हाटा को निर्देशित किया गया है। एफएमडी टीकाकरण कराने से पूर्व कृमिनाशक दवापान समस्त गोवंशीय पशुओं को देने हेतु संबंधित उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हाटा को निर्देशित किया गया।

# मलिन बस्ती के आठ घरों में लगी भीषण आग, लाखों की क्षति



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** पडरौना तहसील क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव स्थित हरिजन बस्ती में शनिवार की सुबह अज्ञात कारणों से लगी आग में आठ घरों को बेघर कर दिया। इस आग लगी में घर का सारा सामान कपड़े, बर्तन, जेवर, बच्चों की किताबें, बकरियां और साइकिल समेत सब कुछ जलकर खाक हो गया। शनिवार तड़के करीब 4 बजे जब गांव के लोग सो रहे थे, तब अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने एक के बाद एक करके आठ घरों को अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने किसी तरह अपनी जान बचाई और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गांव के प्रधान विनोद ने बताया कि अग्निकांड में रमेश, राजेश, जोगिंदर, हीरा, देवीलाल, अर्जुन, और रामानंद के मकान पूरी तरह से जल गए। नुकसान का आंकलन लगभग 4-5 लाख रुपए बताया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत की मांग की। घटना की सूचना पर राजस्व विभाग की टीम, सेक्रेटरी, कानूनगो और लेखपाल मौके पर पहुंचे। स्थानीय विधायक ने घटनास्थल का दौरा कर अग्नि पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पीड़ितों को तत्काल राहत सामग्री और कंबल बांटे गए हैं। वहीं सदर विधायक ने सभी प्रभावित परिवारों को आवास योजना के तहत घर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। प्रशासन ने कहा कि नुकसान का आकलन करके पीड़ितों को जल्द से जल्द आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी।

# सेवा के काम को मैंने कभी राजनीति से नहीं जोड़ा : किशोरी लाल शर्मा

- सांसद केएल शर्मा का दो दिवसीय क्षेत्र भ्रमण शुरू
- कांग्रेस कार्यालय में की जनता से मुलाकात
- वृद्धाश्रम गौरीगंज में वृद्धों को बांटे कम्बल



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी/तिलोई।** नये साल में सांसद के एल शर्मा का पहला क्षेत्र भ्रमण शनिवार को कड़ाके की ठंड के बीच शुरू हुआ। कांग्रेस कार्यालय में सुबह उन्होंने जनता से मुलाकात के बाद क्षेत्र भ्रमण शुरू किया।

तिलोई विकास खंड के अहुरी और कमई विराज में स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद सांसद ने शाम को वृद्धाश्रम गौरीगंज में वृद्धों को कम्बल वितरित किए। वृद्धाश्रम में वृद्धो से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि मैं भी साठ वर्ष के ऊपर हूं, वृद्धजनों की श्रेणी में हूं। दान एक हाथ से देना चाहिए और दूसरे हाथ को पता नहीं चलना चाहिए। मैं रायबरेली में इसी तरह सेवा करता रहा हूं।

हर सर्दी के मौसम में सोनिया जी, राहुल जी और गांधी परिवार की ओर से कम्बल भेजे जाते हैं,हम लोग बांटते हैं, सेवा के काम को हमने कभी राजनीति से नहीं जोड़ा। कम्बल वितरण के पहले सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कांग्रेस कार्यालय में किसान सम्मान न्याय यात्रा की तैयारी बैठक की। बैठक में किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव दीपक शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, प्रदेश महासचिव योगेन्द्र मिश्र, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनिल सिंह एवं अन्य कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# सोशल ऑडिट में मनरेगा के साथ अन्य कार्यों का हुआ सत्यापन

**तरकुलवा देवरिया।** जनपद देवरिया के विकासखंड के ग्राम सभा मठिया महाबल में तीन दिन से चल रहे सोशल ऑडिट में मनरेगा से जुड़े हुए समस्त कार्यों का धरातल पर सत्यापन किया गया। साथ ही साथ ग्राम सभा में खुली बैठक भी ऑडिट अधिकारी ने कराया जिसमे ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के द्वारा कराए जाने वाले कार्य को एक करके गिनाया गया।समस्त कार्य का जमीनी हकीकत को भी सोशल ऑडिट अधिकारी ने निरीक्षण किया गया। उक्त ऑडिट समय संजीव धर द्विवेदी, विजय कुमार श्रीवास्तव, रामनारायण, सलहति देवी, सुभाष चंद यादव, ग्राम प्रधान मठिया महाबल सत्येंद्र गुप्ता, ग्राम विकाश अधिकारी सुनील पासवान, रोजगार सेवक सुशीला प्रजापति के साथ लालबहादुर कुशवाहा, अंश राय, कृष्णा प्रजापति, छोटेलाल प्रसाद, बोस, डोकियों देवी, सोनमति, ऊषा देवी के साथ अनेको ग्रामीण उपस्थित थे। ग्राम पंचायत के सफाई कर्मी दिनेश गोंड भी उपस्थित थे।

# नगर पालिका व नगर पंचायतों में साप्ताहिक बंदी का दिन निर्धारित

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** नगर पालिका व नगर पंचायतों का साप्ताहिक बंदी का जिलाधिकारी ने दिन निर्धारित कर दिया है। नगर पालिका परिषद पडरौना, हाटा, कसया एवं नगर पंचायत तमकुहीराज सेवरही, रामकोला, कप्तानगंज, खड्डा फाजिलनगर सुकरौली तथा लक्ष्मीगंज जनपद कुशीनगर वाणिज्य अधिष्ठानों के लिए वर्ष 2025 में साप्ताहिक बन्दी के दिन निर्धारित किए हैं। उक्त आदेश के क्रम में नगरपालिका परिषद् पडरौना कुशीनगर एवं नगर पंचायत सेवरही तथा लक्ष्मीगंज में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (नाई, हेयर ड्रेसर, कटिंग, सैलून की दुकानों को छोड़कर) रविवार को साप्ताहिक बंदी रहेगी। नगर पालिका परिषद कसया. कुशीनगर में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (नाई, हेयर ड्रेसर, कटिंग, सैलून की दुकानों को छोड़कर) बुधवार को बंद रहेंगी। नगर पालिका परिषद् हाटा, नगर पंचायत तमकुहीराज, रामकोला, खड्?डा, सुकरौली एवं फाजिलनगर में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (हाउसिंग लीजिंग तथा फाइनेंस प्रतिष्ठान को छोड़कर) शनिवार को बंद रहेंगी। नगर पंचायत कप्तानगंज में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (हाउसिंग लीजिंग तथा फाइनेंस प्रतिष्ठान को छोडकर) सोमवार को बंदी रहेगी। नगरपालिका कसया, हाटा, नगर पंचायत तमकुहीराज, खड्डा, कप्तानगंज, रामकोला, फाजिलनगर तथा सुकरौली में स्थित समस्त हाउसिंग लीजिंग तथा फाइनेंस प्रतिष्ठान रविवार को बंद रहेंगे। नगरपालिका पडरौना एवं कसया, नगर पंचायत सेवरही, कप्तानगंज, लक्ष्मीगंज तथा सुकरौली में स्थित समस्त नाई, हेयर ड्रेसर, कटिंग, सैलून हेयर ड्रेसर की दुकान शनिवार को बंद रहेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि क्षेत्र में नियुक्त श्रम प्रवर्तन अधिकारी निर्धारित बन्दी दिवस का अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे।

# खेत देखकर वापस आ रहे व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत

**बोदरवार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय रेलवे ढाला के निकट शनिवार की शाम एक व्यक्ति की ट्रेन के चपेट में आ जाने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बोदरवार निवासी दिवाकर निषाद पुत्र सिधारी निषाद उम्र 35 वर्ष शनिवार की शाम को पूर्व स्थित रेलवे लाइन के निकट अपना खेत देखकर वापस घर आ रहा था कि एक एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना का सूचना मिलते ही गांव के महिला पुरुष शव देखने के लिए उमड़ पड़े। मृतक की पत्नी सुनीता देवी अपने दो बच्चों निकेश उम्र 15 वर्ष व आर्यन उम्र 12 वर्ष को लेकर पहुंची तो दहाड़ मार कर रोने लगी देखने वाले समझा बुझा कर उसे किसी तरह घर भेजे। लोगों ने शव को रेलवे लाइन से हटाकर किनारे किया जिसके बाद ट्रेन का संचालन शुरू हुआ बाद में बोदरवार पुलिस चौकी की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। लोगों का कहना है कि मृतक काफी गरीब है उसके बीवी बच्चों का और उसकी विधवा बूढ़ी मां का पालन कौन करेगा।

# जनपद के सभी थानों के हिस्ट्रीशिटरों की कराई गई परेड

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर द्वारा जनपद के सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को पूर्व में दिए गए हिस्ट्रीशीटरों की परेड कराये जाने के निर्देश के अनुपालन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने अपने थानाक्षेत्रान्तर्गत हिस्ट्रीशीटरों को थाना परिसर में बुलाकर परेड करायी गई। सभी को असामाजिक कृत्यों को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़कर कार्य करने हेतु हिदायत किया गया।

कार्यालय- नगर पालिका परिषद महराजगंज, जनपद- महराजगंज

पत्रांक : 1392/न.पा.प.मह./2024-25 दिनांक : 03.01.2025

**पुनः नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद महराजगंज, जनपद-महराजगंज के पिपरदेउरा में स्थित पोखरी सं0-682/0.251 हे0, पोखरी सं0-447/0.470 हे0, पड़री बुजुर्ग में स्थित पोखरी सं0-489/0.218हे0, पोखरी सं0-553/0.085हे0 एवं चिउरहां मउपाकड़ में स्थित पोखरी सं0-1762/0.105हे0, पोखरी सं0-498/0.506 हे0 तथा मुजहना बुजुर्ग में स्थित पोखरी सं0-197/0.073हे0 और पिपराबाबू में स्थित पोखरी सं0-478/0.198हे0 पोखरियों (शिकारमाही/एक वर्षीय/पंच वर्षीय/दस वर्षीय) की नीलामी दिनांक-08.01.2025 को दोपहर 01:00 बजे नगर पालिका परिषद महराजगंज के सभागार कक्ष में करायी जायेगी। यदि पोखरियो की बोली नियमानुसार सरकारी बोली से कम प्राप्त होती है या किसी अपरिहार्य स्थिति में पुनः नीलामी दिनांक-09.01.2025 एवं 10.01.2025 को पूर्व निर्धारित समय पर नगर पालिका परिषद महराजगंज के सभागार कक्ष में करायी जायेगी। इच्छुक बोलीदाता उक्त तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते है। प्रतिनिधि बोली में भाग नहीं ले सकते है। बोली में भाग लेने के लिए नियम व शर्तो से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी नगर पालिका परिषद महराजगंज कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के दिन प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद महराजगंज
जनपद-महराजगंज

# सीएम की नजर में अच्छा बने रहने को सम्पूर्ण समाधान दिवस में कम रजिस्टर की जा रही हैं जनशिकायतें



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की सुनवाई के मामले में अधिकारी शासन को ग़लत रिपोर्ट कर रहे हैं। सी एम की ओर से जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के मामले में की गई सख्ती के चलते अधिकारी सभी शिकायतों को रजिस्टर करने के बजाय जनसुनवाई और निस्तारण की खानापूरी कर रहे हैं। शनिवार को अमेठी तहसील में फरियादियों की भारी भीड़ के बावजूद 26 प्रार्थनापत्र ही पंजीकृत किए गए हैं। शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में फरियादी अपना दुखदर्द लेकर अधिकारियों के पास पहुंचे। अमेठी में सम्पूर्ण समाधान दिवस डी एम की अध्यक्षता में आयोजित था। डी एम निशा अनंत लगभग पौने एक बजे सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंची।डी एम के पहुंचते ही फरियादियों की लाइन और लम्बी हो गई। सूचना अधिकारी की ओर से दी गई जानकारी में केवल 26शिकायतें पंजीकृत की गई हैं, दो का निस्तारण हुआ है। तिलोई में बीस शिकायतें रजिस्टर की गई हैं, दो का निस्तारण हुआ है। मुसाफिर खाना में 30में से दो और गौरीगंज में 11में से दो शिकायतों का निस्तारण बताया गया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से सम्बंधित रहीं। दूसरा नम्बर पुलिस और विकास विभाग का है। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# सिरसागंज व जसराना में मिली सर्वाधिक वादों की पेंडेंसी

## राजस्व निरीक्षक विनय, लटूरी व कुलदीप को जिलाधिकारी ने चार्ज शीट के दिए आदेश

अवधनामा संवाददाता



- नायब तहसीलदार वादों का निस्तारण करें अन्यथा होगी प्रतिकूल प्रविष्टिः जिलाधिकारी
- कानूनगो सिरसागंज कुलदीप के बैठक में अनुपस्थिति पर एक दिन का काटा वेतन

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में उत्तर प्रदेश राज्य संहिता 2006 की धारा 24, धारा 35, धारा 34, धारा 67, धारा 80, धारा 101, धारा 116 से संबंधित वादों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम धारा 24 की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने उन कानूनगों, नायब तहसीलदारों, तहसीलदारों, उप जिलाधिकारी को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जिस स्तर पर भी धारा 24 के अंतर्गत सर्वाधिक पेंडेंसी है, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

धारा 24 के अंतर्गत सर्वाधिक वादों की पेंडेंसी सिरसागंज और जसराना में देखने को मिली' 'यहां पर कार्यरत राजस्व निरिक्षक विनय, लटूरी सिंह और कुलदीप को जिलाधिकारी ने चार्ज शीट जारी करने के आदेश दिए', जिलाधिकारी ने कहा कि हर उप जिलाधिकारी यह सुनिश्चित कर ले, कि अपने स्तर से अपने अधीनस्थों की मॉनिटरिंग लगातार करते रहे, 6 महीने के अंदर लंबित केसेज़ का निपटारा अवश्य कर लें। धारा 33 की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अभी हाल ही में इस धारा के संबंध में एक नया जीओ जारी हुआ है जिसका अध्ययन सभी उप जिलाधिकारी, नायब तहसीलदार कर ले, साथ ही उन्होंने कहा की धारा 35 के अंतर्गत यदि कोई केस डिफाल्टर पाया जाता है, तो उसके लिए तहसीलदार उत्तरदाई होंगे। इसी तरह धारा 34 की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पाया की तहसील शिकोहाबाद में इस धारा के अंतर्गत वाद सबसे ज्यादा लंबित है, उन्होंने कहा कि अपने निस्तारण की गति बढ़ाएं।

वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहे हैं, उन्होंने नायब तहसीलदार जसराना को इसके लिए एडवर्स एंट्री देने की बात कही, उन्होंने कहा की धारा 34 में किसी भी हालत में समय ज्यादा नहीं लगना चाहिए, इसके लिए योजना बनाएं और लक्ष्य निर्धारित करें, जिससे लंबित वादों का निस्तारण ससमय हो सके। उन्होंने धारा 67 की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार अपने स्तर से सरकारी जमीन खाली कराये, इसके लिए सक्रिय होकर अभियान चलाकर एवं उन भूमियों की पैमाइश करा कर इस कार्य में तत्परता से लगे हैं जिससे इन जमीनों का उपयोग बेहतर कार्यो के लिए हो सके।धारा 80 के अंतर्गत वादों का ससमय निस्तारण नहीं करने के कारण उप जिलाधिकारी न्यायिक सिरसागंज एवं शिकोहाबाद को स्पष्टीकरण जारी करने के आदेश दिए, धारा 116 के अंतर्गत उन्होंने कहा कि इस मामले में सबसे खराब स्थिति उप जिलाधिकारी न्यायिक शिकोहाबाद की है वहां केवल 61 प्रतिशत वादों का निस्तारण हुआ है, इसको भली प्रकार देख लें क्योंकि इस धारा के तहत जमीन के बंटवारे के लिए आवेदन किया जाता है, इसमें बेवजह पेंडेंसी आपसी पक्षो के विवाद का कारण बनती है और अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि अपने-अपने कोर्ट के वादों की पेंडेंसी को दूर करें, हैसियत प्रमाण पत्र की रिपोर्ट 15 दिन के अंदर अवश्य आ जाए।

## अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चला अभियान

**सुल्तानपुर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान में जिलाधिकारी महोदया एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशानुसार, , राजेश कुमार तिवारी जिला आबकारी अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी सदर सुल्तानपुर के नेतृत्व में, संजय कुमार मिश्रा आबकारी निरीक्षक सदर की टीम ने कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया। गिरिराज सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2,संजय उपाध्याय आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3,संजय श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4, नेहा श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 5 की संयुक्त टीम द्वारा जनपद सुल्तानपुर में मय स्टाफ साकेत राय प्र.आ.सि, दिनेश कुमार प्र आ सि,अंकित शर्मा आ.सि, ओमवीर आ. सि. अनुराग आ.सि. विजय सरोज आ सि राजीव शुक्ला आ सि शेष प्रताप आ सि द्वारा ग्राम बल्लीपुर में दबिश दी गई।मौके पर 03 अभियोग पंजीकृत करते हुए 47 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व लगभग 450 किलो लहन बरामद किया गया,जिसे मौके पर नष्ट किया गया। 01 अभियुक्त राज पुत्र सन्नू निवासी पांचों पीरन निकट बाबा की मजार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। टीम द्वारा असरोगा टोल पर चेकिंग की गई।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील पयागपुर में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह जनवरी 2025 के प्रथम शनिवार को तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार लाभान्वित भी किया जाय।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार धमेन्द्र कुमार सिंह नायब तहसीलदार, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 113 प्रार्थना-पत्रों में से 09 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस प्राप्त 81 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 08, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 08 के सापेक्ष 01, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 15 के सापेक्ष 01, नानपारा में प्राप्त 43 के सापेक्ष 06 व महसी में प्राप्त 27 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 03 का मौके पर निस्तारण किया गया।

## खेल के मैदानों से बढ़ती है असली सामाजिक समरसता : वरुण मिश्र



**सुल्तानपुर।** खेलों के मैदानों से सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाया जा सकता है, असली सामाजिक समरसता खेल के मैदानों से ही बढ़ती है। ये बातें कांग्रेस नेता और पूर्व नगर पालिका के प्रत्याशी वरुण मिश्र ने कही नगर क्षेत्र के एम जी एस मैदान पर कादरी एकता कप क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन में पहुंचे वरुण मिश्र ने कही ।कहा कि ज्यादा से ज्यादा इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं,जिससे समाज मे भी एकता के संदेश को बढ़ाया जा सके और समाज मे बढ़ती जा रही खाई को पाटने का यही सबसे अच्छा तरीका है।उन्होंने कहा कि युवाओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं के जरिये अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उद्घाटन मैच बहादुरपुर और ओमनगर की टीमों के बीच खेला गया। इस अवसर पर एडवोकेट राशिद गनी, प्रतियोगिता के आयोजक मोहम्मद शाहिद,खुर्शीद आलम,शहरयार खान, मुश्ताक अहमद मोहम्मद ताहा समेत सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## जिले में सर्दी सितम ढा रही है, 3 दिन में 6 डिग्री तक लुढ़का पारा कांप उठे लोग



**सुल्तानपुर।** पिछले एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की ठंड ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है।ऐसे में नगर पालिका के आजाद नगर के वार्ड नंबर 12 के निवासी मो. अबरार ने मानवता की मिसाल पेश की है। उन्होंने आजाद नगर चौराहे पर अलाव की व्यवस्था कर मोहल्लेवासियों को राहत पहुंचाई है।स्थानीय लोगों ने उनकी इस दरियादिली की सराहना की और कहा कि उनका यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। ठंड के कारण खासतौर पर बुजुर्ग, बच्चे और श्रमिक वर्ग काफी परेशान थे। ऐसे में अलाव की व्यवस्था से उन्हें राहत मिली है।मो.अबरार ने कहा सर्दी के इस मौसम में गरीब और जरूरतमंद लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। मुझे खुशी है कि मैं उनकी मदद कर सका। यह हमारी जिम्मेदारी है कि समाज में जरूरतमंदों की मदद करें।इस पहल के बाद स्थानीय निवासियों ने भी अपील की है कि समाज के अन्य लोग भी आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करें, ताकि सर्दी के इस कठिन समय में सभी सुरक्षित और स्वस्थ रह सकें।

# संक्षिप्त समाचार

## तहसील पयागपुर में सम्पन्न हुआ कम्बल वितरण



**बहराइच।** शीत लहर व कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुए दो दर्जन से अधिक निर्धन, असहाय व निराश्रितों को कम्बल का वितरण किया।

## वांछित गैंगस्टर पुलिस गिरफ्त में



**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद के नेतृत्व एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट के वाँछित अभियुक्त मौहसिन पुत्र सकील निवासी कश्मीरी गेट गली न0 22 थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद को ऊर्दुनगर के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है। जिसमें अभियुक्त मौहसिन उपरोक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी के आधार पर थाना रामगढ पर मु0अ0सं0 016/2025 धारा 03/25 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे, उ0नि0 राजकुमार, उ0नि0 अंकित कुमार, हे0का0 343 योगेश कुमार, का0 301 सुशील कुमार थाना रामगढ फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## लेखपालों को झूठे केस में फंसाने पर सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**टूंडला।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ टूंडला को एंटी करप्शन विभाग साजिशन लेखपालों को झूठे केस में फसाने को लेकर धरना प्रदर्शन किया तथा एंटी करप्शन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तहसील टूंडला परिसर में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ टूंडला के लेखपालों को एंटी करप्शन विभाग द्वारा झूठे मुकदमे में फसाने को लेकर जमकर नारे बाजी की। इस दौरान लेखपाल संघ ने उपजिलाधिकारी टूंडला गजेन्द्र पाल सिंह को मुख्यमंत्री के नाम समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में नरेन्द्र प्रताप सिंह, आशीष श्रीवास्तव, नरेश कुमार वर्मा, प्रीति शर्मा, हिमांशू गुप्ता, शालिनी सिंह, ललितेश कुमार के अलावा बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।


उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-521-24-2 (Advertising Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-RBL-OSN-524-24-1 (Advertising on station Premise (Non-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.01.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 09/2025

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचनाः–

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14260-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2024 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 19402-SLR-F2-LKO-SBIB-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14207-SLR-F2-MBDP-DLI-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22184-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20413-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2025 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22104-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2025 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2025 at 13:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 43/2025



# कार्यालय नगर पालिका परिषद मौदहा-हमीरपुर

पत्रांक : 1531/न0पा0परि0मौदहा/ई-निविदा/2024-25 दिनांक : 03-01-2025

## ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिका परिषद मौदहा- हमीरपुर में राज्य सेक्टर के ''पेयजल हेतु व्यवस्था''योजना की धनराशि के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद मौदहा को निर्माण कार्य कराये जाने है। अतः इच्छुक ठेकेदार/फर्म निम्न विवरण के अनुसार ई-निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं अधिक जानकारी हेतु कार्यालय कार्य दिवस में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ई-निविदा में कोई भी संसोधन/परिमार्जन/परिवर्तन की सूचना को ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जायेगा।

| क्र.सं. | निविदा आमन्त्रण विविरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of publishing | 06.01.2025 | 11.00 AM |
| 2 | Bid Submission Start Date | 06.01.2025 | 12.00 PM |
| 3 | Bid Submission End Date | 13.01.2025 | 2.00 PM |
| 4 | Opening of eBid (Technical) | 14.01.2025 | 11.00 AM |
| 5 | Opening of eBid (Financial) | After Approvel of Technical bid | |

## राज्य सेक्टर के पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित लाखों में | धरोहर धनराशि 2% | टेण्डर शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 03 फततेपुर पश्चिमी में सन्तोष धुरिया के मकान से मो0 एजाज के मकान तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 1.61 | 0.03220 | 500 | 01 माह |
| 2 | वार्ड नं0 06 इलाही तालाब में अम्बेडकर तिराहा से आकिल के मकान तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 8.82 | 0.17640 | 1200 | 03 माह |
| 3 | वार्ड नं0 06 इलाही तालाब में आकिल के मकान से गुलनारा के मकान तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 7.46 | 0.14920 | 1100 | 03 माह |
| 4 | वार्ड नं0 12 फततेपुर पूर्वी में फारूख अहमद के मकान से मिश्रीलाल अनुरागी के मकान तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 3.57 | 0.07140 | 700 | 03 माह |
| 5 | वार्ड नं0 13 कुम्हरौडा में अनिल फौजी के मकान से लल्ली श्रीवास के मकान तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 7.12 | 0.14240 | 1000 | 03 माह |
| 6 | वार्ड नं0 14 ब्लाक कक्ष में सुधा गुप्ता के मकान से मूलचन्द्र श्रीवास के मकान तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 3.56 | 0.07120 | 700 | 03 माह |
| 7 | वार्ड नं0 14 ब्लाक कक्ष में (राघव मोबाइल वाली गली) मुन्नीलाल गुप्ता के मकान से खालिक खॉ के मकान तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 4.84 | 0.09680 | 800 | 03 माह |
| 8 | वार्ड नं0 14 ब्लाक कक्ष में मलीकुआ चौराहा से मुस्ताक बर्फ वाले के दुकान तक (डिग्री कालेज रोड) पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 12.86 | 0.25720 | 1600 | 03 माह |
| 9 | वार्ड नं0 16 रागौल पश्चिमी में अर्फी मेडिकल से बलालू नाई मुनव्वर के मकान तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 4.62 | 0.09240 | 800 | 03 माह |
| 10 | वार्ड नं0 16 रागौल पश्चिमी में पंचा वर्मा के मकान तक सियाराम के मकान तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 2.00 | 0.04000 | 500 | 03 माह |
| 11 | वार्ड नं0 16 रागौल पश्चिमी में राहुल वर्मा एस0डी0ओ0 के मकान से असलम टेण्ट वाले के मकान तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 7,81 | 0.15620 | 1100 | 03 माह |
| 12 | वार्ड नं0 16 रागौल पश्चिमी में योगेन्द्र यादव के मकान एवं ईश्वरीदीन साहू के मकान होते हुये लाला गुप्ता के मकान तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 6.65 | 0.13300 | 1000 | 03 माह |
| 13 | वार्ड नं0 19 सिचौलीपुरवा में द्वारिकापुरी स्कूल के पीछे नयी ट्यूबवेल हाउस का कार्य। | 36.36 | 0.72720 | 4000 | 03 माह |
| | योग | 107.28 | 2.14560 | 15000 | |

कार्य कर विवरण एवं शर्ते http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा वांछित अभिलेख स्कैन कर निविदा के साथ http://etender.up.nic.in पर अपलोड किये जाने होंगे तथा जमानत धनराशि, परफॉमेंस गारण्टी मनी मूलरूप में तथा अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति सीलबन्द लिफाफे में दिनांक- 31/01/2025 को सायंकाल 05:00 बजे तक कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाले जायेंगें। म्यॉद गुजरने के बाद लिफाफे टेण्डर बाक्स में डालने की अनुमति नहीं होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित निविदादाता की होगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| लेखा लिपिक | अवर अभियन्ता | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| मौदहा-हमीरपुर | मौदहा-हमीरपुर | मौदहा-हमीरपुर | मौदहा-हमीरपुर |

# कांशीराम जी के मिशन को आज़ाद समाज पार्टी मंजिल तक पहुंचाएगी: सुनील चित्तौड़

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** अतिथि फूड विलेज अपोजिट गंगा बिहार कालोनी सैफई रोड आई टी आई चौराहे पर स्थित पत्रकार वार्ता में आजाद समाज पार्टी कांशीराम के प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सम्मान में जिन लोगों ने अशोभनीय टिप्पणी संसद में की है ऐसे लोगों को संवैधानिक रूप से सजा दिलाने का काम राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद करेंगे उन्होंने संसद में इस संबंध में साफ संकेत दे दिया है कि जो भी बहुजन महापुरुषों की शान में गुस्ताख़ी करेगा उसे सर्वहारा वर्ग के लोग डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा दिलाए गए वोट से सजा दिलाने का काम करेगा। श्री चित्तौड़ ने कहा कि आसपा कांशीराम कहने पर नहीं करने पर विश्वास करती है। आसपा कांशीराम की प्राथमिकता में सबको स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा फ्री मिले उसकी गारंटी डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान में भी दी गई है। आज जो लोग भी शासन सत्ता में है इन्होंने नफरत और घृणा फैलाने के अलावा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जन्म संघर्ष की कोख से हुआ है यह बात सारा भारत जानता है सर्वहारा वर्ग के लोग अपने वोट की कीमत समझने लगे है। अब उनके मान सम्मान अधिकार के विरुद्ध कोई भी कुठाराघात नहीं कर सकता भारतीय संविधान सर्वहारा वर्ग के लोगों की आन बान शान है इससे खिलवाड़ किसी को भी नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने आसपा कांशीराम की सदस्यता ग्रहण करने वाले बलवीर सिंह जाटव उनके साथ जिन चार दर्जन साथियों को सदस्यता ग्रहण कराई है उनके बारे अवगत कराते हुए कहा कि ये वो साथी है जिन्होंने बसपा सुप्रीमो मान्यवर कांशीराम को इटावा लोकसभा से सांसद बनवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके लिए इटावा वासी बधाई के पात्र है।

उन्होंने कहा कि बहुत जल्द आसपा कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुत जल्द ही संविधान का निरादर करने वाले व देश के अन्दर घृणा फैलाने वाली सांप्रदायिकता वादी शक्तियों के विरुद्ध तथा उन्हें सत्ता से हटाने के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करेगी। बहुजन समाज के मिशनरी साथी रहे बलबीर सिंह जाटव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने हमारे और हमारे साथियों के प्रति जो स्नेह विश्वास दर्शाया है उस कसौटी पर हम और हमारे साथी खरा उतरेंगे। प्रेस वार्ता में बलवीर सिंह जाटव, रामगोपाल मानव, राजू अंसारी, डॉ रविंद्र सिंह बघेल संजय कुशवाह अभिषेक आजाद, विनय यादव, हर्ष चौधरी, प्रशांत गौतम, मोहित गौतम, सुमित चौधरी आदि की उल्लेखनीय रही।



### थामा आज़ाद समाज पार्टी का दामन

**इटावा।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम का दामन चार दर्जन प्रमुख लोगों ने बलवीर सिंह जाटव के साथ थामा दामन उनमें लालसिंह जाटव, प्रीतम सिंह जाटव, ऋषि कपूर जाटव, धर्मवीर दिवाकर, अजयवीर सिंह कठेरिया, गौतम दिवाकर, पंकज शाक्य, सतीश दिवाकर, देशराम कमल कोरी, रामबिहारी कमल, राजकुमार कठेरिया, हरिशचंद्र गौतम, कप्तान सिंह जाटव, कमलेश, गोविंद जाटव, खुशहाली कठेरिया के आदि के नाम प्रमुख है।

# इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी में लोकगीत गायक मामे खान ने बिखेरा जलवा

वहाज अली निहाल

**इटावा।** इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी के अंतर्गत प्रदर्शनी पंडाल में शुक्रवार को कार्यक्रम द फॉक आर्केस्ट्रा ऑफ राजस्थान के अंतर्गत प्रसिद्ध लोकगीत गायक मामे खान द्वारा राजस्थानी लोकगीतों एवं फिल्मी गीतों को सुनकर लोग झूम उठे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता भदौरिया विधायक सदर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी अवनीश राय अध्यक्ष महोत्सव एवं प्रदर्शनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, जिला न्यायाधीश चवन प्रकाश व समस्त प्रशानिक अधिकारी एवं कार्यक्रम संयोजक मयंक यादव निदेशक सुदिति ग्लोबल एकेडमी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता भदौरिया को श्रीमती मालती देवी एवं नायब तहसीलदार प्रीति सिंह ने बुके भेंटकर एवं शाल उड़ाकर स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के संयोजक मयंक कुमार निदेशक सुदिति ग्लोबल एकेडमी ने सभी विशिष्ट अतिथियों को बुके भेंट कर एवं शाल उड़ाकर स्वागत किया एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में देश विख्यात राजस्थान के लोकगीत गायक मामे खान व उनकी पूरी टीम लगभग 40 सदस्यों ने अपने साज के साथ बहुत ही मनमोहक लोकगीतों एवं गीतों को गाया। पधारो म्हारे देश, जब भी देखूं बन्ना की लाल पीली अखियां, म्हारे हिवड़ा में जागी डोगरी एवं दमादम मस्त कलंदर आदि गीतों पर दर्शकों ने खूब ठुमके लगाए व जमकर आनंद लिया। अंत में वंदे मातरम गीत के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर जिलाधिकारी अवनीश राय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा सभी प्रशासनिक अधिकारी व कार्यक्रम संयोजक मयंक यादव सह संयोजक पवन कुमार ने प्रसिद्ध लोक गीत गायक मामे खान को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत व सम्मान किया।



### सुमेरपुर प्रीमियर लीग सीजन 3 का मुकबला सुमेरपुर रायल्स ने जीता

**भरुआ।** सुमेरपुर प्रीमियर लीग सीजन 3 का फाइनल मुकाबला महा मुकाबला हुआ जिसमे सुमेरपुर रॉयल्स (नंदनी पशु आहार उद्योग) स्पॉन्सर बाय ने इस खिताब को अपने नाम किया और विजेता टीम बनी आज के इस महा मुकाबला फाइनल मैच में मैं अपनी टीम के सभी खिलाड़ियो ने जोर दार प्रदर्शन किया जिससे इतनी बड़ी जीत दर्ज हो सकी। इस महा मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में कुलदीप निषाद चेयरमैन हमीरपुर द्वारा इस महा मुकाबले का शुभारंभ हुआ मैं जिन्होंने अपनी उपस्थिति में इस महा मुकाबले में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और अपना अमूल्य समय दिया इस आयोजन और हमीरपुर जनपद की सबसे बड़ी लीग सुमेरपुर प्रीमियर लीग सीजन 3 के अध्यक्ष समाज सेवी राहुल उर्फ टिंकू पालीवाल जिन्होंने सुमेरपुर नगर में इतना बड़ा भव्य आयोजन का शुभारंभ कराया और इस मंच पर रहकर सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया विजेता टीम को कुलदीप निषाद और राहुल उर्फ टिंकू पालीवाल द्वारा टीम सुमेरपुर रॉयल्स स्पॉन्सर बाय नन्दनी पशु आहार उद्योग को विजेता राशि 1 लाख रुपए और एक चमचमाती ट्रॉफी द्वारा सम्मानित किया।

# शैशव अभियान-एक कदम सुपोषण की और अभियान को सफल बनानें हेतु गोहांड में आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** शैशव अभियान-एक कदम सुपोषण की और के अन्तर्गत आंगनबाडी कार्यकत्रियों/आशा/एएनएम के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 0-5 वर्ष तक के समस्त बच्चों की स्क्रीनिंग की जानी है, स्क्रीनिंग किये गये बच्चों के पोषण श्रेणी का निर्धारण करते हुये सहयोगी विभागों जैसे- शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग के माध्यम से पोषण प्रबन्धन किया जायेगा। अभियान के सफल मनाये जाने के लिये आज दिनांक 04.01.2025 को जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती राजपूत, विधायक राठ मनीषा अनुरागी, नगर पालिका अध्यक्ष अनीता राजपूत एवं जिलाधिकारी हमीरपुर के कर कमलों से विकास खण्ड सभाकक्ष गोहाण्ड में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वजन मशीन (बच्चों), वजन मशीनों (वयस्क), इन्फेटोमीटर एवं स्टेडियो मीटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती राजपूत ने अपने संबोधन में कुपोषण मुक्त किये जाने के संकल्प के साथ स्वस्थ परिवार को आवश्यक बताया। विधायक राठ मनीषा अनुरागी द्वारा समाज में होने वाली क्षति के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुये बच्चों को कुपोषण से मुक्त रहने का हर सम्भव प्रयास किये जाने पर जोर दिया। इसी क्रम में जिलाधिकारी हमीरपुर द्वारा वजन मशीनों के माध्यम से 0 से 05 आयु वर्ष तक के बच्चों के वजन की वास्तविक माप लेते चिन्हित कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाये जाने की संकल्पना करायी गयी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं 05 बच्चों का अन्नप्राशन करते हुये गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की कामना की। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती राजपूत विधायक राठ मनीषा अनुरागी, नगर पालिका अध्यक्ष अनीता राजपूत एवं जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी एसएन कश्यप, जिला कार्यकम अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, एमओआईसी अन्जूम निरंजन, प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी गोहाण्ड, मन्जूलता गोस्वामी, समस्त ब्लाक स्तरीय अधिकारीगण, समस्त मुख्य सेविकाये एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

# सदर विधायक के जन्मदिन पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने बांटे हेलमेट

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा जिला इकाई अजय गुप्ता के नेतृत्व में सदर विधायक सरिता भदोरिया के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर शहर के नागरिकों को संदेश दिया कि जीवन में सुरक्षित यातायात के लिए हेलमेट बहुत आवश्यक है सभी लोगों को सफर में चाहे 10 किलोमीटर की दूरी तय करनी हो हेलमेट लगाकर ही घर से निकलना चाहिए। शनिवार को सदर विधायक सरिता भदौरिया के जन्म दिवस के अवसर पर संदेश देने के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने अनोखी पहल की इस अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने सदर विधायक का फूल मालाओं से लाद कर केक काटकर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला उपाध्यक्ष राजीव पाल हैप्पी ठाकुर श्री कृष्णा मिश्रा प्रदीप कनौजिया जिला संगठन मंत्री रमेश जैन युवा जिला महामंत्री राघव यादव युवा जिला उपाध्यक्ष तरुण रंजन गुप्ता शहर महामंत्री विवेक गुप्ता उपाध्यक्ष बच्चू मिश्रा सुमित गर्ग अखिलेश कौशिक आशुतोष पमर नगर संरक्षक मकसूदन दूबे कोषाध्यक्ष दीप चंद्र जैन नगर मंत्री अविनाश पाल शिव गुप्ता अंकुर शाक्य पूजा पाल मुन्नी देवी एकल भदोरिया मयंक शर्मा ध्रुव अग्निहोत्री आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये: डीएम

- सैफई तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील सैफई में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील सैफई में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 46 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 07 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर निदेशक सामाजिक वानिकी अतुल कांत शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीता राम, उप जिलाधिकारी कौशल किशोर, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों ने मनाया अधिकारिता दिवस

- इलेक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा असाध्य रोगों को खत्म करेंगे: डॉ. गणेश सिंह

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** अधिकारिता दिवस का कार्यक्रम का प्रारंभ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ काउंट सीजर मैटी को स्मरण कर एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बुंदेलखंड प्रभारी डॉ नरेंद्र भूषण निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों को प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी विधा से चिकित्सा व्यवसाय करने का पूर्ण अधिकार है। यह अधिकार उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा अनुभाग-6 द्वारा दिनांक 04 जनवरी 2012 को बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसन उ0प्र0 के नाम शासनादेश जारी कर प्रदान किया गया था। इसी अवसर को मनाने के लिये प्रति वर्ष इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों द्वारा यह दिन अधिकारिता दिवस के रूप में मनाये जाने की परम्परा आज भी है। भारत सरकार द्वारा इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिये जारी आदेश का क्रियान्वयन व अनुपालन राज्य सरकारों द्वारा प्रभावी ढंग से किया जाये व अन्य मान्यता प्राप्त चिकित्सा पद्धितियों की भांति इस अधिकार प्राप्त चिकित्सा पद्वित को वह सारी सुविधायें उपलब्ध करायी जायें जो अभी तक प्राप्त नही है। भारत सरकार भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी से चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान हेतु 21 जून 2011 को आदेश जारी किया था। कार्यक्रम का प्रारम्भ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ0 काउण्ट सीजर मैटी को स्मरण कर किया गया। इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जिला प्रभारी डॉ0 गणेश सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा असाध्य रोगों को खत्म करेंगे। आज का दिन हम सबके लिये गौरव का दिन है। उ0प्र0 शासन ने शासनादेश जारी कर इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में कार्य करने के लिये सारी बाधायें दूर करते हुये अधिकार प्रदान किया था। अब आवश्यकता है कि हम अपने अधिकारों को समझें और पूर्ण रूपेण अधिकार के साथ कार्य करते हुये जनता की सेवा करें व जन स्वास्थ्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अब समय आ गया है कि हम अपनी क्षमता का परिचय दें और विधि सम्मत ढंग से व्यवस्थित होकर कार्य करें। अविलंब पंजीकरण करा लें। क्योंकि सरकार ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों के क्रियान्वयन के लिए शासनादेश संख्या रिट 93/पांच _6_2018 रिट 78( 2017 दिनांक 14 सितंबर 2018 जारी किया है। डॉ मानसी ने अधिकारिता दिवस के अवसर में कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक 4 जनवरी से 11 जनवरी तक अधिकारिता सप्ताह मानते हुए जनता के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर अपनी पहचान भी कर सकते है।

डॉ0 निगम ने चिकित्सकों का आवाहन किया ऐसे लोग जो अपनी पद्धति के अतिरिक्त अन्य कोई पद्धति अपनाते है तो उन्हें तत्काल अपने में सुधार कर लेना चाहिये जब आपके पास पूरे अधिकार है तो उनका पूर्ण उपयोग करें तथा कभी भी अपने आपको किसी से कमतर न समझें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जिला प्रभारी ईएच डॉ0 गणेश सिंह ÷विद्यार्थी÷ ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपनी क्षमता का परिचय दें और विधि सम्मत ढंग से व्यवस्थित होकर कार्य करें। अविलम्ब पंजीकरण करा लें। क्योंकि सरकार ने इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों के पंजीयन के क्रियान्वयन के लिये शासनादेश संख्या रिट 93 / पांच-6-2018 रिट 78 /2017 दिनांक 14 सितम्बर 2018 जारी किया है।

# टोटल क्वालिटी एंड सेफ्टी उत्सव का समापन



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के उमंग भवन मे कोर वैल्यूज इनोवेशन एंड लर्निंग तथा टोटल क्वालिटी एंड सेफ्टी उत्सव का भव्य रूप से समापन किया गया।दो महीने तक चले इस उत्सव में नवाचार, रचनात्मकता और उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन हुआ, जिसमें पोस्टर बनाने, क्विज, क्रॉसवर्ड, कहानी लेखन, स्लोगन प्रतियोगिताएं और कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के लिए %टेस्टी इनोवेशन कुकिंग प्रतियोगिता जैसी कई गतिविधियाँ शामिल थीं। विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए प्रदर्शनियां लगाई। दैनिक फ्लायर्स, वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा दिए गए प्रेरणादायक संदेश, और इंटरनेशनल पेज पर डाले गए वेबिनार ने इस उत्सव को और भी समृद्ध किया, जिससे निरंतर लर्निंग और इनोवेशन की भावना को बढ़ावा मिला।समारोह का एक महत्वपूर्ण आकर्षण था ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) द्वारा सुरक्षा कथा सागर का अनावरण। यह 21 कहानियों का एक अभिनव संकलन था, जिसे आधुनिक एआई उपकरणों का उपयोग करके वीडियो में बदला गया था। इन कहानियों ने स्टेशन पर विभिन्न खतरों को और कर्मचारियों तथा संविदा श्रमिकों के लिए सुरक्षित कार्य प्रथाओं को दर्शाया। 2023 बैच के एग्जीक्यूटिव ट्रेनीज ने इस रूपांतरण को बखूबी अंजाम दिया, जिसके लिए उन्हें शीर्ष प्रबंधन द्वारा विशेष सराहना प्राप्त हुई और उन्हें एक स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। यह आकर्षक और दृश्यात्मक प्रारूप सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। समारोह का एक और प्रमुख क्षण था ऑपरेशन विभाग के संविदा श्रमिकों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक।


## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने इंको प्वाइंट का किये औचक निरीक्षण



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने आज पर्यटन विकास के मद्देनजर इंको प्वाइंट का स्थलीय निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इंको प्वाइंट पर हो रहे निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी ली। इंको प्वाइंट के निर्माण व मरम्मत के कार्य को अति शीघ्र व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किये जाने के निर्देश सम्बन्धितों को दियें। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कहा कि इंको प्वाइंट के पार्क में बच्चों के खेलने के साधन व सुरक्षा व्यवस्था का बेहतर प्रबन्ध किया जाये, ताकि बच्चों को किसी प्रकार की समस्या न होने पायें। पर्यटन विकास की प्रतिबद्धता दोहराते हुए इंको प्वाइंट को पर्यटन के रूप में विकसित करते हुए पर्यटको को आकर्षित करने के साथ ही जिले के वन, पहाड़ तथा सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों का विकास कराने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये।

### कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ने 2025 के डेस्क कैलेंडर का किया गया उदघाटन



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने ई. सत्य फणि कुमार द्वारा प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की उपस्थिति में 2025 का डेस्क कैलेंडर जारी किया गया। इस अवसर पर डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), त्रिलोकी सिंह, महाप्रबंधक (आरएलआई), सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक(ग्रीन केमिकल्स और बीई), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) जैसे विशिष्ट व्यक्ति भी मौजूद रहे। यह आयोजन विंध्याचल की उपलब्धियों को मनाने और भविष्य के लिए एक प्रेरणादायक दृष्टिकोण को उजागर करने का प्रतीक था। 2025 का डेस्क कैलेंडर एनटीपीसी विंध्याचल की उत्कृष्टता की निरंतर खोज का प्रतीक है, जो न केवल संचालन और रखरखाव में महत्वपूर्ण मील के पत्थरों को दर्शाता है, बल्कि 2024 के वर्ष में की गई प्रभावशाली सीएसआर पहलों और प्राप्त की गई प्रतिष्ठित पुरस्कारों एवं सम्मान को भी उजागर करता है। यह कैलेंडर एक दृश्य आनंद और प्रेरणादायक उपकरण के रूप में कार्य करता है, जो विंध्याचल की यात्रा को नवाचार, स्थिरता और समुदाय सशक्तिकरण के दृष्टिकोण से प्रस्तुत करता है।

### पत्नी व सास के उत्पीड़न से परेशान हो कर खुद को किया मौत के हवाले

**सुमेरपुर हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में शुक्रवार को अपनी पत्नी और सास से प्रताड़ित होकर एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर पत्नी और सास को कोसते हुए और अपने जिगर के टुकड़े मासूम बच्चों को याद करते हुए प्राण त्याग दिए, घटना के पूर्व वायरल किए गए वीडियो मृतक की घोर पीड़ा को बयां कर रहे हैं, पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कही है। टेढ़ा गांव का निवासी राजेश कुमार उर्फ कल्लू गुप्ता (35) पुत्र अशोक कुमार गुप्ता द्वारा जहरीला पदार्थ का सेवन कर लेने की जानकारी होने पर शुक्रवार की शाम परिजन उसे आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए।

# जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस सरीला तहसील में हुआ संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सरीला तहसील में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर संबंधित पक्षों से मिलकर उनकी बातों को अवश्य सुना जाए।

संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत के निस्तारण के दौरान/स्थलीय निरीक्षण के दौरान लोकेशन सहित फोटोग्राफ भी लिए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस ,आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ /1076 के संदर्भ / शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण 07 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान ना होना पड़े। कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय । उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी दशा में वही शिकायत अगले समाधान दिवस में प्राप्त नहीं होनी चाहिए।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने वहां आने वाले फरियादियों एवं अन्य गरीब / जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव के दृष्टिगत कंबल वितरित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जरूरत मन्द/ गरीब व्यक्तियों को आवासीय/ कृषि भूमि के पट्टा वितरित कर उन्हें पट्टा आवंटन प्रमाण पत्र भी सौंपा।

# आनलाइन ट्रेडिंग के बिरोध में व्यापारियों ने सपा सांसद को दिया ज्ञाप

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** आनलाइन ट्रेडिंग के बिरोध में व्यापारियों की सर्वोच्च राष्ट्र व्यापी संस्था भारतीय उधोग व्यापार मण्डल दिल्ली के आह्वान पर शनिवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को सम्बोधित ज्ञापन माननीय सासंद छोटे लाल खरवार को उ प्र उधोग व्यापार मण्डल सोनभद्र ने सौपा राजेश गुप्ता जिला अध्यक्ष ने कहा कि आनलाइन ट्रेडिंग से स्थानीय व्यापारियों व्यापार क्षेत्र में कार्य कर रहे श्रमिकों ट्रासपोट को भारी नुकसान पहुच रहा है व्यापारी इस देश की रीढ़ है इस पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है ई कामर्स कम्पनीयो का सत्यापन कराया जाय बरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप सिहं चन्देल ने कहा की ई कामर्स कम्पनियां अपने अकूत संसाधन से व्यापार को सीधे प्रभावित कर रही है जिला महामंत्री राजेश बंसल ने कहा कि ई कामर्स कम्पनीयो के लुभावने जाल में उपभोक्ताओ को फंसाकर शोषण हो रहा है जिला अध्यक्ष युवा रमेश जायसवाल जिला कोषाध्यक्ष अजीत जायसवाल ने कहा कि आनलाइन ट्रेडिंग से उपभोक्ताओ के साथ साईबर फाड की धटनाये तेजी से बढ रही है नगर अध्यक्ष आनन्द जायसवाल ने सरकार शीध्र व्यापार हित उपभोक्ताओ के हित में व्यापक कानून की जरुरत है सभी व्यापार मण्डल के पदाथिकारीयो व्यापारियों ने एक स्वर से मांग की कि अतिशीघ्र निर्णय लेकर स्थानीय खुदरा व्यापार को बचाया जाय कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष प्रकाश केशरी जिला संगठन मंत्री राजेश सोनी युवा जिला उपाध्यक्ष आन्नद प्रकाश गुप्ता किराना नगर अध्यक्ष श्याम केशरी इलेक्ट्रॉनिक अध्यक्ष दिनेश गुप्ता मण्डी अध्यक्ष श्याम बाबु किराना महामंत्री नन्दलाल कुशवाहा बबलू केशरी आई टी अध्यक्ष अजय केशरी आदि व्यापारी गण उपस्थिति थे।

# ए.के. शर्मा ने शहर के विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

## नगर विकास मंत्री ने रात्रि में निकलकर लोगों को भीषण ठंड से बचाने के लिए की गई व्यवस्था का लिया जायज़ा

- ए.के. शर्मा ने चारबाग बस स्टेशन में बने अस्थाई रैन बसेरा तथा मिल रोड, ऐशबाग में बने स्थाई रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया
- मंत्री ने रैन बसेरों में रुके लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जाना और मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली
- रैन बसेरों में पर्याप्त मात्रा में कंबल, रजाई, गरम कपड़े, गुनगुना पानी, गर्म चाय तथा भूखे व्यक्ति को भोजन आदि का प्रबंध किया जाए
- रैन बसेरों की जानकारी के लिए आसपास के क्षेत्र में साइनेज लगाए जाए, जिसमें जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम व मो0 नंबर भी संपर्क के लिए लिखे जाए



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड व सर्द रातों में कोई भी व्यक्ति खुले में सोने को मजबूर न हो तथा लोगों को ठंड से बचाने के लिए प्रमुख चौराहो, अस्पतालों, मुख्य बाजारों, रेलवे स्टेशनों व बस अड्डों के पास अलाव जलाने की व्यवस्था के साथ रैन बसेरों की सुविधाओं का निरीक्षण करने के लिए उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा शुक्रवार को रात 8:00 बजे लखनऊ शहर के विभिन्न स्थलों का आकस्मिक दौरा कर स्थलीय निरीक्षण किया।

नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा सर्वप्रथम रात 8:00 बजे अपने 14 कालिदास आवास से निकलकर जोन 02 के चारबाग बस स्टेशन में बने अस्थाई रैन बसेरा तथा मिल रोड, ऐशबाग में बने स्थाई रैन बसेरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। चारबाग के अस्थाई रैन बसेरा में 10 व्यक्ति आश्रय लिए थे, इसमें कन्नौज, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, रायबरेली, अम्बेडकरनगर आदि जगहों से आकर लोग रुके थे। वहीं मिल रोड, ऐशबाग स्थित स्थाई रैन बसेरा में 25 व्यक्ति आश्रय लिए थे। इसमें से बलरामपुर, बनारस, सुल्तानपुर, मऊ, तेलीबाग से लोग आकर रुके थे। स्थाई रैन बसेरा में लखनऊ के विभिन्न अस्पतालों में ईलाज कराने के लिए कोई एक साल से, कोई छह महीने से रुके हुए हैं, जिनके खाने और रहने की व्यवस्था की जा रही है। मंत्री जी ने वहां आश्रय लिए लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा तथा उनको दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने रैन बसेरा में रुके लोगों को चाय और बिस्किट दिया तथा जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किया। मंत्री जी को दोनों रैन बसेरों के सामने अलाव जलता हुआ मिला। मंत्री जी यहां की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे। उन्होंने मिल रोड के स्थाई ग्रैन बसेरा के विजिटिंग बुक में भ्रमण का सिग्नेचर भी किया। उन्होंने रेन बसेरा का संचालन कर रही कार्यदाई संस्था 'बदलाव' के कार्यों की प्रशंसा भी की।

रैन बसेरों का निरीक्षण के दौरान नगर विकास मंत्री ने सहायक नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता तथा अन्य निकाय अधिकारियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरों में रुकने वाले लोगों के लिए पर्याप्त मात्रा में कंबल, रजाई, गरम कपड़े, गुनगुना पानी, गर्म चाय तथा भूखे व्यक्ति को भोजन आदि का प्रबंध किया जाए। स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। रैन बसेरों में लोगों की सुरक्षा और सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। संदिग्ध व्यक्तियों पर भी नजर रखी जाए। रात विश्राम के लिए आने वाले लोगों के नाम पता रजिस्टर बनाकर उसमें अंकित किया जाए। रैन बसेरों की जानकारी के लिए आसपास के क्षेत्र में साइनेज लगाए जाए, जिसमें जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम व मो0 नंबर भी संपर्क के लिए लिखे जाए। रैन बसेरों के बेहतर संचालन के लिए नोडल अधिकारी भी नामित किए जाए। साथ ही रात्रि में भ्रमण कर खुले में सोने वाले लोगों को नजदीक के शेल्टर होम में पहुंचाने का भी कार्य करें। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने सभी नगरीय निकाय अधिकारियों व कार्मिकों को निर्देशित किया है कि भीषण ठंड एवं सर्द रात्रि में कोई भी व्यक्ति खुले में सोने को मजबूर न हो, ऐसे लोगों को रैन बसेरों में पहुंचाया जाए। लोगों को ठंड से बचाने के लिए सभी निकायों के प्रमुख चौराहों, मुख्य बाजारों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों व बस अड्डों के पास तथा सभी रैन बसेरों के सामने रात्रि में अलाव जलाने की भी व्यवस्था की जाए।

# उ.प्र. भाषा विभाग ने की कवि गोपाल दास नीरज की 100वीं जयंती पर संगोष्ठी

**अवधनामा ब्यूरो**




**लखनऊ।** भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान आज दिनांक 04.01.2025 को पद्म भूषण डॉ गोपाल दास नीरज की 100 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में कवि गोपाल दास नीरज का साहित्यिक अवदान विषयक संगोष्ठी आयोजन नेशनल पी0जी0 कॉलेज के प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री विद्या बिंदु जी ने की, उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि नीरज जी का व्यक्तित्व प्रेरक है उनका 'एक स्वप्न के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता है,' जैसे गीत आज भी प्रेरणा देते है, वे मानवता के कवि है उन्होंने आने वाली पीढ़ी को अपनी गीतों की विरासत छोड़ी हैं। मुख्य वक्ता प्रो हरि शंकर मिश्र जी ने नीरज जी के व्यक्तित्व को विस्तार पूर्वक रखते हुए कहा कि वे संघर्ष से जन्मे रचनाकार हैं और संघर्ष से ही वे सफलता के शिखर को संस्पर्श कर सकें। काव्य प्रतिभा का स्फूरण उनमें बाल्यकाल में ही हो गया था, जब वह 9वीं दर्जा में थे तभी उनका गीत संग्रह तैयार हो गया था। मुख्य अतिथि प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित जी ने नीरज के कृतित्व रेखांकित किया। उन्होंने कहा वे जीवन के कवि हैं, यही बात उन्हें आयुष्य प्रदान करती है। मंचीय कविता को शिखर पर ले जाने का श्रेय उन्हें दिया जा सकता है। वे प्रेम और सौंदर्य के कवि है, अतुकान्त कविता के दौर में छांदस कविता को बचाए रखने की आवश्यकता नीरज जी जैसे कवियों ने पूरा किया। मूलतः वह प्रेम से जुड़ी वेदना के कवि थे, इसको उन्होंने जिया भी और कविता को भी दिया। वे काव्य शास्त्र के ज्ञाता थे साथ ही ज्योतिष और आयुर्वेद के भी अच्छे जानकार थे। मृत्यु बोध से जुड़ी उनकी रचनाओं में अध्यात्म और दर्शन का पुट मिलता है। प्रकृति का मानवीकरण, प्रेम, संवेदना, राष्ट्रीयता आदि मानवता वादी दृष्टिकोण उनकी रचनाओं में मिलता है। कार्यक्रम का सफल संचालन डा रश्मि शील ने किया। डा0 सीमा सिंह, प्रो रामकृष्ण, प्राचार्य देवेंद्र कुमार जी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों की भी भागीदारी सराहनीय रही, प्रतिभागी छात्रों का संस्थान द्वारा शाल एवं माला द्वारा सम्मान कर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव जी के निर्देशन में संयोजित इस कार्यक्रम की उपस्थित जन द्वारा भूरि-भूरि सराहना की गई। कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों अध्यापकों के साथ लखनऊ के अनेक साहित्यकार उपस्थित रहें।

# आईआरसीटीसी करायेगा बेंगलुरु समेत अन्य पर्यटन स्थलों की सैर

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) नव वर्ष पर बेंगलुरु और कई अन्य पर्यटन स्थल घुमाने का पैकेज लेकर आया है। यह पैकेज सात रात और आठ दिन का है। जिसमें मैसूर,ऊटी, कूर्ग और कोयंबटूर का भ्रमण कराया जाएगा । इस पैकेज के तहत 25 जनवरी को विमान से जाने वाले पर्यटक 1 फरवरी को फ्लाइट से वापस आ सकेंगे। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि इस टूर में यात्रियों को लखनऊ से बेंगलुरु जाने की सीधी फ्लाइट की व्यवस्था की जाएगी। जबकि वापसी की उड़ान कोयंबटूर से लखनऊ की होगी। खानपान, ठहरने के लिए तीन सितारा होटल में व्यवस्था की गयी है। यात्रा के दौरान श्रीरंगपटना, मैसूर पैलेस, बृंदावन गार्डन, चामुंडी मंदिर, स्वर्ण मंदिर, दुबेरे हाथी कैंप, बहगमंडला, अब्बे झरना, ओंकारेश्वर मंदिर, बॉटनिकल गार्डन, ऊटी झील, गुलाब गार्डन, चाय संग्रहालय, डोड्डाबेट्टा पीक,आदियोगी शिव स्टेचू का भ्रमण कराया जायेगा।

**38100 से शुरुआत**- एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 65900 रुपए, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 50600 रुपए, तीन व्यक्तियो के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति रू. 48500 रुपए होगा। वहीं माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे बेड सहित पैकेज का मूल्य 42300 रुपए और 38100 रुपए बिना बेड के भुगतान करना होगा।

**इन नंबरों पर भी कर सकते हैं जानकारी**- सीआरएम अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिये कार्यालय के मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# 24 मृतक आश्रितों को दिया गया नियुक्ति पत्र

- बाल विकास सेवा व पुष्टाहार विभाग में मिली नियुक्ति
- 23 आश्रितों को कनिष्ठ सहायक व एक को चतुर्थ श्रेणी के पद पर दी गई तैनाती
- कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या ने प्रदान किया नियुक्ति पत्र

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** बाल विकास सेवा व पुष्टाहार विभाग में शनिवार को 24 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या ने इन्हें नियुक्ति पत्र दिया।

माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश के क्रम में शनिवार को कैबिनेट मंत्री, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, बेबी रानी मौर्या द्वारा विभाग के 24 मृतक आश्रितों को सरकारी सेवा में नियोजित किये जाने के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।विभागीय नियमानुसार 23 आश्रितों को कनिष्ठ सहायक एवं 01 को चतुर्थ श्रेणी के पद पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तैनाती प्रदान की गयी। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या ने सभी अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रतिबद्धता, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करने व जनहित पर जोर दिया। नियुक्ति पत्र पाकर सभी अभ्यर्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए माननीय मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री व विभाग के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर निदेशक संदीप कौर, अपर निदेशक (वित्त) अमर सिंह, उपनिदेशक डॉ. अनुपमा शांडिल्य आदि की उपस्थिति रही।

# थप्पड़ मारने के मामले में कैब चालकों ने थाने पर किया हंगामा

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** आशियाना इलाके में एक सप्ताह पूर्व महिला द्वारा कैब चालक को थप्पड़ मारने के मामले में कार्रवाई न होने से नाराज सैकड़ों कैब चालकों ने शनिवार को आशियाना थाने का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया।

मालूम हो कि आशियाना थाना क्षेत्र के पकरी के पुल के पास बीते 28 दिसम्बर को कैब चालक की कार में स्कूटी सवार मां-पुत्री ने टक्कर मार दी थी। चालक सुनील शर्मा ने जब विरोध किया तो मां ने चालक को कई थप्पड़ मारे थे। कैब चालक की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली लेकिन आरोपी महिला के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

इससे नाराज कैब चालकों ने शनिवार को राष्ट्रवादी ड्राइवर यूनियन शक्ति के बैनर तले थाने पर विरोध प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। विरोध कर रहे चालकों ने पुलिस पर मामूली धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने का आरोप लगाया। वहीं पुलिस ने जबरन कैब चालक की कार खड़ी करवा ली थी ताकि चालक समझौता कर ले। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन सिंह ने बताया कि वार्ता दौरान थाना प्रभारी ने मामले में जांच और धाराओं की बढ़ोत्तरी के लिए 24 घंटे का समय मांगा है।



■ कैब चालक को थप्पड़ मारने वाली महिला पर नहीं हुई कड़ी कार्रवाई, नाराज चालकों ने घेरा थाना

## लखनऊ में पद पर तैनाती पाने को अधिकारी काट रहे चक्कर

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी (रीजनल स्पोर्ट्स ऑफीसर, आरएसओ) लखनऊ के पद पर तैनाती पाने को खेल विभाग के अधिकारी शासन के अधिकारियों को नव वर्ष की बधाई देने के साथ पैर छूना भी शुरू कर दिया है। कारण यह है कि आरएसओ, लखनऊ का पद पाने वाले को कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के मलाईदार पद प्रधानाचार्य का अतिरिक्त प्रभार मिल जाता है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अभी यह बता पाना मुश्किल है कि इस पद पर किस की तैनाती होगी। बीते 31 दिसंबर को अजय कुमार सेठी आरएसओ के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इनके पास स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य का भी पद था। अब दोनों ही पद खाली पड़े हैं।

# 30 रुपये के विवाद में सैलून संचालक ने सर्राफ के बेटे के पेट में घोंपी कैंची

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मड़ियांव अंतर्गत गायत्री नगर में 30 रुपये के विवाद में सैलून संचालक ने सर्राफ के बेटे के पेट में कैंची घोंप दी। आंत फटने से युवक बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घायल को बचाने पहुंचे भाई पर भी आरोपियों ने उस्तरे से हमला किया। चीख पुकार सुनकर आसपड़ोस के लोग मदद के लिए दौड़े। घायल को केजीएमयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

गायत्री नगर निवासी देवी सहाय सोनी की रामलीला मैदान के पास शिवम ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। घर के पास ही अनमोल और उसका भाई चंद्रशेखर सैलून की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार सुबह देवी सहाय सैलून की दुकान पर पहुंचे। नाई अनमोल को उन्होंने दाढ़ी बनाने और बालों में डाई लगाने के लिए 20 रुपये दिए थे। दूसरे कस्टमर के बैठे होने के चलते वे देर होने की बात कहकर दुकान चले गए। शाम को वापस लौटने पर उन्होंने अनमोल से बालों में डाई लगाने को कहा। इस पर अनमोल ने 20 की जगह 30 रुपये मांगे। अचानक से रुपये बढ़ाने की बात को लेकर उनके बीच बहस हो गई। नाई और सर्राफ के बीच बहस होती देख स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर दोनों को अलग कर दिया। रात करीब 9 बजे बेटे शिवम और सोनू सोनी घर लौटे। पिता से झगड़े का पता चलने पर सोनू नाई की दुकान पर पहुंचा। झगड़े का कारण पूछने पर अनमोल और उसका भाई चंद्रशेखर ने सोनू से गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान शिवम भी वहां पर आ गया। सोनू ने बताया कि बहस के बीच अनमोल और चंद्रशेखर मारपीट करने लगे।

इसी दौरान अनमोल ने उस्तरे से शिवम के हाथ पर वार किया। साथ ही चंद्रशेखर ने दुकान से कैंची निकाल कर सोनू के पेट में घोंप दी। आंत फटने से वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। सूचना पर देवी सहाय भी पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी अनमोल और चंद्रशेखर भाग निकले। आनन-फानन में सोनू को गम्भीर हालत में केजीएमयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही आरोपित अनमोल और चंद्रशेखर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बांग्लादेश और कजाकिस्तान के साथ भिड़ेंगे भारत के धुरंधर




■ पहले दिन ही उज्बेकिस्तान ने मेजबान भारत को दी शिकस्त

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** पहली बार लखनऊ में आयोजित की जा रही आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल (कांटिनेंटल फेज - एशिया) में मेजबान भारत को हार का सामना करना पड़ा। भारत की यूथ अंडर-18 और जूनियर अंडर-20 दोनों ही टीमें संघर्षपूर्ण मुकाबले में मैच गंवा बैठी। दोनों ही मुकाबलों में उसे उज्बेकिस्तान के हाथों शिकस्त मिली। इन मुकाबलों से पूर्व कजाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर आज दोनों ही वर्गों में जीत के साथ अभियान की शुरू किया।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय क्रीड़ा संकुल में आयेजित चैंपियनशिप के पहले दिन यूथ अंडर-18 में उज्बेकिस्तान ने भारत को 47-34 से हराया। मैच में मेहमान टीम ने मध्यांतर तक 23-17 से बढ़त बना ली थी। उज्बेकिस्तान ने उम्दा विंग अटैक व दमदार डिफेंस का सहारा लिया और खेल के आगे बढ़ने के साथ तेजतर्रार आक्रमण किए। हालांकि भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने उम्दा रणनीति अपनाई और बखूबी बचाव व साथ में अटैक भी किया, लेकिन उज्बेकिस्तान के खिलाड़ियों ने अपनी लंबाई का बखूबी इस्तेमाल किया और जीत दर्ज की। उज्बेकिस्तान से नूरसुल्तान बोजोरबोव ने सर्वाधिक 10 गोल दागे। भारत की ओर से मनीष यादव ने सबसे ज्यादा 11 गोल किए। रवि, प्रवीण गिल ने 5-5, अंशु और सुयश अवस्थी ने 4-4 गोल किए।

### भारतीय जूनियर टीम भी हारी

भारतीय जूनियर अंडर-20 टीम को भी हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला उज्बेकिस्तान की जूनियर टीम ने 46-36 से जीता। राखत जोल्दास्बाएव ने सबसे ज्यादा 11 गोल किए। भारत की ओर से अजय मोयाल ने सर्वाधिक 12, जसप्रीत सिंह व मनदीप ने 7-7 गोल किए। चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि मोनिका एस गर्ग (आईएएस, कृषि उत्पादन आयुक्त) और विशिष्ट अतिथि सुधीर गर्ग (संरक्षक, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन) ने भारत और उज्बेकिस्तान की यूथ टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन की अध्यक्ष अलका दास ने की। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन) ने आभार जताया। इस मौके पर खेल निदेशक डॉ.आरपी सिंह, हैंडबॉल एसोसिशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह मौजूद रहे।

# 17 दिन बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष समेत 24 के दर्ज हुए बयान, अन्य को भेजी नोटिस

## प्रभात पांडेय की मौत का मामला

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ता प्रभात पांडेय की मौत के मामले में अभी तक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत सिर्फ 24 लोगों ने ही बयान दर्ज करवाए हैं। नोटिस मिलने के बाद भी अभी कई लोगों ने अपना बयान दर्ज नहीं कराया है। जांच कर रही एसआईटी टीम उक्त सभी लोगों को दोबारा नोटिस (रिमाइंडर) भेजने की तैयारी कर रही है। इसके बाद भी बयान के लिए हाजिर न होने वालों पर हुसैनगंज पुलिस कानूनी कार्यवाही करेगी। साथ ही विसरा जांच के लिए एसआईटी ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला को दोबारा पत्र लिखकर रिमाइंडर भेजा है।

कांग्रेस कार्यालय में 18 दिसंबर को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में प्रदर्शन हुआ था। प्रदर्शन में शामिल होने के लिए गोरखपुर निवासी प्रभात पांडेय भी पहुंचा था। प्रदर्शन शुरू होने के बाद प्रभात कार्यालय के अंदर गया। इसके कुछ देर बाद उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी।

मृतक के चाचा मनीष कुमार पांडेय ने हुसैनगंज कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ न होने पर विसरा विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया था। इस मामले की जांच के लिए एसआईटी टीम का गठन किया गया था। एसआईटी टीम में शामिल हुसैनगंज कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित करीब समेत 24 लोगों ने अपने बयान दर्ज करवाए हैं। जो लोग अपने बयान दर्ज करवाने नहीं आए है उन्हें जल्द ही एसआईटी दोबारा नोटिस भेजेगी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही विसरा जांच के लिए एफएसएल को दोबारा रिमाइंडर नोटिस भेज दिया है। साथ ही डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने भी उच्च प्राथमिकता के आधार पर विसरा जांच कर रिपोर्ट भेजने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला को पत्र लिखा है।

# मां की मौत के बाद पड़ोसी की छत पर रात गुजारने को मजबूर बच्चे

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** मां का साया सिर से क्या उठा बच्चे दो जून की रोटी को मोहताज हो गए। इस कड़कड़ाती सर्दी में बच्चों के पास सिर छुपाने के लिए छत तक नहीं है। दर-दर भटक रहे बच्चों पर हालात की मार ऐसी पड़ी कि उनको पड़ोसी की छत पर तिरपाल डालकर गुजारा करना पड़ रहा है। शुक्रवार को जब बच्चों की स्थिति से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो एसडीएम हरकत में आए और बच्चों के लिए भोजन से लेकर रहने तक का प्रबंध कराया।

मामला गोसाईगंज क्षेत्र में गंगागंज का है। नगर पंचायत अमेठी के निकट कजियाना वार्ड निवासी सायबा (13) फारूख (8) इमाम (6) नूरसा (3) इस कडकड़ाती ठंड में पड़ोसी की छत पर तिरपाल डाल कर रात गुजारने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों की यह स्थिति मां रूबी की मौत के बाद हुई। जब रूबी जिंदा थी तो जैसे-तैसे पति अकील अहमद जो कि नशे का आदि है, से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास के लिए आवेदन कराया। लेकिन नगर पंचायत अधिकारियों की लचर कार्य शैली के चलते पात्र होते हुए भी उन्हें आवास नहीं मिला। इस बीच रूबी की मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों के पिता नशे का आदि होने के कारण उनका भरण पोषण भी नहीं कर पा रहा है। ऐसे में बच्चे दो जून की रोटी के लिए भी मोहताज हो गए। वहीं इस भीषण ठंड में उनको स्थाई छत भी नहीं नसीब हुई। ऐसे में गरीब पड़ोसी ने बच्चों को घर की छत पर त्रिपाल के नीचे रहने का सहारा दिया।

# एसबीआई की इस स्कीम से हर घर होगा लखपति

- बच्चों और बुजुर्गों के लिए बहुत कुछ खास

**अवधनामा ब्यूरो**




**लखनऊ।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अपने ग्राहकों को लखपति बनाने के लिए एक सुनहेरा प्लान लेकर आया है। बैंक निम्न मध्यवर्गीय और उससे ऊपर की आय वाले परिवार वाले लोगों के भविष्य की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए खास RD स्कीम लाया है। इस योजना का नाम भी हर घर लखपति रखा गया है। इसके अलावा 80 साल से ज्यादा उम्र वाले बुजुर्गों के लिए बैंक SBI पैट्रन नाम से एक नई योजना लेकर आया है। शुक्रवार को प्रेस रिलीज के जरिए इन दोनों स्कीम की जानकारी दी गई.

**क्या है हर घर लखपति योजना**- इस योजना के तहत कस्टमर खास तरह से खास राशि को जमा कर सकता है और तय समय में एक लाख या छोटी-छोटी किश्तों में अमाउंट जमा कर सकता है। यह योजना बच्चों में शुरू से ही बचत की आदत डालने और फाइनेंशियल प्लानिंग की ट्रेनिंग देने के लिए तैयार की गई है।

**80 साल से अधिक के बुजुर्गों को मिलेगा ज्यादा ब्याज**- SBI पैट्रन स्कीम को खास तौर पर बुजुर्गों के लिए तैयार किया गया है। यह फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम (FD scheme) बैंक के नए और पुराने दोनों कस्टमर्स के लिए है। एसबीआई अधिकारियों के मुताबिक इन स्कीम्स का मकसद इनोवेशन के जरिए डिपॉजिट के मामले में बाजार में अपनी लीडरशिप को बनाए रखना है। स्क्ब्ढ के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने बताया कि बैंक का मकसद गोल आधारित फाइनेंशियल प्रॉडक्ट तैयार करना है, जो केवल फाइनेंशियल रिटर्न को ही नहीं बढ़ाए, बल्कि कस्टमर के सपनों को पंख लगाने में मदद करे। साथ ही कहा कि ट्रेडिशनल बैंकिंग के दायरे में ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल करके वे इसे अधिक असरदार बनाना चाहते हैं। साथ ही कहा कि भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए उनका ये कदम न सिर्फ लोगों को इनोवेशन और टेक्नोलॉजी की ओर आगे बढ़ाएगा बल्कि लोगों लोगों की कई स्तर पर मदद भी करेगा।